राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 18 .मार्च 2026
वर्ष 07,अंक 165, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

रोजगार सेवक की आत्महत्या पर गरमाई सियासतः अजय राय ने परिजनों से की मुलाकात...03

प्रधानमंत्री मोदी के आपत्तिजनक वीडियो मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला...12

# आरएसएस पर प्रतिबंध की सिफारिशः अमेरिकी आयोग बोला- भारत में धार्मिक आजादी की स्थिति ख़राब

ब्यूरो प्रयागराज। अमेरिका की एक सरकारी संस्था धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की सिफ़ारिश की है। यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम यानी यूएस सीआईआरएफ़ ने अपनी 2026 की सालाना रिपोर्ट में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को सिफारिश की है कि संघ पर लक्षित प्रतिबंध लगाए जाएं। ये प्रतिबंध आरएसएस की संपत्ति जब्त करने और उसके सदस्यों को अमेरिका में एंट्री रोकने जैसे हो सकते हैं। यह सिफारिश इसलिए की गई है क्योंकि कमीशन का मानना है कि आरएसएस भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार है और ऐसे उल्लंघनों को बर्दाश्त करता है। आरएसएस बीजेपी का पैतृक संगठन है, जिसकी सरकार केंद्र में है।

कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट किया और कहा है कि अमेरिका की सरकारी संस्था USCIRF ने ट्रंप सरकार से अमेरिका में ऋस्स् पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। कांग्रेस के मुताबिक, इस संस्था का कहना है कि RSS धार्मिक स्वतंत्रता के लिए खतरा पैदा करता है और धर्म के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देता है। अपने ट्वीट में कांग्रेस ने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल ने भारत में RSS पर प्रतिबंध लगा दिया था। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि मनुस्मृति के आधार पर देश चलाने की वकालत करने वाला RSS संविधान के खिलाफ है और देश की एकता तथा भाईचारे के लिए खतरा है।

यूएससीआईआरएफ़ एक स्वतंत्र और डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों पार्टियों का समर्थन करने वाला अमेरिकी सरकारी आयोग है। इसे 1998 में बने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता कानून के तहत बनाया गया। यह आयोग दूसरे देशों में धर्म की आजादी या आस्था की स्वतंत्रता की निगरानी रखने का काम करता है। इसका मतलब, यह देखना कि कहीं पर लोगों को उनके धर्म मानने, पूजा करने या विश्वास रखने से रोका तो नहीं जा रहा। इसका काम अमेरिका के राष्ट्रपति, विदेश मंत्री और कांग्रेस को सलाह देना भी है कि क्या नीतियां बनानी चाहिए ताकि दुनिया में धर्म की आजादी बढ़े। ये सलाह कितनी अच्छी तरह लागू हो रही है, उसकी भी जांच करना इसका काम है। कुल 9 सदस्य यानी कमिश्नर होते हैं। इनकी नियुक्ति राष्ट्रपति या कांग्रेस के दोनों पार्टियों के नेता करते हैं। ये लोग किसी एक पार्टी के नहीं होते, बल्कि दोनों पार्टियों से आते हैं।



यूएससीआईआरएफ़ की 2026 एनुअल रिपोर्ट मार्च की शुरुआत में जारी हुई। यह रिपोर्ट 2025 में दुनिया भर में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति पर आधारित है। इसके साथ ही सिफारिशें की गई हैं। ये सिफारिशें बाध्यकारी नहीं होतीं, लेकिन अमेरिकी नीति पर असर डाल सकती हैं।

यह सातवीं बार है जब कमीशन ने भारत को 'कंट्री ऑफ पार्टिकुलर कंसर्न' यानी सीपीसी घोषित करने की सिफारिश की है। सीपीसी वो देश होते हैं जहां धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर, लगातार और बड़े उल्लंघन होते हैं। इस बार कुल 18 देशों को सीपीसी बनाने की सिफारिश है, जिसमें अफगानिस्तान, चीन, ईरान, पाकिस्तान, रूस जैसे देश शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति और बिगड़ी। सरकार ने धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिम और ईसाई को निशाना बनाने वाले नए क़ानून बनाए और लागू किए। मस्जिदों, गिरजाघरों और अन्य धार्मिक स्थलों पर हमले सहन किए गए।

रिपोर्ट में कहा गया कि हिंदू राष्ट्रवादी भीड़ों ने मुस्लिम और ईसाईयों पर हमले किए, हिंसा भड़काई और उन्हें परेशान किया, लेकिन पुलिस ने ज्यादातर मामलों में कुछ नहीं किया। कई राज्यों में गोहत्या कानूनों के नाम पर मुस्लिमों पर हमले हुए।12 राज्यों में एंटी-कन्वर्जन कानून हैं, जिन्हें 2025 में और सख्त बनाया गया। इनमें जेल की सजा बढ़ाई गई और 'धार्मिक कन्वर्जन' की परिभाषा चौड़ी की गई।

उमर खालिद, शरजील इमाम जैसे सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों को 5 साल से बिना ट्रायल जेल में रखा गया।मार्च 2025 में महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग पर दंगे हुए, जिसमें दर्जनों घायल हुए।जून में ओडिशा में 20 ईसाई परिवारों पर हमला हुआ क्योंकि उन्होंने हिंदू बनने से मना किया।अप्रैल में कश्मीर में पर्यटकों पर हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए। इसके बाद भारत में मुस्लिमों पर हमले बढ़े।

मई में 40 रोहिंग्या शरणार्थियों (जिनमें 15 ईसाई थे) को समुद्र में फेंक दिया गया, जो तैरकर बर्मा के किनारे गये।जुलाई में असम से सैकड़ों बंगाली मुस्लिमों को बांग्लादेश भेज दिया गया, भले ही वे भारतीय नागरिक थे। वक्फ बिल पास हुआ, जिसमें वक्फ संपत्ति पर गैर-मुस्लिमों को शामिल किया गया। इससे पश्चिम बंगाल में दंगे हुए, 3 लोग मारे गए। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई।उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड ख़त्म कर दिया गया और अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थानों को राज्य नियंत्रण में लाया गया।

भारत सरकार ने अभी इस रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन पिछले साल यानी मार्च 2025 में आई ऐसी ही रिपोर्ट पर विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यूएससीआईआरएफ़ की रिपोर्टें पक्षपाती और राजनीतिक रूप से प्रेरित होती हैं। यह रिपोर्ट भारत में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, क़ानूनों के इस्तेमाल और हिंसा पर अंतरराष्ट्रीय ध्यान खींच रही है। अगर अमेरिका इन सिफारिशों पर अमल करता है तो भारत-अमेरिका संबंधों पर असर पड़ सकता है, जैसे सुरक्षा सहायता या व्यापार। लेकिन अभी ये सिर्फ सिफारिशें हैं। यह मुद्दा धार्मिक आजादी, मानवाधिकार और राजनीति से जुड़ा है। दुनिया भर में इस पर बहस जारी है।

## लोकसभा में 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा, स्पीकर पर कागज फेंकने पर हुए थे सस्पेंड



ब्यूरो प्रयागराज। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को सदन में बड़ा फैसला सुनाया. बजट सत्र के दौरान निलंबित किए गए 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है. ये सांसद फरवरी में सदन में हंगामा और अनुशासनहीन व्यवहार के आरोप में पूरे सत्र के लिए सस्पेंड किए गए थे. सांसदों का निलंबन रद्द किए जाने पर कांग्रेस सांसद के सुरेश ने कहा, 'स्पीकर ने कुछ निर्देश दिए हैं और संसदीय कार्य मंत्री ने भी सदन की मर्यादा और अनुशासन का जिक्र किया. अब यह निर्णय लिया गया है कि निलंबित सदस्यों का निलंबन आज ही वापस लिया है.'स्पीकर ने कहा कि सोमवार को सभी दलों की बैठक में ये सहमति बनी थी कि सदन की गौरवशाली परंपरा बनाए रखने के लिए सभी सांसद मिलकर सहयोग करेंगे. उन्होंने खासतौर पर आग्रह किया कि संसद परिसर में ,ढ्ढ जेनरेटेड फोटो, अपमानजनक प्लेकार्ड, फेक इमेज या नारे नहीं लगाए जाएं. स्पीकर ने कल ही एक बुलेटिन जारी किया था, जिसमें ये निर्देश दिए गए थे।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में प्रस्ताव रखा कि इन सांसदों का निलंबन वापस लिया जाए. प्रस्ताव पर चर्चा हुई, जिसमें विपक्ष की तरफ से सुप्रिया सुले ने कहा कि कल की मीटिंग में 1 घंटे तक बात हुई और सबको बोलने का मौका मिला. उन्होंने कहा, 'हम यहां गाली देने नहीं आए, देश की सेवा करने आए हैं. आप हमें न्याय दीजिए, हम आपके साथ काम करने को तैयार हैं.' उन्होंने लक्ष्मण रेखा का सम्मान करने और सदन सुचारु चलाने पर जोर दिया।

धर्मेंद्र यादव ने के सुरेश के प्रस्ताव का समर्थन किया और निशिकांत दुबे का नाम लेकर कहा कि पहले आपको सुधार करना होगा. इसके बाद निशिकांत दुबे खड़े हुए और बोले कि उन्होंने कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया. उन्होंने कहा, 'माफी मांगें या साबित करें.' यहां हल्का हंगामा हुआ. केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि ताली दोनों हाथ से बजती है. उन्होंने के सुरेश से कहा कि कल की बैठक में जो फैसला हुआ, उसे पूरी तरह कहें, आधा-अधूरा नहीं।

किरेन रिजिजू ने कहा कि स्पीकर अगर पहल करें और विपक्ष बात करने को तैयार रहे, तो सरकार हमेशा तैयार है. उन्होंने लक्ष्मण रेखा खींचने पर जोर दिया और विपक्ष से स्पष्टीकरण मांगा कि स्पीकर की रूलिंग मानेंगे या नहीं. स्पीकर ओम बिरला ने सभी दलों की प्रतिबद्धता का जिक्र किया और सदन की पवित्रता बनाए रखने की अपील की. प्रस्ताव पर मतदान हुआ और स्पीकर ने घोषणा की, 'प्रस्ताव पारित हुआ. निलंबन तुरंत प्रभाव से समाप्त किया जाता है'।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कांग्रेस के तुर्की ऑफिस दावे पर विवादः दिल्ली हाइकोर्ट ने अर्नब गोस्वामी और रिपब्लिक टीवी को भेजा समन



प्रयागराज। दिल्ली हाइकोर्ट ने मंगलवार को मानहानि मामले में अर्नब गोस्वामी और रिपब्लिक टीवी को समन जारी किया। यह मामला भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (Congress) द्वारा दायर किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि चैनल ने प्रसारण में पार्टी का तुर्की में अंतरराष्ट्रीय कार्यालय होने का गलत दावा किया। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस मिनी पुष्कर्णा ने फिलहाल कोई अंतरिम राहत देने से इनकार किया और केवल अस्थायी निषेधाज्ञा की मांग पर नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि वाद को दर्ज किया जाए और प्रतिवादियों को समन सभी माध्यमों से भेजे जाएं। साथ ही 30 दिनों के भीतर लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया। सुनवाई के दौरान कांग्रेस की ओर से पेश एडवोकेट मोहम्मद अली खान ने दलील दी कि कथित सामग्री लगातार उनकी छवि को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा, 'भले ही इसे गलत माना जाए, लोग अब भी इस पर चर्चा कर रहे हैं, जिससे नुकसान जारी है। 'यह विवाद पिछले वर्ष मई में प्रसारित एक कार्यक्रम से जुड़ा है, जिसमें दावा किया गया कि तुर्की के इस्तांबुल कांग्रेस सेंटर को कांग्रेस पार्टी का अंतरराष्ट्रीय कार्यालय बताया गया। बाद में इस मामले में FIR भी दर्ज की गई, जिसमें अमित मालवीय का नाम भी शामिल था। हालांकि, बाद में रिपब्लिक टीवी ने इस त्रुटि के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए कहा कि तकनीकी गलती के कारण एक गलत तस्वीर का उपयोग हो गया, जिसका वास्तविक संदर्भ से कोई संबंध नहीं था। चैनल के अनुसार यह त्रुटि लाइव कार्यक्रम के बाद डिजिटल मंच पर हुई और जानकारी मिलते ही इसे सुधार लिया गया। इससे पहले कर्नाटक हाइकोर्ट ने 22 मई, 2025 को इस मामले में दर्ज स्नढ्डक्र की आगे की जांच पर अंतरिम रोक लगाक्र थी। अब इस मानहानि मामले की अगली सुनवाई 19 मई को निर्धारित की गई।

## हरीश राणा को अब पानी देना भी बंद, माता-पिता को साथ रहने की मिली अनुमति

● एम्स ने हरीश राणा को पानी देना भी बंद किया।

● माता-पिता को पैलिएटिव केयर सेंटर में साथ रहने की अनुमति।

● वकील ने इसे 13 साल के संघर्ष का मानवीय अंत बताया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। हरीश राणा के इच्छामृत्यु मामले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। AIIMS के सूत्रों के अनुसार, मंगलवार से उन्हें पानी देना भी बंद कर दिया गया है।



**लाइफ सपोर्ट और फीडिंग सिस्टम को पहले ही हटाया**

इससे पहले, उनके लाइफ सपोर्ट और फीडिंग सिस्टम को पहले ही हटा दिया गया था। इस बीच, एक मानवीय कदम के तौर पर, एम्स प्रशासन ने उनके माता-पिता निर्मला देवी और अशोक राणा को पैलिएटिव केयर सेंटर के ही एक बगल वाले कमरे में रहने की अनुमति दे दी है।

**हरीश राणा के वकील क्या कहा?**

बता दें कि गाजियाबाद के हरीश राणा की ओर से, इच्छामृत्यु (euthanasia) जैसे संवेदनशील और ऐतिहासिक मुद्दे से जुड़े एक मामले में पैरवी करने वाले वकील मनीष जैन सोमवार को अपने पैतृक गांव, शामली के कंडेला पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस मामले में अदालत ने न केवल कानून को, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी महत्व दिया है। यह फैसला भविष्य में उन हज़ारों परिवारों के लिए राह खोलेगा, जिनके अपने लोग लाइलाज बीमारियों से जूझ रहे हैं।



**'एक परिवार के 13 साल लंबे संघर्ष का अंत'**

एक बेटे को 13 साल तक वेंटिलेटर पर जिंदा रखना और दिन-ब-दिन उसकी तकलीफ को देखना किसी भी इंसान के लिए एक अत्यंत कष्टदायक और असहनीय अनुभव होता है। इस फैसले ने एक पिता को मानसिक शांति और एक बेटे को दर्द से मुक्ति दिलाई। इसी में उनकी असली जीत निहित है। 'पैसिव इच्छामृत्यु' (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) के लिए अदालत से अनुमति प्राप्त करके, उन्होंने एक परिवार के 13 साल लंबे संघर्ष का अंत किया।

## सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं 3500 से ज्यादा जनहित याचिकाएं, एक तो 42 साल पुरानी

ब्यूरो प्रयागराज। सुप्रीम कोर्ट , मुख्य रूप से संवैधानिक व्याख्या और तत्काल आपराधिक अपीलों के मामलों के लिए जिम्मेदार है। हालांकि, देश की सर्वोच्च अदालत में अभी 3,500 से अधिक जनहित याचिकाओं का बोझ है। इनमें से 698 याचिकाएं 10 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। सबसे पुरानी याचिका पर 42 वर्षों से कोई फैसला नहीं हुआ है। विधि मंत्रालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, इनमें से अधिकांश जनहित याचिकाएं पर्यावरण, भूमि कानून और कृषि मामलों से जुड़ी हैं। संवैधानिक कोर्ट में सबसे अधिक 570 जनहित याचिकाएं 2025 में स्वीकार की गईं। इससे शीर्ष अदालत में 80,000 से अधिक केस का बोझ और बढ़ गया। पिछले पांच साल में सर्वोच्च न्यायालय 1,872 जनहित याचिकाओं का निपटारा करने में सफल रहा है, लेकिन यह लंबित मामलों को निपटाने के लिए पर्याप्त नहीं है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पिछले हफ्ते लोकसभा को सूचित किया कि 10 मार्च तक सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित जनहित याचिकाओं की कुल संख्या 3,525 है। जनहित याचिकाओं के निपटारे में लगने वाला औसत समय ज्ञात नहीं है।

## धोती पहने युवक ने क्यों की जान देने की कोशिश? यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड के ऑफिस में ज्वलनशील पदार्थ लेकर पहुंचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लखनऊ। स्टेशन रोड स्थित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के कार्यालय में मंगलवार की सुबह बुलंदशहर निवासी एक युवक ज्वलनशील पदार्थ की बोतल लेकर आत्मदाह करने पहुंच गया। उसने आरोप लगाया कि हाल ही में नागरिक पुलिस की दारोगा भर्ती परीक्षा में पंडित शब्द को अवसरवादी से जोड़ कर पूछे गए सवाल से ब्राह्मण समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उसने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ छिड़कना शुरू कर दिया। यह देख सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और हुसैनगंज पुलिस को सौंपा है।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि सुबह धोती और अंगवस्त्र पहनकर एक युवक भर्ती बोर्ड के कार्यालय में पहुंचा था। वह अंदर गया और एक बोतल में पहले से अपने पास मौजूद ज्वलनशील पदार्थ अपने ऊपर छिड़कने लगा।

सुरक्षा में तैनात पुलिस जवानों ने तत्काल उसे पकड़ लिया और सूचना हुसैनगंज थाने को दी गई। मौके पर पहुंची हुसैनगंज पुलिस ने युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम बुलंदशहर निवासी दीपक शर्मा बताया। दीपक का आरोप है कि बार-बार ब्राह्मणों को प्रताड़ित किया जा रहा है इससे परेशान होकर वह भर्ती बोर्ड में अग्नि समाधि लेने जा रहा था। कई बार शिकायत करने पर जब कार्रवाई नहीं हुई तो उसने आत्मदाह का फैसला किया था। एसीपी ने बताया कि बुलंदशहर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है। वहां से टीम आने के बाद उसे सौंप दिया जाएगा। फिलहाल कोई तहरीर नहीं आई है।

**14 मार्च को हजरतगंज कोतवाली में दी थी शिकायत**

दीपक ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर उसने 14 मार्च को हजरतगंज थाने में ज्ञापन सौंपकर शिकायत दी थी। इसके बावजूद सुनवाई नहीं हुई। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह का कहना है कि प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। उनके निर्देश पर ही कार्रवाई की जाएगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर लगातार लापरवाही और अव्यवस्थाओं के चलते चर्चा में रहने वाले सिधौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में आखिरकार उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिससे अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने ईटीसी वार्ड में गंदगी पाए जाने पर गहरी नाराजगी जताई और संबंधित जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से लॉन्ड्री कर्मचारी का वेतन काटने के निर्देश दिए, साथ ही अस्पताल की खराब लिफ्ट को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने का आदेश भी दिया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हालांकि, निरीक्षण के बाद स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को लेकर कई गंभीर सवाल सामने आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, प्रसूताओं को आवश्यक सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। कई मामलों में बेडशीट की उपलब्धता नहीं होने, नाश्ता व भोजन व्यवस्था के कमजोर होने की शिकायतें सामने आई हैं।



इसके अतिरिक्त, डिलीवरी के नाम पर अवैध धन की मांग किए जाने तथा बिना पैसे प्रसूताओं के साथ दुर्व्यवहार किए जाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए जा रहे हैं, जो स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं।

इसी बीच स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि सीएचसी अधीक्षक का व्यवहार पत्रकारों और मरीजों के साथ अक्सर अहंकारपूर्ण रहता है, जिससे संवाद की स्थिति और अधिक प्रभावित होती है। स्थानीय नागरिकों व मरीजों के परिजनों ने उपमुख्यमंत्री से अपील की है कि वे केवल निरीक्षण तक सीमित न रहें, बल्कि पीड़ितों से सीधे संवाद कर वास्तविक स्थिति का संज्ञान लें और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या इस औचक निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा या फिर व्यवस्थाएं पहले की तरह ही बनी रहेंगी।

## गाजियाबाद में मासूम की दुष्कर्म के बाद सिर में ईंट मारकर हुई थी हत्या, शरीर पर आई थी 11 जगह चोटें

गाजियाबाद। नंदग्राम थानाक्षेत्र में चार साल की मासूम बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी। आरोपित ने बच्ची को इसलिए मार दिया कहीं वह उसके बारे में किसी को बता न दे। आरोपित बच्ची के घर के सामने रहता था इसलिए वह टाफी दिलाने के बहाने आसानी से बहलाकर अपने साथ ले गया। घर से करीब आधा किमी दूर नूरनगर जाने वाले कच्चे रास्ते पर उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची के सिर में ईंट मारकर हत्या कर दी। इसके बाद वापस घर आ गया। तब तक बच्ची की तलाश हो रही थी। वह खुद भीड़ को घटनास्थल के पास ले गया था। बच्ची बेसुध मिलने पर स्वजन उसे अस्पताल लेकर गए। बाद में पुलिस को स्वजन ने बताया कि गौरव प्रजापति नामक युवक पर उन्हें शक है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बच्ची की हत्या किया जाना स्वीकार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित गौरव प्रजापति ड्रग्स का आदी है। उसकी पत्नी भी उसके साथ नहीं रहती है। सोमवार शाम भी उसने नशा किया हुआ था। इसी बीच उसने घर के बाहर खेल रही चार साल की बच्ची को टाफी दिलाने की बात कही। बच्ची उसे जानती थी इसलिए वह उसके साथ चल दी।

## सौतेले पिता ने छह साल की बेटी से दुष्कर्म कर की हत्या, ग्रेटर नोएडा में सनसनी

» दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर बच्ची की हत्या कर दी।

» पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली इलाके में, एक किराए के मकान में रहने वाले सौतेले पिता ने अपनी छह साल की सौतेली बेटी के साथ बलात्कार किया और उसके बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इस जघन्य अपराध को छिपाने के लिए, आरोपी चुपचाप बच्ची का अंतिम संस्कार करने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच, पड़ोसियों से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लिया और आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। बच्ची की मां द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के आधार पर, आरोपी के खिलाफ बलात्कार और हत्या से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी बलात्कार की पुष्टि हुई है।

**आरोपी शाहजहांपुर का रहने वाला**

पुलिस के मुताबिक, आरोपी जो मूल रूप से शाहजहांपुर का रहने वाला है। सूरजपुर कस्बे में अपनी दूसरी पत्नी और दो सौतेली बेटियों के साथ एक किराए के मकान में रहता था और एक स्थानीय फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को, आरोपी ने अपनी छह साल की सौतेली बेटी के साथ बलात्कार किया और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

उसने अपनी पत्नी और दूसरों से अपने कुकर्मों को छिपाने की कोशिश की, और शव का गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार करने की तैयारी करने लगा। इसी दौरान, पड़ोसियों द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बलात्कार और हत्या दोनों की पुष्टि हो गई। पुलिस ने मृत बच्ची की मां द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एडीसीपी आर.के गौतम ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और सोमवार को उसे अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दोनों पहले से शादीशुदा**

पुलिस के अनुसार, आरोपी की मुलाकात उस महिला से पंजाब में हुई थी, जो बिहार की रहने वाली है। दोनों वहां एक ही फैक्ट्री में साथ काम करते थे। दोनों ही व्यक्ति पहले से शादीशुदा थे। जैसे-जैसे उनके बीच नजदीकियां बढ़ीं, उसने अपनी पहली पत्नी को छोड़ दिया और महिला ने अपने पहले पति को छोड़ दिया। महिला अपनी दो मासूम बेटियों को साथ लेकर आरोपी के साथ ग्रेटर नोएडा आ गई। यहां, उन्होंने सूरजपुर कस्बे में एक कमरा किराए पर लिया और साथ रहने लगे। इसी जगह पर आरोपी ने अपनी सौतेली बेटी के साथ वह जघन्य कृत्य किया और उसकी हत्या को अंजाम दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### विकासखंड परिसर में संपन्न हुआ होली मिलन समारोह



**बलरामपुर** – हरैया सतधरवा बलरामपुर आज जनपद बलरामपुर के विकासखंड हरैया सतधरवा के परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन ब्लॉक प्रमुख अविरल सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ । पूर्व सदर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू भैया ने बताया कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का त्यौहार है उन्होंने बताया कि इस होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य हम सभी को एक साथ रहकर सारे गिले शिकवे भुला कर इकट्ठा होने के लिए तथा त्यौहार को समुचित ढंग से मनाने का अवसर है। कार्यक्रम में वहां पर मौजूद रहे सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रहे पूर्व सदर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह के संचालन में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मौजूद रहे क्षेत्र के पूर्व प्रधान लालपुर बिशनपुर राजेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रधान संतोष कुमार वर्मा, प्रधान रेवती रमण तिवारी, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता बुद्ध सागर मणि त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय यादव, प्रधान जुम्मनडीह जगदंबा पचहड़ा ,क्षेत्रपंचायत पंचायत सदस्य अर्जुन प्रसाद वर्मा ,क्षेत्र पंचायत सदस्य अमरकांत वर्मा, तथा क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान , क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा विकासखंड परिसर के समस्त कर्मचारी गण मौजूद रहे। कार्यक्रम में वहां पर मौजूद रहे समस्त ग्राम प्रधान, बीडीसी, समूह सखी, तथा सभी पत्रकार बंधुओं को अंग वस्त्र मिठाई, पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### बलरामपुर पुलिस ने वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा जांची:संदिग्धों की चेकिंग, साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए



**बलरामपुर**- पुलिस ने जनपद में बैंकों, डाकघरों और अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशानुसार मिशन शक्ति टीम के साथ मिलकर 17 मार्च 2026 को चलाया गया।अभियान के दौरान, समस्त थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंकों और डाकघरों के अंदर तथा आसपास सघन जांच की गई। पुलिस टीमों ने बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत कर सीसीटीवी कैमरे, फायर अलार्म जैसे सभी सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की जांच की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की भी गहनता से जांच की गई। बैंक में मौजूद आम लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, बैंक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभियान के तहत, उपस्थित सभी लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### सड़क किनारे कूड़े में लगी आग, नगर पंचायत की तत्परता से टली बड़ी दुर्घटना

**महरौनी।** नगर के नया सोजना रोड पर सड़क किनारे पड़े कूड़े के ढेर में अचानक आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें तेज़ी से फैलने लगीं, जिससे राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई। समय रहते सूचना मिलने पर नगर पंचायत की तत्परता से एक संभावित बड़ी घटना टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जैसे ही ग्रामीणों ने कूड़े के ढेर में आग लगने की सूचना नगर पंचायत को दी, नगर पंचायत इंस्पेक्टर कायम अली ने बिना देर किए मौके पर पहुंचने का निर्णय लिया। उस समय पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध न होने के बावजूद उन्होंने जिम्मेदारी का परिचय देते हुए स्वयं ही मोर्चा संभाल लिया।

नगर पंचायत इंस्पेक्टर कयूम अली नगर पंचायत का पानी का टैंकर लेकर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और बिना किसी इंतजार के आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। उनकी इस तत्परता और साहसिक पहल के चलते कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की बड़ी हानि होने से बचाव हो सका।

## अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ वांछित आरोपी गिरफ्तार, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कलवारी पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम की सक्रियता निर्णायक रही।पुलिस के अनुसार थाना कलवारी में दर्ज मु0अ0सं0 30/2026 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 352, 351(3), 109 बीएनएस से संबंधित आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कलवारी के पर्यवेक्षण में टीम लगातार दबिश दे रही थी।

इसी क्रम में 17 मार्च 2026 को सुबह लगभग 9:14 बजे डकही मोड़ के पास घेराबंदी कर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनीत पुत्र चन्द्रशेखर उपाध्याय निवासी थाना नगर जनपद बस्ती (उम्र करीब 29 वर्ष) के रूप में हुई है।तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 32 बोर की एक अवैध पिस्टल, एक मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है और वह वांछित चल रहा था।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार के साथ स्वाट/सर्विलांस टीम प्रभारी शेषनाथ यादव, उपनिरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय तथा अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 300 साल पुराने कौलेश्वर नाथ मंदिर परिसर में गंदगी का अंबार, महंत आचार्य संस्कार दास ने जताया दर्द

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** जिले के कलवारी क्षेत्र में स्थित करीब 400 साल पुराने कौलेश्वर नाथ मंदिर की पवित्रता और सौंदर्य इन दिनों गंदगी और छुट्टा जानवरों की वजह से प्रभावित हो रही है। मंदिर परिसर में फैली गंदगी और सूअरों के घूमने से श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है। इस स्थिति को लेकर मंदिर के पुजारी महंत आचार्य संस्कार शास्त्री ने गहरी नाराजगी और पीड़ा व्यक्त की है।

महंत आचार्य संस्कार शास्त्री ने आरोप लगाया कि मंदिर की साफ-सफाई और उसके संरक्षण को लेकर न तो ग्राम प्रधान और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि मंदिर के आसपास के कुछ स्थानीय लोगों ने सूअर पाल रखे हैं, जिन्हें खुले में छोड़ दिया जाता है। यही सूअर पूरे दिन मंदिर परिसर और आसपास घूमते रहते हैं और गंदगी फैलाते हैं। इससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है।

महंत का कहना है कि मंदिर में अक्सर शादी-विवाह के रिश्ते देखने के लिए भी लोग आते हैं, लेकिन परिसर में फैली गंदगी और जानवरों के कारण उन्हें शर्मिंदगी और असुविधा महसूस होती है। इसके अलावा, मंदिर परिसर में लगाए गए फूल-पौधे भी बकरियों के कारण पनप नहीं पा रहे हैं, जिससे मंदिर की सुंदरता प्रभावित हो रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर में नियमित सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। मजबूरन मंदिर की सफाई का जिम्मा खुद उन्हें ही उठाना पड़ता है। इस कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या भी धीरे-धीरे कम होती दिखाई दे रही है

मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु ललित यादव ने भी इस स्थिति की कड़ी निंदा की और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि इतने प्राचीन और आस्था के केंद्र मंदिर की यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

महंत आचार्य संस्कार शास्त्री और स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि मंदिर के चारों ओर मजबूत चारदीवारी बनवाई जाए और नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मंदिर की स्वच्छता, पवित्रता और भव्यता बरकरार रह सके। उनका कहना है कि मंदिर का सम्मान है हिंदू आस्था का सम्मान है और इसके संरक्षण के लिए तत्काल कदम उठाना जरूरी है।

## मीडिया पड़ताल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेनुआ पर लटकता मिला ताला

### ●सीएचओ के मनमानी ड्यूटी से ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं मिल पा रही स्वास्थ्य सुविधाएं

### ड्यूटी से गायब सीएचओ के खिलाफ कार्रवाई न होने से स्वास्थ्य विभाग पर खड़ा हो रहा बड़ा सवालसीएचओ व डीसीपीएम की शिथिलिता से ड्यूटी से गायब रहने में सफल है सीएचओ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** बस्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेनुआ पर ताला लटकता मिला । आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेनुआ पर लटकता ताला स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है । आपको बता दे कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से न्याय व ग्राम पंचायत स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों / आयुष्मान आयोग मंदिरों का निर्माण कराया जा रहा है जिस पर सीएचओ की नियुक्ति की जा रही है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन के आधार पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों/ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का संचालन करने का निर्देश जारी है । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों/ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निःशुल्क खून, पेशाब , शुगर ,बलगम आदि की जांच की व्यवस्था उपलब्ध रहती है और सभी रोगों से संबंधित दवाइयां भी निःशुल्क मरीजों को वितरित की जाती है । प्रदेश सरकार के अथक प्रयास के बाद भी स्वास्थ्य सुविधाएं जमीनी स्तर पर नहीं पहुंच पा रही हैं अर्थात् स्वास्थ्य सेवाएं कागजों तक ही सीमित है । आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेनुआ का समय से संचालन न होने से ग्रामीण क्षेत्र में मरीजों को झोलाछाप डॉक्टरों से मजबूर होकर इलाज कराना पड़ रहा है एवं दवाइयां को शुल्क देकर खरीदना पड़ रहा है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर अधीक्षक , बीसीपीएम , डीसीपीएम व सीएमओ द्वारा यदि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों/ आयुष्मान आयोग मंदिरों की समय - समय पर जांच की जाती तो आज यह स्थिति नही रहती कि जहां जाइए वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/ आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद ही मिलता है आखिर सरकार द्वारा प्राप्त दवाइयां कहां और किसको वितरित की जा रही है ? जो जांच का विषय बना हुआ है यदि ऐसे ही स्वास्थ्य व्यवस्था जिम्मेदार अधिकारी कार्य करते रहेंगे तो ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुविधा मिलना मुश्किल है । इस संबंध में ड्यूटी से गायब सीएचओ से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो सीएचओ का फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर मिला । उक्त प्रकरण में सीएमओ डा0 राजीव निगम ने जांच कर ड्यूटी से गायब सीएचओ के खिलाफ कार्रवाई करने करने का निर्देश दिया है ।

## गैस सिलेण्डरों की कमी होने की अफवाहों से बचें उपभोक्ता - जिला पूर्ति अधिकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** वस्ती जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि जनपद में गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त आवक एवं उपलब्धता बनी हुई है। किसी भी उपभोक्ता को गैस सिलेण्डरों की कमी होने की अफवाहों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ता अपने पास उपलब्ध गैस सिलेण्डरों का उपयोग करें तथा अनावश्यक रूप से अतिरिक्त सिलेण्डर भण्डारित करने से बचें। उन्होंने बताया है कि गैस समाप्त होने पर उपभोक्ता ऑनलाइन बुकिंग कराकर गैस प्राप्त कर सकते हैं। बुकिंग के लिए भारत पेट्रोलियम का आईवीआरएस नम्बर 7718012345, इंडियन ऑयल का 8454955555 तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम का 9222201122/9493602222 है। पहली बुकिंग के बाद नगरीय क्षेत्र में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के पश्चात दूसरी बुकिंग की व्यवस्था निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया है कि ऑनलाइन बुकिंग अथवा ओटीपी से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिए आईओसीएल के विक्रय अधिकारी सन्तोष सोनी मो. 9451122933 बीपीसीएल के विक्रय अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह मो.8093680119 तथा एचपीसीएल के विक्रय अधिकारी आकाश कुशवाहा मो.9794771177 से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में तैनात पूर्ति निरीक्षक भी उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध हैं।जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि 17 मार्च को जनपद में 10,606 रिफिल गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति की कार्ययोजना तेल कम्पनियों द्वारा दी गयी है। ऐसी स्थिति में गैस की उपलब्धता सामान्य रूप से बनी हुई है। उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर सिलेण्डर लेकर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग के बाद 48 से 72 घंटे के भीतर होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध करा दी जायेगी। उन्होंने यह भी बताया है कि होम डिलीवरी के समय उपभोक्ता को ओटीपी नम्बर देना अनिवार्य होगा। बिना ऑनलाइन बुकिंग एवं ओटीपी के किसी भी दशा में गैस की आपूर्ति नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि भरे हुए सिलेण्डर को स्वयं मोटर साइकिल आदि से ले जाने से बचें, क्योंकि इससे दुर्घटना की आशंका रहती है।

गैस वितरण से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 05542-247128 है। यहाँ राजस्व, खाद्य एवं रसद तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी तैनात कर समस्याओं का समाधान कराया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस की ऑनलाइन बुकिंग कराकर होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस प्राप्त करें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

## जायदाद के विवाद में खूनी संघर्ष

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम दैलवारा में पुश्तैनी जमीन और घर के बंटवारे को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। अपने हिस्से की मांग करने पर एक व्यक्ति को उसके ही सगे भाई, भाभी और भतीजे ने बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम दैलवारा निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ हल्के राजा (39 वर्ष) पुत्र स्व. बृजभान सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार (14 मार्च) की शाम करीब 7.30 बजे उन्होंने अपने बड़े भाई साहब सिंह से घर और खेत में अपना हिस्सा मांगा था। हिस्से की बात सुनते ही साहब सिंह आगबबूला हो गया। आरोप है कि साहब सिंह, उसकी पत्नी रेनुका राजा और पुत्र रिषी राजा ने धर्मेंद्र को भद्दी-भद्दी गालियाँ देनी शुरू कर दीं। विवाद इतना बढ़ा कि तीनों ने एकराय होकर धर्मेंद्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में धर्मेंद्र सिंह के सीधे हाथ में गंभीर चोट आई है, साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी व बाहरी चोटें भी लगी हैं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। किसी तरह हमलावरों के चंगुल से अपनी जान बचाकर पीड़ित थाने पहुँचा और आपबीती सुनाई। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

### कोइरीपुर नगर पंचायत में शासन द्वारा तीन सदस्यों का मनोनयन

**चांदा।** नगर पंचायत कोइरीपुर में उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत तीन नए सदस्यों का मनोनयन किया गया है। इस निर्णय के बाद स्थानीय राजनीतिक माहौल में हलचल तेज हो गई है और खासतौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। शासन द्वारा मनोनीत किए गए सदस्यों में लालमणि अग्रहरि (पुत्र मुन्नीलाल), बृजेश शुक्ला (पुत्र श्रीपाल शुक्ला) तथा विनोद गौतम (पुत्र हरिचरण गौतम) के नाम शामिल हैं। तीनों को नगर पंचायत में सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोनीत सदस्यों की घोषणा होते ही नगर पंचायत क्षेत्र में भाजपा समर्थकों ने खुशी जाहिर की। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की मजबूती और क्षेत्र के विकास के लिए सकारात्मक कदम बताया। इस अवसर पर नगर पंचायत कोइरीपुर के पूर्व अध्यक्ष सुधीर साहू, भाजपा नेता राजेश चंद्र मिश्र, मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर कमैचा अमित त्यागी, समर बहादुर सिंह, कुलदीप अग्रहरि 'गोलू' सहित कई कार्यकर्ताओं ने मनोनयन का स्वागत करते हुए नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। स्थानीय लोगों का मानना है कि नए सदस्यों के जुड़ने से नगर पंचायत के विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा जनसमस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

## मनरेगा मजदूरों को 75 दिन से नहीं मिली मजदूरी

### ●सुल्तानपुर में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, भुगतान की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सुल्तानपुर** – कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों और संविदा कर्मियों के लंबित भुगतान को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा है, जिसमें तत्काल भुगतान और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मनरेगा के तहत काम करने वाले लगभग एक करोड़ परिवारों को पिछले 75 दिनों से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। राज्य में मनरेगा का लगभग 2 हजार करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इसके अतिरिक्त, मनरेगा योजना को लागू करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40,000 संविदा कर्मियों को भी पिछले आठ महीने से उनका मानदेय नहीं मिला है। इस वित्तीय संकट के कारण गरीब जॉब कार्ड धारक और रोजगार सेवक होली का त्योहार ठीक से नहीं मना पाए, और ईद का त्योहार भी नजदीक है। ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की है कि मनरेगा के तहत काम करने वाले एक करोड़ मजदूर परिवारों को 75 दिनों का लंबित भुगतान तुरंत कराया जाए। साथ ही, 40 हजार संविदा कर्मियों और रोजगार सेवकों के आठ महीने का बकाया मानदेय भी दिलाया जाए। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि मनरेगा मजदूरों की 75 दिनों की मजदूरी का भुगतान न करने वाले सरकारी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पार्टी ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति इन मांगों को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को आदेश जारी करेंगे। प्रदर्शन में हौसिला भीम, रणजीत सलूजा, हामिद राइनी, मोहसिन सलीम, मानस तिवारी, सलाउद्दीन हाश्मी, अनवर शाही, ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## होलिका दहन की रात लालगंज बाजार में आगजनी करने वाला 25 हजार का इनामी बदमाश लोरिक पांडेय साथी समेत गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** जिले के लालगंज बाजार में होलिका दहन के दिन हुई आगजनी की बड़ी घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस मामले में 25 हजार रुपये के इनामी मुख्य आरोपी अंशुमान पाण्डेय उर्फ लोरिक और उसके साथी कुलदीप यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों अभियुक्तों को 17 मार्च 2026 को सुबह करीब 11:30 बजे कुवानो पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी रूधौली कुलदीप सिंह यादव के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना लालगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 49/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 326(द्द) और 351(3) में कार्रवाई की जा रही है।पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने होलिका दहन की रात लालगंज बाजार की दुकानों को निशाना बनाते हुए आगजनी की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना में दुकानों में रखा लाखों रुपये का सामान और नगदी जलकर राख हो गई थी, जिससे व्यापारियों में भारी आक्रोश फैल गया था और इलाके में दहशत का माहौल बन गया था।घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। मुख्य आरोपी अंशुमान पाण्डेय उर्फ लोरिक पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लगातार प्रयास और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय बस्ती भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भी जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे प्रकरण का पूर्ण खुलासा किया जाएगा।इस सफलता के बाद स्थानीय व्यापारियों और आम जनता में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है और लोग पुलिस की कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं। गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक, उपनिरीक्षक अनंत कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक अनस अख्तर और कांस्टेबल जय प्रकाश यादव की अहम भूमिका रही।

## थाना बाजार शुक्ल पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### ●15 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अमेठी।** जनपद को नशामुक्त बनाने की दिशा में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बाजार शुक्ल पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखी गई 15 ग्राम स्मैक बरामद की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी.के. के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस टीम ने यह सफलता प्राप्त की।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बाजार शुक्ल पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़ा, जिसकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। तलाशी लेने पर उसके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजू उर्फ रविन्द्र कुमार उपाध्याय पुत्र सहदेव निवासी ग्राम पूरे फल्लू पांडे मजरे महोना पूरब थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस द्वारा बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस इस मामले में गहराई से छानबीन कर रही है, ताकि नशे के इस अवैध धंधे की जड़ तक पहुंचा जा सके। थाना बाजार शुक्ल पुलिस की इस कार्रवाई को जनपद में चलाए जा रहे 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जाए और समाज को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सके।

थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल ने बताया कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में नशा तस्करी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के कारोबार पर अंकुश लगेगा और युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहेगा। इस पूरी कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेठी पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ पूरी तरह से सख्त रुख अपनाए हुए है और किसी भी हाल में ऐसे तत्वों को समाज में पनपने नहीं दिया जाएगा। थाना बाजार शुक्ल पुलिस की यह सफलता न केवल कानून व्यवस्था की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देती है कि अपराधियों के लिए अब कोई जगह नहीं है।

## ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता का अम्बेडकर स्टेडियम में किया गया उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**अमेठी।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि वर्ष 2025-26 में ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि एवं विशिष्ट अतिथि मण्डल सचिव हैण्डबाल संघ अयोध्या प्रांजल तिवारी एवं जिला पंचायत सदस्य मुकेश यादव उपस्थित रहे तथा मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन मैच दो टीमों के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ ने 19-14 से सोनभद्र, गोरखपुर ने 19-17 से अयोध्या, मऊ ने 14-08 से प्रयागराज, वाराणसी ने 21-17 से मेरठ तथा लखनऊ ने 23-18 से गोरखपुर को हराया। उन्होंने बताया कि इस दौरान संयुक्त सचिव 3000 हैण्डबाल संघ अमित पाण्डेय उपस्थित रहे व उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अह?मद एवं मो0 मोसर्रफ खॉ ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं उनका आभार व्यक्त किया तथा प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में प्रेम प्रकाश, पंकज यादव, मनोज यादव, सोनू सिंह, उज्ज्वल सोनकर, जय सिंह, मो0 तौहीद सचिन यादव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अंकित चौधरी, मो0 मुदस्सिर खान, रणविजय त्रिपाठी ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मैच 19 मार्च 2026 को खेला जायेगा तथा प्रतियोगिता में खेल विभाग अमेठी के कनिष्ठ सहायक शिवकुमार मौर्य एवं प्रशिक्षक राम आसरे यादव, सचिन भारद्वाज, अन्तर्राष्ट्रीय हैण्डबाल प्रशिक्षक, मो0 नदीम, मो0 आरिफ, लबली तिवारी, मोना सिन्हा, आरती सिंह, रुचि सिंह, अंकित शर्मा ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता के आयोजन में अमूल्य योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वराज्य सेवा फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को किया नए कपड़े, रंग, गुलाल एवं मिठाइयों का वितरण



**सीतापुर।** स्वराज्य सेवा फाउंडेशन द्वारा होली के पावन पर्व पर समाज के जरूरतमंद परिवारों एवं बच्चों के बीच नए कपड़े, रंग, गुलाल एवं मिठाइयों का वितरण कर एक सराहनीय सेवा कार्य संपन्न किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य उन परिवारों के जीवन में खुशियों के रंग भरना था, जो आर्थिक अभाव के कारण त्योहार की खुशियों से वंचित रह जाते हैं।इस सेवा अभियान में संस्था के सक्रिय कार्यकर्ता प्रणव सिंह राजपूत, कमल शर्मा, आकाश पांडेय एवं अर्जुन वाल्मीकि की विशेष भूमिका रही। इन सभी ने पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की तथा वितरण कार्य को सफल बनाया। संस्था इनके सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करती है। स्वराज्य सेवा फाउंडेशन निरंतर रूप से गौसेवा, जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा सहायता, तथा गरीब परिवारों के लिए राशन वितरण जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय है। संस्था का उद्देश्य केवल त्योहारों तक सीमित न रहकर वर्ष भर सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के वंचित वर्ग तक सहयोग पहुँचाना है। युवाओं का कार्य निरंतर रूप से बहुत ही ज़्यादा प्रशंसनीय है, युवा प्रणव लगातार सेवा कार्य में निरंतर रूप से लगे रहते है।


### गैस एजेंसी पर हंगामा, सर्वर ठप होने से घंटों लाइन में खड़े रहे उपभोक्ता

**केवाईसी अधूरी होने से बढ़ी परेशानी, कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप**



**लालगंज (रायबरेली)।** नगर की इंडेन गैस एजेंसी में मंगलवार को उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गैस बुकिंग के लिए सुबह से ही लंबी कतार लग गई, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब बार-बार सर्वर ठप हो गया। सर्वर डाउन रहने के कारण डीएसी नंबर जारी करने में देरी होती रही, जिससे लाइन में लगे उपभोक्ता परेशान नजर आए। इस दौरान कई उपभोक्ताओं की केवाईसी पूरी न होने से उनकी दिक्कत और बढ़ गई। एजेंसी पहुंचने पर उन्हें केवाईसी अधूरी होने की जानकारी मिली, जिससे गैस बुकिंग कराने में बाधा आई। एजेंसी के मैनेजर हर्षित कुमार के अनुसार, एजेंसी से करीब 15 हजार उपभोक्ता जुड़े हैं और हर महीने लगभग 4 हजार सिलेंडर बुक होते हैं। उन्होंने बताया कि इस समय कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पा रही है। हालांकि घरेलू गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और बुकिंग करने पर सभी को सिलेंडर मिल रहा है। दिनभर अव्यवस्था के चलते उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़े होकर परेशानी झेलनी पड़ी।

### हाईटेंशन पोल पर चढ़े युवक की पुलिस ने बचाई जान, बड़ा हादसा टला



**भदोही।** औराई थाना क्षेत्र में पुलिस की तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई। नशे की हालत में हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़े युवक को समय रहते सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत डायल 112 पर सूचना मिलते ही पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिजली विभाग से समन्वय कर तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कराई और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सकुशल नीचे उतार लिया। जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान जगदीश यादव निवासी हीरापुर उगापुर, थाना औराई के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी औराई राजीव सिंह के नेतृत्व में हुई इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

# रोजगार सेवक की आत्महत्या पर गरमाई सियासत: अजय राय ने परिजनों से की मुलाकात, कांग्रेस ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

**● .....आर्थिक तंगी और मानदेय न मिलने से आहत थे रमेश प्रजापति; ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, मुआवजे और नौकरी की मांग।**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ!** राजधानी लखनऊ के विकासखण्ड मोहनलालगंज के फत्तेखेड़ा (कनकहा) गांव में ग्राम रोजगार सेवक रमेश कुमार प्रजापति की आत्महत्या के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। आर्थिक तंगी और लंबे समय से मानदेय न मिलने से आहत रमेश ने 15 मार्च 2026 को रायबरेली के बछरावां में आत्महत्या कर ली, जिससे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी, साथ ही प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि रमेश आर्थिक संकट और पारिवारिक जिम्मेदारियों, खासकर अपनी 5 वर्षीय बेटी अयान्शी की जरूरतें पूरी न कर पाने के कारण मानसिक तनाव में थे। कांग्रेस ने मृतक परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा, पत्नी संगीता को संविदा पर नौकरी, बकाया मानदेय व ईपीएफ का तत्काल भुगतान और सभी रोजगार सेवकों की समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि जल्द न्याय न मिलने पर पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी, जबकि गांव में लोगों ने भी प्रशासन से सख्त कार्रवाई और परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला और रोजगार सेवकों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी । कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मृतक के पिता और बड़े भाई से काफी देर तक बातचीत की। उन्होंने इस घटना को प्रशासनिक संवेदनहीनता का चरम बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ चट्टान की तरह खड़ी है।

## किशोरी ने की आत्महत्या, मचा कोहराम



**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर के अंदर किशोरी के द्वारा आत्महत्या को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के डगरारा गांव में शिवकुमार वर्मा की पुत्री कविता 16 ने मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे घर के अंदर दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय मृतका किशोरी की मां खेत गयी थी। मृतका का पिता कारोबारी के सिलसिले में बाहर रहता है। चर्चा के मुताबिक घटना की सुबह किशोरी का अपने छोटे भाई से विवाद हो गया। अचानक किशोरी के आत्महत्या की खबर मिलते ही उसकी मां बदहवाश होकर घर पहुंची। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

## नगर पंचायत में तीन सभासद नामित, क्षेत्र में खुशी की लहर

**● विकास को मिलेगी नई गति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर पंचायत लालगंज में तीन नए सभासदों का नामांकन किया गया है। शासन के इस निर्णय से क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है। समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का स्वागत किया है। नामित सभासदों में वार्ड नंबर 11 के निवासी गिरजा शंकर उर्फ शानू बाजपेई, वार्ड नंबर 3 कृष्णा नगर बाईपास निवासी राजेश निर्मल तथा कोरिहई मोहल्ला की निवासिनी दीपा सिंह शामिल हैं।

तीनों नव-नामित सभासदों को स्थानीय लोगों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। लोगों का कहना है कि नए सभासद जनसमस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। नामित सभासदों ने शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर कार्तिकेय शंकर बाजपेई, विमलेश अग्निहोत्री, आदित्य मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, कैलाश बाजपेई, सीपी पांडेय, दीप प्रकाश शुक्ला, विवेक शर्मा, संदीप कुमार, पवन द्विवेदी, उमेश श्रीवास्तव, जितेंद्र सविता, संतोष कुमार, धर्मेंद्र पांडे, सुरेश श्रीवास्तव, आशीष कुमार सहित अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने पूतना वध व श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम सभा ओथी में इन दिनों मोक्षदाहिनी श्रीमद्भागवत कथा का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्त के वातावरण में संपन्न हो रहा है। यजमान आशीष मौर्य के निवास पर आयोजित इस पुण्य अनुष्ठान का संकल्प क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा निवासी आनंद मिश्रा द्वारा लिया गया है यह उनके द्वारा संकल्पित छठवीं श्रीमद्भागवत कथा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा स्थल पर ससवेदी, गणेश,अंबिका, रूद्र हनुमत देव सहित विभिन्न देवताओं की विधिवत स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है।

आपको बता दें कि, मंगलवार को कथा के पांचवें दिन सिधौना अमांवा से पधारी कथा व्यास संध्या साध्वी ने कृष्ण की बाल लीलाओं एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों का व्याख्यान करते हुए बताया कि, गोकुल में कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया भगवान जब 7 दिन के थे तब उन्होंने पूतना का वध कर दिया। भगवान ने कंस द्वारा भेजे गए सभी राक्षसों का वध कर दिया। भगवान गोकुल में माखन चुराते हैं और वहां पर वीणु वादन लीला करते हैं भगवान गोकुल छोड़कर वृंदावन निवास करने लगते हैं। कथा व्यास ने श्री कृष्ण लीला एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों पर कथा कहते हुए पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा के विराम पश्चात आरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया कथा स्थल पर पूरे दिन भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। आयोजनकर्ता आनंद मिश्रा ने बताया कि, उनके द्वारा जीवनपर्यंत श्रीमद् भागवत कथा जैसे धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन निरंतर




कराया जाता रहेगा जिससे समाज में धर्म संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रसार होता रहे। इस मौके पर यज्ञशाला के मुख्य यज्ञाचार्य पंडित योगेंद्र तिवारी, उपयज्ञाचार्य पंडित अमरेश शुक्ला, पंडित अरूण त्रिपाठी, व्यवस्थापक सोनू मौर्य, अवधेश मौर्य, संत प्रसाद, बबलू प्रजापति, संकठा प्रसाद, बाबा जयजयराम, दिनेश कोटेदार, शिवकुमार, कन्हैया मौर्य, शंकर मौर्य, महेंद्र, धुन्नू, जगप्रसाद सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

# सप्त ऋषि (सतरिख) दियानत नगर में सामूहिक यज्ञोपवीत एवं विद्वत सम्मेलन संपन्न, 16 बटुकों ने धारण किया जनेऊ

**● अयोध्या और काशी के विद्वान आचार्यों के सानिध्य में गूँजे वैदिक मंत्र**

**यज्ञोपवीत के बिना संध्यावंदन और गायत्री जप का अधिकार नहीं: आचार्य कन्हैयालाल मिश्र**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाराबंकी,** भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ वेदों के अध्ययन का अधिकार प्रदान करने वाले 'उपनयन संस्कार' (यज्ञोपवीत) का भव्य आयोजन आज हरख ब्लॉक के अमर बलिदानियों की जन्मभूमि, दियानत नगर के ऐतिहासिक मेला मैदान में संपन्न हुआ। सप्तर्षि संस्थानम् ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस द्विदिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत एवं विद्वत सम्मेलन में चैत्र मास और मीन संक्रांति के शुभ संयोग पर प्रयागराज, काशी और अयोध्या के प्रकांड विद्वानों द्वारा 16 बटुकों को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जनेऊ धारण कराया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन यजमान आचार्य कन्हैयालाल मिश्र (सपत्नीक) एवं संयोजक आचार्य रविकांत मिश्र व आचार्य सीताकान्त स्वयंभू के सानिध्य में प्रायश्चित कर्म और पंचांग पूजन संपन्न हुआ। संध्या काल में अयोध्या और वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भजन संध्या एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस की शुरुआत बटुकों के मुंडन संस्कार से हुई। तत्पश्चात भगवान गणेश, गायत्री, सावित्री और सरस्वती आदि वेदियों पर देवताओं का आवाहन कर पूजन किया गया। आचार्य रविकांत मिश्र ने सभी बटुकों को कान में गायत्री मंत्र की दीक्षा दी।

मुख्य अतिथि महंत ओम प्रकाश दास जी महाराज (तपस्वी छावनी, अयोध्या) ने कहा, 'यह क्षेत्र भगवान श्रीराम की शिक्षा-दीक्षा की पावन भूमि है। यहाँ सामूहिक यज्ञोपवीत का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है। मुख्य वक्ता महंत श्री लक्ष्मण दास जी महाराज (लक्ष्मण कुंज, अयोध्या) ने संस्कार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कार ही नर को नारायण बनाते हैं। उन्होंने प्रत्येक द्विज को प्रतिदिन कम से कम एक माला गायत्री मंत्र का जप करने का सूत्र दिया।

आचार्य कन्हैयालाल मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा, 'यज्ञोपवीत द्विजत्व का प्रतीक है। शास्त्रों के अनुसार 'संध्याहीनोऽशुचिर्नित्यम', अर्थात संध्यावंदन न करने वाला व्यक्ति सदैव अपवित्र माना जाता है और उसके कर्म निष्फल होते हैं। समाज के आत्म- कल्याण के लिए यह आयोजन अनिवार्य है।'

संयोजक आचार्य रविकांत मिश्र ने बताया कि जिन कुलों में पीढ़ियों से यज्ञोपवीत नहीं हुआ था, उन्हें 'व्रात्यस्तोमादि' प्रायश्चित के माध्यम से पुनः वैदिक परंपरा से जोड़ा गया है। सह-संयोजक सीताकान्त स्वयंभू ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार है।

कार्यक्रम के संयोजक आचार्य रविकांत मिश्रा द्वारा महंत ओम प्रकाश दास जी महाराज (तपस्वी छावनी अयोध्या) व आचार्य कन्हैयालाल मिश्र राष्ट्रीय हिंदू सनातनी सेना के अध्यक्ष राहुल दीक्षित एवं ब्राह्मण कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र तिवारी, महामंत्री देश दीपक मिश्रा, देव प्रकाश मिश्रा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल शुक्ला एडवोकेट, दीपक मिश्रा रमाकांत शास्त्री, राहुल शर्मा, उमाकांत शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन का भव्य होली मिलन समारोह, अधिवक्ताओं ने बढ़ाया आपसी सौहार्द

**● ......वार्षिक साधारण सभा में संगठन की योजनाओं पर मंथन, उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्य सम्मानित।**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, लखनऊ द्वारा सोमवार को शहनाई गेस्ट हाउस, सेक्टर-4, विकास नगर में वार्षिक साधारण सभा के साथ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लेकर आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्र ने की, जबकि संचालन महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने फूलों की होली खेलते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ दीं और रंगारंग माहौल में आपसी संवाद व मेलजोल के जरिए संगठन की एकता को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इससे पूर्व आयोजित वार्षिक साधारण सभा में संघ के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संघ के संचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महामंत्री शिवकुमार पाण्डेय ने अधिवक्ता मोहम्मद सलीम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी अधिवक्ताओं के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा कि ऐसे आयोजन अधिवक्ताओं के बीच सहयोग, एकता और सौहार्द को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वहीं महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय ने बताया कि संघ द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे अधिवक्ताओं के बीच समन्वय और भाईचारा और अधिक मजबूत होता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

# मिश्रिख में 'मनरेगा बचाओ यात्रा' का समापन, डीएम को सौंपा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिश्रिख/सीतापुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा सुनीता चौधरी के नेतृत्व में आयोजित 'मनरेगा बचाओ यात्रा' का समापन आज मिश्रिख में हुआ। यह यात्रा मछरेहटा ब्लॉक के परसदा गांव से शुरू होकर गोंदलामऊ ब्लॉक के विभिन्न गांवों से गुजरते हुए मिश्रिख क्षेत्र के कई गांवों में पहुंची। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने मनरेगा से जुड़े मुद्दों को लेकर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद मिश्रिख स्थित डाक बंगला में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

बैठक के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी सीतापुर को ज्ञापन सौंपकर मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का शीघ्र भुगतान, जॉब कार्ड बनाने में आ रही समस्याओं का समाधान तथा अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। इसके साथ ही ज्ञापन में वर्तमान में हो रही गैस सिलेंडर की किल्लत को जल्द से जल्द दूर करने, आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा गरीब और मजदूर वर्ग के लिए महत्वपूर्ण योजना है,



लेकिन वर्तमान में कई जगहों पर इसके क्रियान्वयन में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से योजना को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से लागू करने की मांग की, ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

इस मौके पर अनुपम राठौर (सांसद प्रतिनिधि, कांग्रेस पार्टी सीतापुर), हसीना खातून, आंशू शुक्ला, मनोज अग्रवाल, रामआसरे राठौर, ब्रजकिशोर राठौर, जितेंद्र सक्सेना,रमेश यादव, प्रेम यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय पदाधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर मनरेगा से जुड़ी समस्याओं के समाधान और जनहित के मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की तथा प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

### कानपुर से लेकर आगरा तक के यात्रियों को बड़ा झटका, 2 अप्रैल से ये ट्रेनें रहेंगी कैंसिल; कई का बदला रूट

**लखनऊ।** कानपुर होकर पुणे, झांसी, आगरा सहित कई शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों की मुश्किलें दो अप्रैल से बढ़ जाएंगी। रेलवे कानपुर सेंट्रल-कानपुर पुल बायां किनारा के मध्य ब्रिज संख्या 110 पर इंजीनियरिंग कार्य करेगा। इस कारण मेगा ब्लाक होगा और ट्रेनें कानपुर व अनवरगंज में ही निरस्त होंगी। एक अप्रैल से 11 मई तक 12107 एलटीटी - सीतापुर एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल पर 3:30 घंटे रोकी जाएगी कासगंज से एक अप्रैल से 13 मई तक चलने वाली 55346 कासगंज-लखनऊ पैसेंजर और लखनऊ जंक्शन से दो अप्रैल से 14 मई तक चलने वाली 55345 कासगंज पैसेंजर लखनऊ से कानपुर के बीच निरस्त होगी

**लखनऊ-कानपुर के बीच निरस्त होंगी यह ट्रेनें**

- दो अप्रैल से 13 मई तक 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ इंटरसिटी
- दो अप्रैल से 14 मई तक 12179 लखनऊ जंक्शन-आगरा फोर्ट इंटरसिटी
- सात अप्रैल से 12 मई तक 12103 पुणे-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस
- आठ अप्रैल से 13 मई तक लखनऊ जंक्शन-पुणे एक्सप्रेस
- दो अप्रैल से 13 मई तक 11109 वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन झांसी- लखनऊ इंटरसिटी
- दो अप्रैल से 13 मई तक चलने वाली 11110 लखनऊ -

## कस्बे के तीन लोगों को नामित सभासद बनाए जाने से भाजपाइयों में खुशी की लहर







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा नगर पंचायत महराजगंज के लिए तीन सदस्यों को सभासद के लिए नामित किया है।

आपको बता दें कि, तीन सभासदों के नामित होने पर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। महराजगंज नगर पंचायत के आर्य नगर वार्ड के लिए अनुपमा पाण्डेय, शांति नगर के लिए विजय कुमार धीमान व पैगम्बर नगर वार्ड के लिए सूर्य प्रकाश वर्मा को सभासद के लिए नामित किया गया है। राज्यपाल द्वारा नामित सभासदों की सूची आने के पश्चात क्षेत्र में खुशी का माहौल है और क्षेत्रीय लोग उक्त सदस्यों की इस सफलता पर उनके द्वारा लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार किये जा रहे प्रयासों का परिणाम बता रहे हैं।

वहीं बधाई देने वालों में पूर्व विधायक रामलाल अकेला, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सरदार फत्तेह सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, शिव रमन सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, युवा भाजपा नेता सरोज गौतम, भाजपा नेता पवन साहू, भाजपा नेत्री सुधा अवस्थी, व्यापारी नेता सुधीर साहू, दिनेश कुमार उर्फ भल्लू ठेकेदार, पूर्व सभासद शिवम तिवारी, सुमित चौरसिया एडवोकेट सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।

# नगर पालिका परिषद बिसवां में दर्ज सपत्ति में नाम परिवर्तन के मामले में अवैध वसूली का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां, सीतापुर** नगर पालिका परिषद बिसवां में दर्ज संपत्ति में नाम परिवर्तन के एक मामले में लापरवाही और अवैध वसूली के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी सीतापुर को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार एक विधवा महिला द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व नगर पालिका परिषद बिसवां में संपत्ति के अभिलेखों में नाम परिवर्तन के लिए आवेदन किया गया था। बताया गया कि उक्त संपत्ति का बैनामा वर्ष 2008 में उसके नाम किया जा चुका है और संपत्ति का दाखिल-खारिज पहले से दर्ज है। केवल अभिलेखों में नाम परिवर्तन कराए जाने के लिए आवेदन किया गया था। आरोप है कि नगर पालिका कार्यालय में बैनामा की प्रमाणित प्रति जमा कराने के साथ निर्धारित शुल्क ?5640 की रसीद दी गई इसके अलावा कर्मचारियों द्वारा कथित रूप से अतिरिक्त धनराशि भी ली गई, लेकिन इसके बावजूद लंबे समय बीत जाने के बाद भी नाम परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। शिकायत में कहा गया है कि इस प्रकरण में एक व्यक्ति द्वारा आपत्ति लगाए जाने की बात कहकर मामले को टाल दिया गया। नगर पालिका कार्यालय में तीन बार पेशी भी हुई, लेकिन आपत्ति करने वाले की ओर से कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बावजूद फाइल लंबित रखी गई। आरोप है कि बाद में फाइल को लीगल एडवाइस के लिए वकील के पास भेजा गया और उसकी फीस भी पीड़ित पक्ष से ही वसूल की गई। इसके बावजूद कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई गई और कथित रूप से अतिरिक्त धनराशि की मांग भी की जाती रही। मामले में नगर पालिका के टैक्स विभाग के बाबू काशिफ पर भी लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा नाम परिवर्तन की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने की मांग की है।

### आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर में हादसा, वेल्डिंग के दौरान ट्रक के डीजल टैंक में धमाका, कारीगर बुरी तरह जला

**आगरा।** ट्रांसपोर्ट नगर के सेक्टर छह में मंगलवार दोपहर ट्रक के डीजल टैंक में वेल्डिंग के दौरान धमाका हो गया। धमाके बाद लगी आग ने वेल्डिंग कारीगर और आसपास रखे टायरों को चपेट में ले लिया। धमाके के साथ फटी टंकी के टुकड़े कई मीटर दूर तक जाकर गिरे। आसपास के लोग दहशत में आ गए। घायल कारीगर को गंभीर हालत में एसएन इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार दोपहर 12:30 बजे की है। ट्रक की बाडी बनाने वाले बबलू ठाकुर की दुकान पर ककरैठा निवासी कारीगर 42 वर्ष से वासुदेव काम करता है। मंगलवार को वासुदेव ट्रक की डीजल टैंक में वेल्डिंग कर रहा था। इसी दौरान टैंक में धमाका हो गया, उसकी टुकड़े आसपास कई मीटर दूर तक जाकर गिरे। आग की लपटों ने वासुदेव को चपेट में ले लिया। वहां जुटे लोगों ने पास में लगे सबमर्सिबल की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक वासुदेव बुरी तरह जल से गए थे। मौके पर पहुंचे ट्रांसपोर्ट नगर चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार, ऑटो मोबाइल पार्ट्स कारोबारी मृदुल चंसौलिया ने वासुदेव को एसएन इमरजेंसी में भर्ती कराया। साथ ही तत्परता से आग को बुझाया।

# अध्ययन, मनन से संस्कार और ज्ञान के खुलते चक्षु

मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अतः मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार,संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदोद्य उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैं। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंतःकरण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। 'पंचतंत्र'तथा 'हितोपदेश' इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों मैं खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का काम कर रही है। डिजिटल किताबों तथा पुस्तकालयों से यह लाभ है कि देश विदेश में किसी भी भाग में रहकर लोग अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकों पत्रिकाओं आदि को पढ़ सकते हैं। इंटरनेट अब अध्ययन का सुलभ साधन बन गया है। पर दूसरी तरफ इससे कुछ नुकसान भी हो रहे हैं, उचित मार्गदर्शन वाली किताबें न पढ़कर भ्रामक पुस्तकों का अध्ययन कर अपने को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट से किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अन्यथा दिगभ्रमित साहित्य बच्चों की मानसिकता पर विकृत प्रभाव डाल सकता है। इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि पुस्तकें ज्ञान देने के साथ मार्गदर्शन तथा चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन है। पुस्तकों से राष्ट्र की युवा कर्ण धारों को नई दिशा दी जा सकती है तथा एकता और अखंडता का संदेश देकर एक महान और सशक्त राष्ट्र की पृष्ठभूमि रखी जा सकती है।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## होर्मुज संकट और वैश्विक टकराव की नई दिशा क्या अमेरिका फंस गया है ईरान के जाल में

मध्य पूर्व में चल रहा तनाव अब एक नए और जटिल मोड़ पर पहुंच चुका है जहां अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष केवल सैन्य शक्ति का नहीं बल्कि रणनीति और वैश्विक प्रभाव का भी बन गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुरुआत में जिस तेजी से जीत का दावा किया था वह अब उतना स्पष्ट नहीं दिख रहा है। अब उनका फोकस ईरान को कमजोर करने से हटकर दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्ग होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने पर आ गया है। यही बदलाव इस पूरे संघर्ष की दिशा और गंभीरता को दर्शाता है।

इस संघर्ष के पहले चरण में अमेरिका ने यह मान लिया था कि शुरुआती हमलों के बाद ईरान जल्दी झुक जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ईरान ने लगातार जवाबी हमले किए और वह भी कई देशों तक फैलाकर। इससे यह स्पष्ट हुआ कि ईरान केवल बचाव नहीं कर रहा बल्कि सक्रिय रणनीति के तहत क्षेत्रीय दबाव बना रहा है। अमेरिकी ठिकानों पर हमले और संचार तंत्र को नुकसान पहुंचाना इस बात का संकेत है कि ईरान तकनीकी और सैन्य स्तर पर तैयार था।

एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार ईरान के पास अभी भी पर्याप्त संवर्धित यूरेनियम मौजूद है जिससे यह संकेत मिलता है कि वह दीर्घकालिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इसका मतलब यह है कि अमेरिका के शुरुआती हमले निर्णायक नहीं रहे।

इस पूरे संघर्ष का सबसे अहम केंद्र होर्मुज स्ट्रेट बन गया है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की ऊर्जा सप्लाई की रीढ़ माना जाता है। यहां से रोजाना करोड़ों बैरल तेल और गैस गुजरती है। जब ईरान ने इस मार्ग पर नियंत्रण स्थापित किया तो वैश्विक बाजार में तुरंत असर दिखाई दिया। तेल की कीमतों में तेजी आई और कई देशों में ऊर्जा संकट गहराने लगा।

यही वह कारण है कि ट्रम्प को अब अकेले लड़ना मुश्किल लग रहा है और उन्होंने नाटो के साथ साथ चीन और जापान जैसे देशों से मदद की अपील की है। यह कदम इस बात का संकेत है कि अमेरिका इस संकट को केवल अपनी सैन्य ताकत से हल नहीं कर पा रहा है।

चीन और जापान से मदद मांगना एक रणनीतिक मजबूरी भी है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक है और उसकी अर्थव्यवस्था इस मार्ग पर निर्भर है। जापान भी ऊर्जा के लिए इस रास्ते पर निर्भर करता है। इसलिए अमेरिका चाहता है कि ये देश भी इस मिशन में शामिल हों ताकि एक वैश्विक दबाव बनाया जा सके।

हालांकि इन देशों की प्रतिक्रिया बहुत सतर्क रही है। कोई भी देश सीधे सैन्य हस्तक्षेप के लिए तैयार नहीं दिख रहा। इसका मुख्य कारण जोखिम है। होर्मुज स्ट्रेट बेहद संकरा मार्ग है और यहां किसी भी सैन्य कार्रवाई का मतलब सीधा खतरा है। ईरान ने यहां समुद्री माइन्स बिछाने की रणनीति अपनाई है जो किसी भी जहाज के लिए जानलेवा हो सकती है।

समुद्री माइन्स को हटाना आसान काम नहीं है। आधुनिक माइन्स को पहचानना मुश्किल होता है और उन्हें निष्क्रिय करना जोखिम भरा होता है। इसके अलावा ईरान के पास मिसाइल और ड्रोन क्षमता भी है जिससे वह किसी भी ऑपरेशन को बाधित कर सकता है। इस कारण कोई भी देश अपनी नौसेना को सीधे खतरे में डालने से बच रहा है।

एक और बड़ी चुनौती है कई देशों की सेनाओं का एक साथ संचालन। अलग अलग देशों की तकनीक कम्युनिकेशन और रणनीति अलग होती है। ऐसे में संयुक्त ऑपरेशन करना बेहद जटिल हो जाता है। यही वजह है कि अब तक कोई ठोस सैन्य गठबंधन सामने नहीं आया है।

इस संकट का एक और पहलू है इसका वैश्विक असर। दुनिया की लगभग बीस प्रतिशत तेल सप्लाई इसी मार्ग से गुजरती है। अगर यह मार्ग लंबे समय तक बंद रहता है तो तेल की कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ सकती हैं। इससे महंगाई बढ़ेगी और कई देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा।

भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति और भी संवेदनशील है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से पूरा करता है। अगर सप्लाई बाधित होती है तो इसका सीधा असर पेट्रोल डीजल और गैस की कीमतों पर पड़ेगा। इससे आम लोगों के जीवन पर असर पड़ेगा और आर्थिक दबाव बढ़ेगा।

भारत ने इस पूरे मामले में संतुलित रुख अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर लगातार कूटनीतिक प्रयास कर रहे हैं ताकि भारतीय जहाज सुरक्षित रह सकें और सप्लाई बनी रहे। भारत न तो सीधे इस संघर्ष में शामिल होना चाहता है और न ही अपने हितों को नुकसान होने देना चाहता है।

इस पूरे घटनाक्रम से यह स्पष्ट होता है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों से नहीं जीते जाते बल्कि आर्थिक और रणनीतिक नियंत्रण ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण करके अमेरिका को एक ऐसी स्थिति में ला दिया है जहां उसे वैश्विक समर्थन की जरूरत पड़ रही है।

अमेरिका के लिए सबसे बड़ी चुनौती अब यह है कि वह बिना युद्ध को और बढ़ाए इस मार्ग को कैसे सुरक्षित बनाए। अगर संघर्ष और बढ़ता है तो इसमें और देश शामिल हो सकते हैं जिससे स्थिति और जटिल हो जाएगी।

अंत में यह कहा जा सकता है कि यह संघर्ष अभी निर्णायक स्थिति में नहीं पहुंचा है। न तो अमेरिका पूरी तरह जीत पाया है और न ही ईरान पीछे हटने को तैयार है। होर्मुज स्ट्रेट इस टकराव का केंद्र बना हुआ है और जब तक इसका समाधान नहीं निकलता तब तक वैश्विक स्तर पर अस्थिरता बनी रहेगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# तपता मार्च, सूखता पानी: क्या हम असली समस्या से भाग रहे हैं?

**[ वसंत गायब, तपिश हावी: बदलते मौसम का खतरनाक संकेत ]**

**[ तपता आसमान, सूखती धरती: क्या यह जलवायु आपातकाल का संकेत है? ]**

सुबह की हवा में अब वसंत की ठंडक नहीं, गर्मी की तीखी आहट है, और यही हाल कई शहरों में फैल चुका है। मार्च 2026 में दिल्ली में पारा 35.7एष्ट तक पहुंचा - पहले सप्ताह का 50 साल का सबसे गर्म मार्च - जबकि गुजरात, राजस्थान, विदर्भ और मध्य प्रदेश के कई इलाकों में तापमान 38-42एष्ट तक पहुंच गया। लखनऊ, जयपुर, भोपाल, इंदौर जैसे शहर भी इस असामान्य गर्मी की चपेट में हैं। यह क्षणिक बदलाव नहीं, बल्कि बदलती जलवायु की स्पष्ट तस्वीर है जो पूरे देश की दिनचर्या में समा रही है। जो मार्च कभी हल्की धूप और सुकून का महीना था, अब तपिश और सूखेपन का अनुभव बन गया है। यह बदलाव अचानक नहीं, बल्कि लंबे समय की अनदेखी का नतीजा है, जिसे हम 'नया सामान्य' मानने लगे हैं।

मार्च के शुरुआती दिनों में ही बढ़ती गर्मी ने मौसम की पुरानी धारणाएं तोड़ दी हैं। जो तपिश कभी अप्रैल-मई तक सीमित थी, वह अब पहले ही सप्ताह में रिकॉर्ड बना रही है। यह सिर्फ समय का बदलाव नहीं, बल्कि बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन का संकेत है, जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया गया। चिंताजनक यह है कि पहाड़ी क्षेत्र भी अब इससे अछूते नहीं, साफ है कि जलवायु परिवर्तन सीमाएं पार कर चुका है। यह फैलता संकट हर क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है और हमें सोचने पर मजबूर कर रहा है कि क्या हमने प्रकृति से अपना संतुलन खो दिया है।

इस बढ़ती गर्मी के साथ जल संकट भी तेजी से गहराता जा रहा है। बड़े जलाशयों का घटता स्तर किसी सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव का नहीं, बल्कि गंभीर असंतुलन का संकेत है। मार्च में ही जब पानी आधा रह जाए, तो आने वाले महीनों का संकट साफ दिखाई देता है। इसका असर सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं, गांवों में किसान फसलों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। नदियां कमजोर पड़ रही हैं, भूजल नीचे जा रहा है और पानी की हर बूंद की अहमियत बढ़ती जा रही है। यह हालात स्पष्ट करते हैं कि जलवायु परिवर्तन केवल गर्मी नहीं बढ़ा रहा, बल्कि हमारे जल संसाधनों को भी तेजी से खत्म कर रहा है। तापमान और प्रदूषण का साथ इस संकट को और खतरनाक बना रहा है—एक ऐसा दोहरा प्रहार जो शरीर और पर्यावरण दोनों को प्रभावित कर रहा है। गर्मी बढ़ते ही हवा में मौजूद जहरीले कण और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे सांस लेना कठिन हो जाता है। दिल्ली और आसपास की खराब होती हवा यह दिखा रही है कि समस्या सिर्फ गर्मी नहीं, बल्कि उसी हवा की है जिस पर जीवन निर्भर है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों पर पड़ रहा है, और अस्पतालों में बढ़ती भीड़ संकेत है कि यह अब पर्यावरण नहीं, गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है।

ऐसे हालात में वर्ल्ड बैंक का हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट (300 डॉलर मिलियन) राहत की उम्मीद जगाता है। साफ हवा के लिए मॉनिटरिंग नेटवर्क का विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहन, कृषि और उद्योग सुधार सकारात्मक कदम हैं। लेकिन असली सवाल यही है कि क्या ये पर्याप्त हैं, या हम सिर्फ ऊपर-ऊपर से समस्या को संभाल रहे हैं? मॉनिटरिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा और कृषि सुधार जरूरी हैं, पर जब तक ये व्यापक और दीर्घकालिक नीति से नहीं जुड़ते, तब तक इनका असर सीमित ही रहेगा।

वास्तविक चुनौती उन जड़ों पर प्रहार करने की है जहां से यह संकट पैदा हो रहा है। तेज औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों पर बढ़ती निर्भरता, जंगलों की कटाई और अव्यवस्थित शहरी विस्तार ने प्राकृतिक संतुलन को गहराई से बिगाड़ दिया है। फिर भी हम प्रदूषण को मौसमी मानकर टाल देते हैं और गर्मी को अस्थायी असुविधा समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन मार्च 2026 ने साफ कर दिया है कि यह सोच अब खतरे से खाली नहीं। जब असामान्यता ही सामान्य लगने लगे, तो इसका मतलब है कि हमने समस्या को स्वीकार तो कर लिया, लेकिन उससे लड़ने की तैयारी अब भी अधूरी है।

इस बदलते दौर का सबसे भारी असर आम लोगों की जिंदगी पर दिख रहा है, जहां रोजमर्रा अब सहज नहीं, संघर्ष बन गई है। एक साधारण परिवार के लिए पानी बचाना, बिजली संभालना और स्वास्थ्य सुरक्षित रखना लगातार चुनौती है। बच्चों का बाहर खेलना घट गया है, बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना जोखिम भरा है और कामकाजी लोगों के लिए काम की गति बनाए रखना कठिन हो रहा है। यह सिर्फ पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असमानता को भी गहरा कर रहा है—जहां साधन वाले खुद को बचा लेते हैं, वहीं कमजोर वर्ग पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

सबसे अहम सवाल यही है कि क्या हम सब कुछ देखते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं? लगातार चेतावनियां सामने हैं—बढ़ता तापमान, वैज्ञानिक रिपोर्टें, मौसम के संकेत—सब एक ही खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। इसके बावजूद हमारी प्रतिक्रिया अक्सर सतही ही रहती है। हम तात्कालिक राहत के उपाय अपनाते हैं, जैसे ठंडक के लिए एसी या पानी का अस्थायी इंतजाम, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने से बचते हैं। यह सोच हमें कुछ समय जरूर दे सकती है, पर समस्या का हल नहीं।

अब जरूरत है कि इस संकट को पूरी गंभीरता से स्वीकार कर ठोस बदलाव की दिशा में आगे बढ़ा जाए। स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना, जल संरक्षण को प्राथमिकता देना, हरित क्षेत्र बढ़ाना और नीतियों में सख्ती लाना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुके हैं। साथ ही हर व्यक्ति की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि छोटे प्रयास मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अगर अब भी हम नहीं चेते, तो आने वाले समय में यह संकट और गहरा जाएगा। मार्च 2026 की यह तपिश केवल एक मौसम नहीं, बल्कि भविष्य का संकेत है—अब तय हमें करना है कि हम इसे चेतावनी समझते हैं या अपनी नियति।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# शक्ति, साधना और आत्म जागरण का महापर्व है — चैत्र नवरात्रि

**भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव नहीं होते, वे जीवन को दिशा देने वाले आध्यात्मिक सूत्र होते हैं। चैत्र नवरात्रि भी ऐसा ही एक महापर्व है, जो शक्ति, साधना और आत्म जागरण का संदेश लेकर आता है। वैदिक परंपरा के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नववर्ष का आरम्भ होता है, जिसे गुड़ी पड़वा के रूप में भी मनाया जाता है। यही वह कालखंड है, जब प्रकृति नवजीवन धारण करती है और मनुष्य को भी अपने भीतर नई ऊर्जा का संचार करने का अवसर मिलता है। चैत्र नवरात्रि के नौ दिन केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह आत्मशुद्धि, अनुशासन और आत्मबल अर्जित करने का सशक्त माध्यम हैं। माँ दुर्गा की उपासना के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त करने का संकल्प लेता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि असली शक्ति बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि हमारे अंतःकरण की पवित्रता और दृढ़ संकल्प में निहित है। इस नवरात्रि का महत्व इसलिए भी विशेष है कि इसी काल में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म हुआ था। राम ने भी लंका विजय से पूर्व माँ दुर्गा की आराधना कर यह सिद्ध किया कि बिना शक्ति साधना के कोई भी महान लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। उनकी भक्ति और समर्पण इस बात का प्रतीक है कि जब मनुष्य पूर्ण श्रद्धा से साधना करता है, तो स्वयं दिव्य शक्ति भी उसका मार्ग प्रशस्त करती है। आज के दौर में नवरात्रि की वास्तविक भावना कहीं न कहीं बाहरी आडंबरों में खोती जा रही है। उपवास और पूजा का स्वरूप दिखावे तक सीमित होता जा रहा है, जबकि इसका मूल उद्देश्य आत्मसंयम और अंतर्मन की शुद्धि है। सच्चा व्रत वही है, जो शरीर को नहीं, बल्कि मन को अनुशासित करे। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर शुद्ध भाव से किया गया संकल्प ही साधना को सार्थक बनाता है।**

**दुर्गा सप्तशती का पाठ, मंत्र जाप और सात्विक जीवनशैली केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करने के प्रभावी साधन हैं। महर्षि मार्कण्डेय द्वारा वर्णित सप्तशती के 700 श्लोक आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, क्योंकि वे मनुष्य को भय, भ्रम और नकारात्मकता से मुक्त कर आत्मविश्वास और शांति प्रदान करते हैं। विशेष रूप से आज की युवा पीढ़ी के लिए यह पर्व एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आता है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल आधारित जीवनशैली ने मनुष्य को बाहरी रूप से तो सक्षम बनाया है, लेकिन आंतरिक रूप से वह विचलित और अस्थिर होता जा रहा है। ऐसे में नवरात्रि के नौ दिन आत्मचिंतन, संयम और आत्मबल को पुनः जागृत करने का स्वर्णिम अवसर हैं। यदि युवा इन दिनों में थोड़ी देर के लिए भी आभासी दुनिया से दूरी बनाकर आध्यात्मिक जीवन को अपनाएं, तो वे स्वयं में आश्चर्यजनक सकारात्मक परिवर्तन अनुभव कर सकते हैं। भारत की शक्ति केवल उसकी तकनीकी प्रगति में नहीं, बल्कि उसकी आध्यात्मिक विरासत में निहित है। यही कारण है कि हजारों वर्षों पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों ने चैत्र नवरात्रि से नववर्ष की शुरुआत का विधान किया, ताकि मनुष्य वर्ष के प्रारंभ में ही अपने मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित कर सके। अंततः चैत्र नवरात्रि हमें यह सिखाती है कि जीवन में सफलता, शांति और समृद्धि प्राप्त करने के लिए बाहरी संसाधनों से अधिक आवश्यक है आंतरिक शक्ति का जागरण। जब मनुष्य अपने भीतर की दिव्य ऊर्जा को पहचान लेता है, तभी वह सच्चे अर्थों में विजयी बनता है।**

**अरविंद रावल**

# तेरह साल का इंतज़ार और एक कठिन विदाई

मानव जीवन की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक यह है कि कभी-कभी जीवन और मृत्यु के बीच की रेखा बहुत धुंधली हो जाती है। सामान्यतः हम जीवन को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, क्योंकि जीवन को ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार माना जाता है। लेकिन कुछ परिस्थितियाँ ऐसी भी होती हैं जब जीवन केवल सांसों का चलना भर रह जाता है और उसमें चेतना, संवाद और मानवीय गरिमा लगभग समाप्त हो जाती है। हाल के दिनों में चर्चा में आए हरीश राणा का मामला इसी विडंबना का एक अत्यंत मार्मिक उदाहरण बनकर सामने आया है। यह केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि यह चिकित्सा, कानून, नैतिकता और मानवीय संवेदनाओं के जटिल प्रश्नों को सामने लाने वाली घटना है।

हरीश राणा उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले एक युवा थे। वर्ष 2013 में एक दुर्घटना ने उनका जीवन पूरी तरह बदल दिया। बताया जाता है कि वह पढ़ाई के दौरान एक इमारत की चौथी मंजिल से गिर गए थे, जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई और वह स्थायी कोमा जैसी अवस्था में चले गए। इस स्थिति को चिकित्सा भाषा में 'पर्सिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट' कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति जीवित तो रहता है, लेकिन उसके मस्तिष्क की चेतन क्रियाएँ लगभग समाप्त हो जाती हैं। वह न बोल सकता है, न चल सकता है, न अपने आसपास की दुनिया को समझ सकता है। हरीश पिछले तेरह वर्षों तक इसी अवस्था में जीवन और मृत्यु के बीच झूलते रहे।

इन वर्षों में उनका जीवन केवल चिकित्सा उपकरणों, दवाइयों और कृत्रिम पोषण के सहारे चल रहा था। परिवार ने उनकी देखभाल में कोई कमी नहीं छोड़ी। माता-पिता ने अपने बेटे को जीवित रखने के लिए हर संभव प्रयास किया। कई अस्पतालों में इलाज कराया गया, विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ली गई, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं आया। समय बीतने के साथ-साथ यह स्पष्ट होता गया कि अब उनके ठीक होने की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है। डॉक्टरों ने भी यही राय दी कि मस्तिष्क को हुई गंभीर क्षति के कारण उनका सामान्य जीवन में लौटना लगभग असंभव है।

किसी भी माता-पिता के लिए यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक होती है। एक ओर उनके सामने अपने बच्चे को खो देने का भय होता है, तो दूसरी ओर उसे इस तरह निर्जीव अवस्था में वर्षों तक देखना भी कम कष्टदायक नहीं होता। हरीश राणा के परिवार ने लगभग तेरह वर्षों तक इस पीड़ा को सहा। उन्होंने अपने बेटे की सेवा में दिन-रात बिताए, लेकिन अंततः यह प्रश्न उनके सामने खड़ा हो गया कि क्या केवल सांस चलना ही जीवन कहलाता है। जब किसी व्यक्ति की चेतना समाप्त हो जाए, जब वह अपने अस्तित्व का अनुभव भी न कर सके, तब क्या उसे कृत्रिम साधनों के सहारे जीवित रखना मानवीय है या अमानवीय?

इन्हीं सवालों के साथ हरीश के परिवार ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने न्यायालय से अनुरोध किया कि उनके बेटे को 'इच्छा मृत्यु' अर्थात् पैसिव यूथेनेशिया की अनुमति दी जाए। यह एक अत्यंत संवेदनशील और जटिल कानूनी विषय है। भारत में सक्रिय इच्छामृत्यु यानी किसी व्यक्ति को जानबूझकर दवा देकर मृत्यु देना कानूनन अवैध है। लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में 'पैसिव यूथेनेशिया' की अनुमति दी जा सकती है, जिसमें जीवन को कृत्रिम रूप से बनाए रखने वाले उपचार या उपकरणों को हटाया जाता है और मरीज को प्राकृतिक रूप से मृत्यु आने दी जाती है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए हरीश राणा के जीवन-रक्षक उपचार को हटाने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने यह निर्णय सुनाया। अदालत ने कहा कि व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने का अधिकार है, और उसी प्रकार गरिमा के साथ मरने का अधिकार भी मानवीय अधिकारों का हिस्सा है। अदालत ने निर्देश दिया कि उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती किया जाए और चिकित्सा विशेषज्ञों की देखरेख में पैसिव यूथेनेशिया की प्रक्रिया अपनाई जाए।

इस निर्णय के बाद जब हरीश राणा को एम्स ले जाया जा रहा था, तब परिवार के बीच अत्यंत भावुक दृश्य देखने को मिला। परिवार के लोग उनके पास खड़े होकर उन्हें विदा दे रहे थे। एक आध्यात्मिक कार्यकर्ता ने उनके पास खड़े होकर कहा, 'सबको माफ करते हुए, सबसे माफी मांगते हुए अब जाओ।' यह शब्द केवल एक व्यक्ति के लिए विदाई नहीं थे, बल्कि जीवन की गहरी सच्चाइयों को व्यक्त करने वाले शब्द थे। उस क्षण में वर्षों की पीड़ा, संघर्ष, आशा और निराशा सब एक साथ दिखाई दे रहे थे।

यह घटना केवल एक परिवार की निजी त्रासदी नहीं है। इसने पूरे देश में एक नई बहस को जन्म दिया है। सवाल यह है कि क्या जीवन को हर कीमत पर बनाए रखना आवश्यक है, या फिर कभी-कभी व्यक्ति की गरिमा और पीड़ा को देखते हुए उसे प्राकृतिक मृत्यु की अनुमति देना अधिक मानवीय हो सकता है। चिकित्सा विज्ञान का उद्देश्य जीवन को बचाना है, लेकिन जब जीवन केवल कृत्रिम उपकरणों पर निर्भर रह जाए और उसमें चेतना का कोई संकेत न हो, तब डॉक्टरों और परिवार के सामने नैतिक दुविधा खड़ी हो जाती है।

इस मामले ने यह भी दिखाया कि चिकित्सा निर्णय केवल वैज्ञानिक नहीं होते, बल्कि उनमें गहरी मानवीय संवेदनाएँ भी शामिल होती हैं। डॉक्टरों के लिए भी यह आसान निर्णय नहीं होता कि किसी मरीज के जीवन-रक्षक उपकरण हटाए जाएँ। इसलिए ऐसी स्थितियों में कई स्तरों पर चिकित्सकीय और कानूनी समीक्षा की जाती है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि निर्णय पूरी तरह मानवीय, नैतिक और कानूनी आधार पर लिया गया है।

हरीश राणा का मामला भारत में इच्छामृत्यु से जुड़ी बहस के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है। इससे पहले भी 'अरुणा शानबाग' जैसे मामलों ने इस विषय पर चर्चा को जन्म दिया था। लेकिन हरीश राणा का मामला इसलिए अलग है क्योंकि इसमें अदालत ने पहली बार स्पष्ट रूप से जीवन-रक्षक उपचार हटाने की अनुमति दी और इसे 'गरिमा के साथ मृत्यु' के अधिकार से जोड़ा इस घटना का सबसे मार्मिक पक्ष यह है कि इसमें किसी प्रकार की सनसनी नहीं है, बल्कि केवल मानवीय पीड़ा और करुणा है। एक परिवार ने अपने बेटे को तेरह वर्षों तक संभालकर रखा, उम्मीद की कि शायद कोई चमत्कार हो जाए। लेकिन जब यह स्पष्ट हो गया कि वह कभी सामान्य जीवन में वापस नहीं लौट पाएगा, तब उन्होंने भारी मन से उसे मुक्त करने का निर्णय लिया। यह निर्णय लेना किसी भी माता-पिता के लिए शायद दुनिया का सबसे कठिन निर्णय होता है।

जीवन की सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि वह अनिश्चित है। कभी-कभी जीवन हमें ऐसे मोड़ पर ला खड़ा करता है जहाँ कोई भी विकल्प आसान नहीं होता। हरीश राणा की कहानी हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि जीवन केवल सांसों का नाम नहीं है, बल्कि चेतना, अनुभव और सम्मान के साथ जीने का नाम है। जब ये सब समाप्त हो जाएँ, तब शायद मृत्यु भी एक प्रकार की मुक्ति बन जाती है। इस घटना ने समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। यह संदेश करुणा, संवेदना और मानवीय गरिमा का है। यह हमें याद दिलाता है कि कानून और चिकित्सा के निर्णय केवल नियमों से नहीं, बल्कि मनुष्यता की गहराई से भी जुड़े होते हैं। हरीश राणा की कहानी अंततः हमें यही सिखाती है कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति प्रेम है और कभी-कभी प्रेम का सबसे कठिन रूप किसी प्रिय व्यक्ति को शांति से विदा कर देना भी होता है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती, 128 वाहनों का चालान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान भटवलिया, बस स्टैंड, कचहरी चौराहा, जिला पंचायत कट, सुभाष चौक और कसया रोड पर वाहनों की जांच की गई। सड़कों पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के साथ ही बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठाकर चलने वालों पर कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में कुल 128 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि 14 वाहनों को सीज किया गया। इसके अलावा ई-रिक्शा वाहनों की चेकिंग कर वैध कागजात मिलने पर नंबरिंग की गई तथा कई स्थानों पर डायवर्जन भी लागू किया गया।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**देवरिया।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थलों व धार्मिक स्थानों पर पहुंचकर हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान डायल-112, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस सेवा-108 सहित विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए।

### हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**देवरिया।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी करते हुए थाना गौरीबाजार से संबंधित हत्या के मामले में अभियुक्त हरिकेश यादव उर्फ शैलेश यादव को न्यायालय ने आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। इस कार्रवाई में अभियोजन व पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही, जिससे मामले में दोषसिद्धि सुनिश्चित हो सकी।

### 18 मार्च को वृहद रोजगार मेला, 1 हजार से अधिक युवाओं को अवसर

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत 18 मार्च को राजकीय आईटीआई, सलेमपुर रोड पर वृहद रोजगार मेले का आयोजन होगा। इसमें टाटा मोटर्स, अशोक लेलैंड, एल एंड टी, आईसीआईसीआई बैंक सहित 30 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। मेले में 1 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। हाईस्कूल से स्नातकोत्तर तक के 18 वर्ष से अधिक आयु के अभ्यर्थी अपने प्रमाण पत्र और बायोडाटा के साथ सुबह 9 बजे से शामिल हो सकते हैं। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

### मजदूरी भुगतान में देरी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार विरोध

**डबल इंजन की सरकार में 2 हजार करोड़ रुपये का भुगतान लंबित गरीब मजदूरों की बिगड़ती ज़्ा रही आर्थिक स्थिति**

**देवरिया।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत मजदूरी भुगतान में देरी को लेकर मंगलवार को विकास भवन परिसर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने किया, जहां कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में लगभग एक करोड़ मनरेगा मजदूर परिवारों को पिछले 75 दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 2000 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है, जिससे गरीब मजदूरों की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह सरकार मजदूरों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज करेगी। किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि जब सरकार 100 दिन का रोजगार समय से नहीं दे पा रही है, तो 125 दिन रोजगार देने की घोषणा केवल जुमला है। मनरेगा कोऑर्डिनेटर सत्य प्रताप मिश्रा अंशु ने बताया कि करीब 40 हजार संविदा कर्मियों को भी पिछले 8 महीनों से मानदेय नहीं मिला है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े पूर्व पार्षद की हत्या से दहला गोरखपुर, विरोध में जाम—7 हिरासत में, कई टीमें गठित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के बरगदवा में मंगलवार सुबह पूर्व पार्षद राजकुमार चौहान की दिनदहाड़े हत्या से सनसनी फैल गई। दुस्साहसिक वारदात के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे हटाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। मिली जानकारी के अनुसार, राजकुमार चौहान रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। तभी पहले से घात लगाए चार हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बदमाशों ने बेहद सुनियोजित तरीके से हमला किया–पहले गोली मारकर गिराया, फिर चाकू से कई वार किए। घायल अवस्था में चौहान ने भागकर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर दोबारा हमला किया और उन्हें मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी अपनी गाड़ी कुछ दूरी पर खड़ी कर पैदल मौके तक पहुंचे थे, ताकि पहचान से बच सकें। वारदात के बाद कुछ देर तक मौके पर डटे रहने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। परिजन चौहान को तत्काल बीआरडी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी गई है और एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ तेज कर दी है।

**7 लोग हिरासत में, कई टीमें सक्रिय**

पुलिस ने मामले में तेजी दिखाते हुए अब तक 7 संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा किया जा रहा है।

**इलाके में तनाव, सुरक्षा कड़ी**

हत्या के बाद पूरे बरगदवा इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। स्थानीय लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## तीन भाजपा नेता बने मनोनीत सभासद, खुशी की लहर

**रूद्रपुर, देवरिया।** शासन के निर्देश पर तीन भाजपा नेताओं को नगर पंचायत रुद्रपुर की बोर्ड में सभासद मनोनीत किया गया। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष दिलीप जायसवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष मथुरा पांडे व भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता तेज प्रताप गुप्ता को सभासद के रूप में मनोनीत किया गया। सोमवार को भाजपा संगठन की तरफ से इस आशय की सूचना आते ही नगर क्षेत्र में भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ने लगी। लोगों ने तीनों भाजपा नेताओं को अलग-अलग कार्यक्रमों में माला पहनकर स्वागत किया व सभासद मनोनीत होने पर बधाई दिया। बता दें कि नगर पंचायत में कुल 16 वार्ड हैं जिसके लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचन किया जाता है। जबकि शेष तीन सदस्यों को मनोनीत किया जाता है। इस प्रकार नगर पंचायत की बोर्ड में अब कुल 19 सभासद हो गये। नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम तथा उनके प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता छट्ठेलाल निगम सहित वर्तमान मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता,विनोद गुप्ता, सुनील जायसवाल आदि ने तीनों मनोनीत सदस्यों को बधाई दिया।

## देर रात जारी सूची से गोला की राजनीति में हलचल, बागी को मिला सभासद पद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार (गोरखपुर)।** नगर पंचायत गोला की सियासत में सोमवार देर रात उस वक्त अचानक हलचल तेज हो गई, जब शासन स्तर से मनोनीत सभासदों की सूची जारी कर दी गई। सूची में ऐसे नाम सामने आए, जिन्होंने हालिया चुनाव में हार का सामना किया था या फिर बागी तेवर दिखाए थे। इसके बाद पूरे नगर में राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। जारी सूची के अनुसार किरन सोनकर, विद्याधर पाण्डेय और दीपक जायसवाल को सभासद के रूप में मनोनीत किया गया है। इनमें किरन सोनकर पूर्व में भाजपा के टिकट पर मौजूदा चेयरमैन लालती देवी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरी थीं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं दीपक जायसवाल ने भी भाजपा के खिलाफ बागी रुख अपनाते हुए चुनाव लड़ा था, मगर जीत हासिल नहीं कर सके थे। ऐसे में चुनाव हारने और बगावत करने वाले चेहरों को सभासद बनाए जाने से राजनीतिक समीकरणों पर सवाल उठने लगे हैं। तीसरे मनोनीत सभासद विद्याधर पाण्डेय को लेकर यह चर्चा है कि उनका चयन क्षेत्रीय विधायक की सिफारिश पर हुआ है। इस फैसले ने यह संकेत भी दिया है कि स्थानीय राजनीति में संतुलन साधने की कोशिश की गई है। सूची जारी होते ही गोला नगर में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। कुछ लोग इसे पार्टी के भीतर समायोजन की रणनीति बता रहे हैं, तो कुछ इसे आगामी राजनीतिक समीकरणों से जोड़कर देख रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी सहित भाजपा नेताओं ने भरोसा जताया है कि सभी मनोनीत सभासद नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। अब देखना यह होगा कि यह फैसला आने वाले समय में स्थानीय राजनीति को किस दिशा में मोड़ता है।

## दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान संग गोरखपुर के पर्वतारोही नीतिश सिंह ने किया पौधारोपण

**●हरित भारत के संकल्प को मिली नई ताकत, युवाओं से आगे आने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर/नई दिल्ली।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में एक प्रेरक पहल सामने आई है। गोरखपुर के अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही नीतिश सिंह ने राजधानी हृद्र2 ष्ठद्गद्यद्धद्ब में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच युवाओं की भूमिका, खेल और पर्यावरण संरक्षण जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के बाद अशोका रोड स्थित मंत्री आवास पर दोनों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर 'हरित भारत' के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर नीतिश सिंह ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी बन चुका है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण को देखते हुए अब व्यक्तिगत स्तर पर ठोस पहल जरूरी है।

नीतिश सिंह ने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे पौधारोपण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और सोशल मीडिया के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता फैलाएं। उनका कहना था कि यदि हर व्यक्ति नियमित रूप से पौधे लगाए और उनकी देखभाल करे, तो देश को हरित बनाने का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने नीतिश की पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और उसे जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। नीतिश सिंह ने अपने पर्वतारोहण अनुभव साझा करते हुए बताया कि ऊंची चोटियों पर उन्होंने प्रकृति के बदलते स्वरूप को करीब से महसूस किया है। ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना और मौसम के पैटर्न में बदलाव जलवायु संकट के गंभीर संकेत हैं। गौरतलब है कि नीतिश सिंह आठ देशों की सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहरा चुके हैं। उनकी उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं। कार्यक्रम में अमन रावत समेत कई लोग मौजूद रहे और सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## निजी अस्पतालों में डिलेवरी की हो मॉनिटरिंग: सीडीओ

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, आशा भुगतान और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। खराब प्रदर्शन पर कई एमओआईसी को फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने तरकुलवा, लार, भागलपुर और बनकटा ब्लॉकों में कम संस्थागत प्रसव पर चिंता जताते हुए निजी अस्पतालों में हो रही डिलेवरी की मॉनिटरिंग को कहा। स्वास्थ्य केंद्रों में साफ-सफाई, शौचालय व्यवस्था और मरीजों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ के माध्यम से शत-प्रतिशत एनसीडी स्क्रीनिंग और पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया गया। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने गर्भवती महिलाओं के समय से पंजीकरण, जांच और टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हाईरिस्क प्रेग्नेंसी मामलों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया।

## साइबर ठगों पर पुलिस का करारा वार, 33 हजार से ज्यादा की रकम कराई वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों के बीच थाना राजघाट पुलिस ने एक सराहनीय कार्य करते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए पीड़ित को 33,325 की पूरी रकम वापस दिलाकर बड़ी राहत दी है। त्वरित कार्रवाई और तकनीकी समन्वय के चलते यह सफलता हासिल हुई। पुलिस के अनुसार, पीड़ित के साथ क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर साइबर ठगों ने धोखाधड़ी कर 33,325 ट्रांसफर कर लिए थे। ठगों ने इस रकम का इस्तेमाल ऑनलाइन गोल्ड खरीदने में किया था। मामले की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर शिकायत दर्ज कराई और थाना राजघाट पुलिस को सूचना दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक अपराध व क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजघाट के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। साइबर नोडल उपनिरीक्षक वैभव विश्वकर्मा ने संबंधित कंपनी के नोडल अधिकारी से संपर्क कर संदिग्ध ट्रांजेक्शन को समय रहते रुकवा दिया। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर पुलिस टीम ने पीड़ित के क्रेडिट कार्ड में पूरी रकम रिफंड करा दी। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविंद राय, साइबर नोडल वैभव विश्वकर्मा व कंप्यूटर ऑपरेटर हेड कांस्टेबल राम प्रकाश चौधरी की अहम भूमिका रही।

## श्री चतुर्भुजीनाथ मंदिर की भूमि से अवैध अतिक्रमण को एस डी एम गोला ने हटवाया

**●मंदिर की भूमि के अतिक्रमण से मुक्त होने पर ग्रामीणों ने मनायी खुशी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर ।** उप जिलाधिकारी गोला की अध्यक्षता में राजस्व विभाग एवं उरुवा पुलिस की संयुक्त टीम ने आबादी में स्थित श्री चतुर्भुजी नाथ के प्राचीन मंदिर के अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया। जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है। प्राप्त विवरण के अनुसार कोर्रा में स्थित श्री चतुर्भुजी नाथ के प्राचीन मंदिर कि कुल भूमि 14 डिसमिल है। परंतु मंदिर की 6 डिसमिल जमीन पर रणविजय गुप्ता व राकेश गुप्ता पुत्रगण अवधेश गुप्ता ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया था । बताया जाता है कि इसी बीच अन्य थाना क्षेत्र का एक अल्पसंख्यक समुदाय का प्रॉपर्टी डीलर आकर मंदिर के इर्द-गिर्द लगभग ढाई एकड़ से अधिक की भूमि खरीद ली। और खरीदी हुई जमीन पर एक छोटा कमरा बनवा कर टीन सेट डालकर अपना कार्यालय खोल दिया।उल्लेखनीय है कि प्रापर्टी डीलर ने प्लाटिंग के लिए जहां जमीन खरीदी है वह दुर्गम क्षेत्र में है साथ ही वहां आने -जाने का रास्ता भी नहीं है। गांव के ऐसे सुनसान व निर्जन स्थान पर प्लाटिंग आखिर कौन से लोगों के लिए की जा रही है? कहीं इसके पीछे धुरियापार की डेमोग्राफी बदलने की साज़िश तो नहीं है? ग्रामीण उक्त प्रश्नों में उलझे थे।इसी बीच रणविजय गुप्ता व राकेश गुप्ता पुत्रगण अवधेश गस़ा ने मंदिर की अतिक्रमण की हुई भूमि को उक्त प्रॉपर्टी डीलर के प्लाटिंग की हुई जमीन पर आने-जाने के रास्ते के लिए मुंह मांगी कीमत पर अवैध रजिस्ट्री बैनामा कर दिया। मंदिर की जमीन की अवैध रूप से रजिस्ट्री बैनामा कराने के पश्चात प्रापर्टी डीलर मंदिर की उक्त जमीन पर काबिज होने के लिए अपने धन बल का प्रयोग करने लगा। जिसे लेकर मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश जायसवाल पिछले लगभग तीन वर्षो से उपजिलधिकारी से लेकर जिले के सभी उच्च अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक गुहार लगाते रहे संबंधित जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी प्रॉपर्टी डीलर के धन बल के प्रभाव में उच्च अधिकारियों को दी गई अपनी कागजी रिपोर्ट में फर्जी तरीके से मंदिर की जमीन में ग्रामीणों की सहमति से 12 फीट का रास्ता दिखाते रहे।लेकिन ग्रामीणों ने हार नहीं मानी और अपना प्रयास जारी रखा। आखिरकार ग्रामीणों का प्रयास रंग लाया ।दिनांक 15मार्च को सायं काल 4:00 बजे उप जिलाधिकारी गोला अपने लाव लश्कर के साथ धुरियापार स्थित श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर पर आये और अपने नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों के समक्ष मंदिर के जमीन की पैमाइश करायी। पैमाइश का परिणाम देखकर ग्रामीणों को न्याय की उम्मीद जग गयी। क्योंकि पूर्व में राजस्व निरीक्षक उरुवा रमेश पांडे के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा जब पैमाइश हुई तो मंदिर की जमीन 12 डिसमिल बतायी गयी। जबकि उपजिलाधिकारी के पैमाइश में मंदिर की जमीन 14 डिसमिल निकली। इतना ही नहीं उपरोक्त कानूनगो रमेश पांडे एवं हल्का लेखपाल अमित शुक्ला ने स्पाट मेमो पर ग्रामीणों से हस्ताक्षर कराकर उक्त स्पाट मेमो को ग्रामीणों का सहमति पत्र दर्शाकर प्रापर्टी डीलर को मंदिर की जमीन से 12 फुट रास्ता निकाला था। परंतु 15 मार्च को उपजिलाधिकारी गोला के नेतृत्व में हुई पैमाइश में कानूनगो, लेखपाल और प्रॉपर्टी डीलर की मिली भगत से की गई साजिश की कलई भी खुल गई। जिसे लेकर उपजिलाधिकारी गोला ने राजस्व निरीक्षक उरुवा को फटकार भी लगायी एवं मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रिंटू शाही को निर्देशित किया कि मंदिर पर अभिलंब सी सी टी वी कैमरा लगवायें एवं मंदिर की जमीन का फर्जी बैनामा करने कराने वाले लोगों के खिलाफ अभिलंब कानूनी कार्यवाही के लिए पहल करें।साथ ही साथ उप जिलाधिकारी गोला ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि नवरात्रि के बाद मंदिर मंदिर की अतिक्रमण मुक्त 6 डिसमिल जमीन की चारदीवारी प्रशासन की देख देख में करा दिया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने मंदिर की जमीन का फर्जी बैनामा करने वाले को चेतावनी देते हुए कहे कि तीन डिसमिल तुम्हारी जमीन है और 8 डिसमिल जमीन में मकान बनवाए हो तुम्हारे खिलाफ भी बेदखली की कर्रवाई हो जाएगी। उप जिलाधिकारी के इस निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यवाही की क्षेत्र में चर्चा है।

## सहायक अध्यापक पर नियमित विद्यालय नहीं आने का आरोप

**●कई बार शिकायत के बाद भी सहायक अध्यापक के विरुद्ध कार्यवाही से कतरा रही शिक्षा विभाग, सहायक अध्यापक के कारनामे से ग्रामीणों में रोष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी स्थित सिविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात एक सहायक अध्यापक पर नियमित विद्यालय नहीं आने का आरोप लगा है। अमित कुमार शुक्ला ने आइजीआरएस के माध्यम से बेसिक शिक्षा अधिकारी से इसकी शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। अमित कुमार शुक्ला ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि ग्राम पंचायत सेवतरी स्थित सिविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक महेंद्र गुप्ता विगत कई वर्षों से नियमित विद्यालय नहीं आते हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि सहायक अध्यापक महेंद्र गुप्ता महीने में दो-तीन दिन ही विद्यालय आते हैं और अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर में गलत तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज कर पुनः वापस चले जाते हैं। इस मामले को लेकर कई बार ग्रामीण व जिम्मेदार अध्यापकों के बीच कहासुनी भी हो चुकी है। सहायक अध्यापक के लगातार अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में रोष उत्पन्न है। अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि उक्त अध्यापक की शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन जांच अधिकारियों के मेहरबानी के कारण उक्त अध्यापक पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। वहीं स्थानीय विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण में कई बार उक्त सहायक अध्यापक नदारद मिले हैं फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत के बाद जांच अधिकारियों द्वारा महज कारण बताओ नोटिस जारी कर मामले का इतिश्री कर दिया जाता है। इस संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल कर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## बलरामपुर में 210 लाभार्थियों को आवास योजना का लाभ:खातों में हस्तांतरित हुई अनुदान राशि की पहली किस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत जनपद बलरामपुर के 210 लाभार्थियों के बैंक खातों में अनुदान राशि की पहली किस्त हस्तांतरित की गई। यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी गई। प्रदेशभर में इस योजना के अंतर्गत लगभग 90 हजार लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में करीब 900 करोड़ रुपये दिए गए।आदर्श नगरपालिका परिषद के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नगर के लाभार्थियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री के संबोधन को सुना। बलरामपुर जनपद में कुल 210 लाभार्थियों को लाभ मिला, जिनमें बलरामपुर नगर के 31, उतरौला के 38, गैसड़ी के 74, पचपेड़वा के 35 और तुलसीपुर के 32 लाभार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शिव नारायण सिंह ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों को पहली किस्त मिली है, वे जल्द से जल्द अपने आवास का निर्माण कार्य शुरू करें। इससे समय पर निरीक्षण के बाद उन्हें दूसरी और तीसरी किस्त भी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पहली किस्त एक लाख रुपये, दूसरी किस्त एक लाख रुपये और तीसरी किस्त 50 हजार रुपये प्रदान की जाती है।अपर जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को एक भी रुपया देने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई व्यक्ति धनराशि की मांग करता है, तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें और संभव हो तो उसका फोटो भेजें, ताकि उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

कार्यक्रम के दौरान कई लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर ईओ एवं पीओ डूडा लाल चन्द्र मौर्य, अध्यक्ष प्रतिनिधि डी.पी. सिंह बैस, डूडा प्रबंधक अखिलेश कुमार सिंह, सीएलटीसी डूडा कृष्ण मुनि सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। लाभार्थियों में खातून बेगम, लक्ष्मी, विमला मिश्र, विनीता मिश्र, बच्चन देवी, पूनम, रेनू, प्रेमनाथ, रुकसाना, रवि प्रकाश आदि प्रमुख थे।कार्यक्रम में मौजूद लाभार्थियों ने सरकार द्वारा दी जा रही सहायता के लिए आभार व्यक्त किया और जल्द से जल्द अपने आवास का निर्माण पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई।

## रेशम चौपाल में रेशम उत्पादन पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर स्थित राजकीय रेशम फार्म पर मंगलवार को केंद्रीय रेशम फार्म बोर्ड लखनऊ के वैज्ञानिक डीएन सिंह के नेतृत्व रेशम मेला चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों को रेशम कीट व रेशम पालन को लेकर जागरूक किया गया। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक के रतनपुर में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजनांतर्गत रेशम मेला चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद सभी लोगों को जागरुक करने के लिए रेशम उत्पादन, शहतूत की खेती, एवं कोकून तथा धागा प्रदर्शनी का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। आयोजन में सभी लोगों को रेशम कीट पालन के लिए तथा रेशम विभाग की तमाम योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। केंद्रीय रेशम बोर्ड वैज्ञानिक लखनऊ डाक्टर डीएन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जितने भी आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थी हैं वह लोग रेशम कीट पालन अवश्य करें। रेशम कीट पालन के साथ साथ उनको परिश्रमिक दिया जाएगा। वहीं रेशम मेला चौपाल कार्यक्रम के अंत में डाक्टर डीएन सिंह ने रेशम फार्म का निरीक्षण किया तथा रेशम फार्म में नए शहतूत के पौधों की नर्सरी को देखकर बहुत खुश हुए। रतनपुर रेशम फार्म के इंचार्ज एसके शुक्ला को शहतूत खेती में समय-समय पर देख-रेख करने की नसीहत भी दी। इस दौरान रेशम मेला चौपाल आयोजन में रतनपुर रेशम फार्म इंचार्ज एसके शुक्ला, सहायक निदेशक डॉ एसबी सिंह, रेशम फार्म रतनपुर प्रभारी छोटे लाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सतीश उर्फ बेचन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य बाबूलाल यादव, प्रेम नारायण शर्मा, जगदीश यादव, प्रहलाद, राजू साहनी, अमरनाथ गिरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# न खेत न बही, जो पुलिस कहे वही सही

## ● लखीमपुर में 'फर्जी मुठभेड़' की साजिश का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के थाना फरधान क्षेत्र के ग्राम पीरपुर निवासी एक लाचार पिता ने पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मिलकर एक निर्दोष राजमिस्त्री को 'इनामी बदमाश' बताकर उसे फर्जी मुठभेड़ में मारने की साजिश रची। अब पीड़ित परिवार मुख्यमंत्री से लेकर आलाधिकारियों तक न्याय की गुहार लगा रहा है।

**क्या है पूरा मामला?**

पीरपुर निवासी लल्लन के अनुसार, उनका पुत्र अच्छन बाबू पेशे से राजमिस्त्री है। घटना 11 मार्च 2026 की है, जब अच्छन अपने भाई हाशिम और एक अन्य साथी के साथ लखीमपुर शहर के पटेलनगर से काम खत्म कर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में नीमगांव पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने उन्हें बिना बताए हिरासत में ले लिया।

**परिजनों के संगीन आरोप-** परिजनों का कहना है कि गिरफ्तारी के 7 घंटे तक पुलिस ने उन्हें कोई सूचना नहीं दी। जब काफी खोजबीन के बाद मुख्यमंत्री और




पुलिस महानिरीक्षक को ट्वीट कर शिकायत की गई, तब जाकर पुलिस ने छोटे बेटे हाशिम के फोन से परिजनों को गिरफ्तारी की जानकारी दी।

**पीड़ित पिता द्वारा उठाए गए मुख्य सवाल-**

इनाम की कहानी: पुलिस का दावा है कि अच्छन बाबू पर 50,000 रुपये का इनाम था। पिता का सवाल है कि यदि वह इतना बड़ा अपराधी था, तो पुलिस ने कभी घर पर दबिश क्यों नहीं दी? वह रोज शहर में खुलेआम काम कैसे कर रहा था?

**लोकेशन का खेल-** परिजनों का आरोप है कि अच्छन को शाम 6 बजे लखीमपुर शहर से पकड़ा गया, जबकि पुलिस ने गिरफ्तारी 20 किमी दूर बांछेपारा गांव से रात में दिखाई है। साथ ही नाजायज असलहा और कारतूस की बरामदगी को भी पूरी तरह फर्जी बताया जा रहा है।

साजिस या इत्तेफाक? घटना से दो दिन पहले कुछ लोग सादी वर्दी में घर आए थे, जिन्होंने आधार कार्ड और फोटो लिए थे। आरोप है कि यह सब एक 'फर्जी एनकाउंटर' की रूपरेखा तैयार करने के लिए किया गया था। 'मेरे बेटे को प्रमोशन के लालच में फंसाया गया है। फरधान पुलिस, नीमगांव पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मिलकर यह घटिया कृत्य किया है। हम मांग करते हैं कि पुलिसकर्मियों के मोबाइल लोकेशन की जांच हो, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

**'लल्लन (पीड़ित पिता) जांच की उठ रही मांग**

पीड़ित परिवार ने इस पूरे प्रकरण में उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस ने जिस आरोपी के बयान पर अच्छन को पकड़ा है, वह पूरी तरह निराधार है। ग्रामीणों में भी पुलिस की इस कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराता है या 'खाकी' का रसूख सच्चाई पर भारी पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### गन्ना कटाई के दौरान युवती से बदसलूकी और मजदूरों पर हमला




**लखीमपुर खीरी** मामला थाना धौरहरा क्षेत्र, हल्का नंबर-2, ग्राम बजहा का बताया जाता है जहां नशे में धुत युवक की करतूत सामने आयी हैं सूत्र बता रहे हैं कि बजहा गांव में ठेके पर गन्ने की कटाई कर रही हरिजन समुदाय की एक युवती के साथ गांव के ही विनय अवस्थी ने नशे की हालत में जोर-जबरदस्ती का प्रयास किया। शोर मचाने पर बचावः युवती द्वारा शोर मचाने पर पास में काम कर रहे अन्य मजदूर उसे बचाने के लिए मौके पर पहुंचे। धारदार हथियार से हमलाः मजदूरों को आता देख आरोपी विनय अवस्थी ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। और आरोपी मजदूरों को भद्दी-भद्दी गालियां देने और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।इस दुस्साहसिक घटना के बाद से दलित समुदाय और स्थानीय मजदूरों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### जे पी एस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव




**रायबरेली गुरुबक्शगंज।** स्थित सीएस सी बाल विद्यालय (जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल) में आज वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव के भव्य आयोजन में विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला प्रबन्धक मोहित शुक्ला डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए वरिष्ठ समाजसेवी भगवती प्रसाद दीक्षित जी, बड़ौदा मैनेजर जितेंद्र पटेल जी, एस बी आई लाइफ से असिस्टेंट मैनेजर अजय प्रकाश सिंह जी, स्टेट बैंक ब्रांच मैनेजर, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ब्रांच मैनेजर, संजय बाजपेई जी आदि समस्त गणमान्य लोग उपस्थित थे। वर्ष 2025- 26 के पुरस्कार वितरण समारोह में प्लेग्रुप, नर्सरी, एलकेजी,यूकेजी के बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया व डांस/म्यूजिक/ कन्वर्सेशन/ डिसिप्लिन/ अटेंडेंस आदि अनेकों एकेडमिक क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय परिणाम हासिल किए। अभिभावकों द्वारा विद्यालय के प्रति अनेकों प्रशंसाएं की गई। विद्यालय के डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा सभी अभिभावकों व बच्चों को अनंत शुभकामनाएं दी गई व उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने बताया कि यह दिन बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों व विद्यालय परिवार के लिए बहुत ही हर्ष व गौरव का दिन है। उन्होंने सभी टॉप रैंकर्स व अन्य सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं अमिता, श्रेयांशी, आस्था आकृति, हर्षिता, सिमरन, दामिनी, रंजना, पायल, रेहा तथा अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने राज्यपाल को मनरेगा मजदूरों का भुगतान मांग को लेकर संबोधित ज्ञापन सौंपा



**लखीमपुर खीरी।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मनरेगा मजदूरों और ग्राम रोजगार सेवकों के बकाया भुगतान की मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के तहत काम करने वाले लाखों मजदूर परिवारों को पिछले लगभग 75 दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। प्रदेश में करीब दो हजार करोड़ रुपये का मनरेगा भुगतान लंबित है।इसके अतिरिक्त, योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40 हजार संविदा कर्मियों को भी पिछले करीब आठ महीनों से मानदेय नहीं मिला है। इस स्थिति के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि मनरेगा मजदूरों और संविदा कर्मियों का लंबित भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भुगतान में देरी हुई, तो कांग्रेस पार्टी जनपद में एक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय जिला पंचायत सदस्य और पूर्व जिला योजना समिति सदस्य प्रहलाद पटेल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## तेदुएं ने बछड़े पर किया हमला परिजनों को मिला अधखाया शव, वन कर्मियों की टीम ने जायजा लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** उत्तर निघासन वन रेंज के बेनी पुरवा गांव में एक तेंदुए ने घर में बंधे बछड़े पर हमला कर मार डाला। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। यह तीसरी बार है जब तेंदुए ने इस क्षेत्र में गौवंशीय पशुओं को निशाना बनाया है। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों की थी गयी जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामकुमार यादव की निजी गौशाला में यह घटना हुई। बीती रात तेंदुआ गौशाला में घुस आया और एक बछड़े को मार डाला।मंगलवार सुबह जब परिवार के सदस्यों ने देखा, तो बछड़े का अधखाया और क्षत-विक्षत शव पड़ा था।

आबादी क्षेत्र में तेंदुए की लगातार आमद से ग्रामीण भयभीत हैं। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है।

इससे पहले भी दो अन्य गौवंशीय पशुओं



को तेंदुआ अपना निवाला बना चुका है, जिससे ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचित किया। वन कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया।वन विभाग ने क्षेत्र के लोगों से वन्यजीवों के दिखने पर तुरंत सूचना देने और सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।

### अनियंत्रित डीसीएम ने महिला को कुचलाः अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, पुलिस ने जांच शुरू की




**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। एक अनियंत्रित डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान रहजनिया गांव निवासी 52 वर्षीय देवकी, पत्नी राकेश के रूप में हुई है। देवकी मैगलगंज क्षेत्र में दवा लेने आई थीं, तभी यह दुर्घटना हुई।दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल देवकी को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा।अस्पताल में डॉक्टरों ने देवकी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लखीमपुर खीरी तहसील में अधिवक्ताओं के नए चैंबरों का उद्घाटन



**लखीमपुर खीरी।** स्थानीय तहसील सभागार में अधिवक्ताओं के लिए नवनिर्मित चैंबरों का उद्घाटन एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक श्री योगेश वर्मा ने नए चैंबरों का उद्घाटन किया।इस गरिमामयी अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री राजीव कुमार पांडे, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार और बार काउंसिल के अजय शुक्ला,अवधेश त्रिवेदी एड,यज्ञ प्रकाश त्रिवेदी एड,भानु प्रताप सिंह एड सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत करते हुए इन नए चैंबरों को अधिवक्ताओं की कार्य-सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

## राजेपुर में पांच दिवसीय बुद्ध कथा का शुभारंभ, भीम-बुद्ध के भजनों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नीमगांव खीरी।** विकासखंड मितौली के अंतर्गत मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजेपुर में पांच दिवसीय भव्य 'बुद्ध कथा' का आयोजन किया गया है। मेला कमेटी के अध्यक्ष खुशीराम गौतम के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के भारी संख्या में श्रद्धालु और अनुयायी शिरकत कर रहे हैं।

पूर्व राज्यसभा सांसद ने किया उद्घाटन कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने शिरकत की। उन्होंने विधिवत फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने तथागत बुद्ध और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डालते हुए समाज को शिक्षित और संगठित होने का संदेश दिया।

**सुरेश गौतम की वाणी में बह रही भक्ति की धारा** कथा के मुख्य वाचक एवं प्रसिद्ध गायक सुरेश गौतम अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जन-जन को मंत्रमुग्ध कर रहे



हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध के शांति संदेशों और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्षों पर आधारित गीतों व संगीत की ऐसी धारा बहाई कि पूरा पांडाल 'जय भीम-नमो बुद्धाय' के जयघोष से गूंज उठा।

**सामाजिक एकता का संदेश** मेला कमेटी के अध्यक्ष खुशीराम गौतम ने बताया कि इस पांच दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुद्ध की शिक्षाओं का प्रसार करना और नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना है। कथा के दौरान गांव व आसपास के क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर मेला कमेटी के समस्त सदस्य, स्थानीय गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## घरेलू पालतू कुत्ते के काटने से घायल हुआ नौनिहाल, पीडिता ने की सीएम पोर्टल पर शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** पालतू कुत्ते के काटने को लेकर पीड़िता ने यूपी मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी है जो उपजिलाधिकारी खीरी को संबोधित है।दर्ज करायी शिकायत में पीड़िता प्रीती पुष्कर पत्नी कालिका प्रसाद निवासी मोहल्ला कमलापुर शिव कालोनी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी द्वारा बताया गया है कि घटना दिनांक 13 मार्च 26 की है जब पीड़िता का पुत्र कृष्णा पुष्कर घर पर रात करीब 8 बजे के लगभग घर के बाहर दरवाजे पर खेल रहा था तभी विपक्षी अभिषेक पुष्कर उर्फ रिंकू पुष्कर एवं रोनित पुष्कर, पीयूष पुष्कर प्रिंस पुष्कर पुत्रगण लल्लू राम सर्व निवासी कमलापुर शिव कालोनी का एक पालतू डाग (कुत्ता) उनके बेटे को काटकर घायल कर दिया जिससे उनके पुत्र के पैर में काफी घाव हो गया।



घटना की सूचना जब उपरोक्त पीड़िता द्वारा उपरोक्त विपक्षी को दी गई तो उन्होंने अपनी गलती स्वीकारते हुए बच्चे का ईलाज कराने को कहा लेकिन कोई इलाज नहीं कराया गया। आरोप है कि पीड़िता द्वारा अब स्वयं बच्चे का ईलाज कराया जा रहा है। पीड़िता ने बताया कि उपरोक्त घटना में यह भी कहना है कि जनपद मिर्जापुर में ऐसी एक घटना भी सामने आई है जहाँ थाना कछवा क्षेत्र के जोगीपुरवा गांव में कक्षा 8 में पढ़ने




वाले छात्र की सामने आई है जहां चार माह बाद कुत्ते के जैसी आवाज निकालने लगा है। वहां के डाक्टरों का कहना है कि उपरोक्त छात्र के रैबीज फैल गया है जिसे मेडिकल की भाषा में हाइड्रोफोबिया कहते हैं। पीड़िता ने कहा है कि मेरे बच्चे के साथ यदि भाविष्य में कुछ ऐसी घटना घटित होती है तो उसके जिम्मेदार उपरोक्त सभी विपक्षीगण होंगे और मामले की गंभीरता को देखते हुए न्याय हित में कार्रवाई करने की मांग की है।

## बलिया में जमीनी विवाद में चली गोली, 1 घायल; पुलिस ने 4 आरोपियों को हिरासत में लिया

● बैरिया के भुवाल छपरा गांव में सुबह 5 बजे की घटना

अशोक ठाकुर के हाथ में लगी गोली, हालत अब सामान्य

2 साल से चल रहा था भूमि विवाद

सीओ बोले- मामला संदिग्ध, हर एंगल से जांच जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया** के बैरिया थाना क्षेत्र के भुवाल छपरा गांव में मंगलवार सुबह जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। फायरिंग की घटना में अशोक ठाकुर (50) घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए चार



आरोपियों—घूरन ठाकुर, बबलू ठाकुर, कृष्ण ठाकुर और अमरनाथ पांडेय—को हिरासत में ले लिया। घायल अशोक ठाकुर के अनुसार, उनका करीब दो साल से भूमि विवाद चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक दिन पहले खेत में फसल कटाई के दौरान आरोपियों ने मजदूरों को भगा दिया था। उन्होंने पुलिस को पहले ही जान का खतरा बताया था, लेकिन मदद नहीं मिली।

अशोक ने बताया कि मंगलवार सुबह जब वह अपने दरवाजे पर मवेशियों को चारा डाल रहे थे, तभी आरोपियों ने उन पर गोली चला दी, जिससे उनके बाएं हाथ में गोली लग गई। घटना के बाद परिजन उन्हें बाइक से अस्पताल लेकर पहुंचे।

वहीं, सीओ बैरिया मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि सुबह 5:25 बजे डायल 112 से सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भेजा। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और चारों नामजद आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। सीओ ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला खेत की कटाई को लेकर विवाद का है, लेकिन घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही।

## जिलाधिकारी ने गैस एजेन्सी स्वामियों के साथ की बैठकः कालाबाजारी करने पर लाइसेंस रद्द करने की दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद-** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कलैक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनपद के सभी गैस एजेन्सी स्वामियों के साथ महत्वपूर्ण आपात बैठक की, बैठक में जिलाधिकारी ने घरेलू गैस की आपूर्ति व्यवस्था और उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गैस एजेन्सियों के बाहर आम नागरिकों की लम्बी लाइनें किसी भी आधार पर नही लगनी चाहिए, उपभोक्ताओं को सुचारू और समयबद्ध तरीके से गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराना एजेन्सी मालिकों की जिम्मेदारी है।

बैठक में जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास पी0एन0जी0 (पाइप नेचुरल गैस) के कनेक्शन है, उनकी सघन जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए की



वह अवैध रूप से एल0पी0जी0 के सिलेण्डर का उपयोग तो नही कर रहे है, यदि ऐसा पाया जाता है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वितरण रजिस्टर से प्रतिदिन रैण्डम आधार पर 50 उपभोक्ताओं से टेलीफोन पर वार्ता की जाए, फीडबैक के जरीए यह पुष्टि की जाएगी की गैस सही व्यक्ति तक पहुंच रहीं है या नही, वितरण में कोई अनियमितता तो नही है।

जिलाधिकारी ने चेतावनी दी की, जिले में गैस की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में स्वीकार नही है, यदि किसी भी गैस एजेन्सी मालिक की, संलिप्तता कालाबाजारी में पाई गयी, तो उसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रदद् कर दिया जाएगा, जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराऐं और गैस एजेन्सियों का आकास्मिक निरीक्षण करें, इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा भी उपस्थित रहें।

## संकुल धरैंचा की मासिक संकुल शिक्षक बैठक सम्पन्न, दायित्वों के प्रति सजग रहने का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खैराबाद सीतापुर।** खैराबाद ब्लॉक के संकुल धरैंचा की मासिक संकुल शिक्षक बैठक कंपोजिट विद्यालय परागपुर में आयोजित की गई, जिसमें संकुल के 23 विद्यालयों से शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक निर्धारित समय एवं एजेंडे के अनुसार संपन्न हुई। बैठक के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, टीएलएम प्रदर्शन, निपुण प्लस, मूल्यांकन, डीबीटी, स्मार्ट क्लास, उल्लास एवं बच्चों की उपस्थिति जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। अनुपस्थित बच्चों से संपर्क कर विद्यालय से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। नोडल संकुल शिक्षक काज़िम हुसैन ने शिक्षकों से अपने कार्यों और दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहने का आह्वान किया। बैठक का संचालन विद्यालय प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार मिश्र ने किया।

संकुल शिक्षकों द्वारा ज़ोर देकर कहा गया कि प्रत्येक विद्यालय में निपुण आंकलन शत प्रतिशत होना अनिवार्य है और 25 मार्च को प्रत्येक विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया जाए तथा ड्रॉप आउट बच्चों तथा अधिक अनुपस्थित रहने वाले बच्चों एवं उनके




अभिभावकों को बुलाकर कार्यक्रम में सम्मानित करके विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा जारी 21 बिंदु की एस ओ पी के अनुरूप कार्य करने की अपील की गई। जबकि नोडल ए आर पी संजीव पटेरिया ने भी अधिक आवश्यकता वाले बिंदुओं तथा वार्षिक परीक्षा पर चर्चा की।बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि अप्रैल 2026 की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय धरैंचा में आयोजित की जाएगी। संकुल शिक्षक हसन जमाल रिज़वी, मुदित पाण्डेय ,एजाज अहमद, काज़िम हुसैन के द्वारा डी सी एफ भी भरा गया जबकि मोहम्मद यूसुफ़ अवकाश पर थे लेकिन डी सी एफ उनके द्वारा भी भरा गया।साथ ही पूर्व संकुल शिक्षक अंजू ने भी विचारों का साझा किया।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा और बच्चों ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया जबकि प्रधानाध्यापक अरविन्द मिश्र के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## राष्ट्रीय एवं सामाजिक सरोकार की मजबूती में रचनात्मकता है महत्वपूर्ण- प्रो0 ओझा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज-प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र एवं आचार्य रामअवधेश मिश्र के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के जरिए हुआ। शिविरार्थी छात्रा अनुष्का शुक्ला व प्रियांशी तथा जान्हवी मिश्रा एवं सान्या मिश्रा के द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान एवं शिविरार्थी छात्रा सुहानी मोदनवाल व पूर्वा शुक्ला के द्वारा लक्ष्य गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुरभि सिंह द्वारा शिविर के उददेश्य पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने छात्र छात्राओं से भविष्य निर्माण के प्रति रचनात्मक विचारधारा को मजबूत बनाने का आहवान किया। उन्होने कहा कि युवा शक्ति के संस्कृतिपरक रचनात्मक व्यक्तित्व के द्वारा ही राष्ट्र एवं समाज की प्रगति आगे बढ़ सकती है।

प्रो0 ओझा ने शिविरार्थियों से सामाजिक सरोकार के प्रति भी अभिरूचि के साथ पठन पाठन को मुख्य लक्ष्य बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी डॉ0 मानवेन्द्र शर्मा व अतिथि वक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने पौधरोपण व स्वच्छता की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एसबीएम ग्रुप के निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र तथा एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र व संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 रजनीश पाण्डेय ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह ने किया। समारोह का संयोजन निदेशक डॉ0 संदीप मिश्र द्वारा किया गया।

### धार्मिक आजादी को लेकर संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए केन्द्र सरकार है जिम्मेदार- प्रमोद तिवारी



**लालगंज-प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने देश में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर अमेरिकी अर्न्तराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग वर्ष 2026 की रिपोर्ट को गंभीर चिंता का विषय करार दिया है। उन्होने आयोग की सलाना रिपोर्ट के हवाले से यह दावा जताया है कि इसमें खुफिया एजेंसी रॉ तथा भाजपा के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग में हस्तक्षेप किये जाने की पुष्टि की गयी है। उन्होने कहा कि इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व खुफिया एजेंसी रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग के द्वारा देश में धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार किया जा रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के द्वारा आरएसएस और रॉ पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गयी है।उन्होने कहा कि भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है ऐसे में आयोग की यह सालाना रिपोर्ट विदेशों में भी देश की छवि को धूमिल बना गयी है। उन्होने यह भी कहा कि इस रिपोर्ट को लेकर देश के अधिकतर राजनैतिक दलों ने भी ताजा चिन्ता व्यक्त की है। उन्होने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर आयोग की रिपोर्ट से यह साफ हो गया है कि भारत के संविधान में सभी धर्मो को मानने वाले लोगों को प्रदत्त अधिकार का खुला उल्लंघन हो रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान मंगलवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# संक्षिप्त खबरें

## त्योहारों से पहले भदोही पुलिस सतर्क, बाजारों व संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त



**भदोही।** आगामी ईद, नवरात्रि और रामनवमी पर्व के मद्देनजर जनपद पुलिस सतर्क हो गई है। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस द्वारा पैदल गश्त व फ्लैग मार्च किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भदोही ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों व वस्तुओं की सघन जांच की। इस दौरान होटल-ढाबों, बाजारों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने आमजन से संवाद स्थापित कर सभी से त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है।

## पीड़ित परिवार को एक लाख की आर्थिक सहायता देगी लोजपा (रामविलास), आज पीपर गांव में कार्यक्रम

**भदोही।** जनपद के ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत पीपर गांव में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा अजबएक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व व उत्तर प्रदेश प्रभारी अरुण भारती के निर्देश पर दोपहर एक बजे होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान के नेतृत्व में जैसलाल सरोज की धर्मपत्नी को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करेगा तथा प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग भी करेगा। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। यह जानकारी लोजपा के उत्तर प्रदेश महासचिव/भदोही प्रभारी कमल तिवारी द्वारा दी गई है।

## MBS का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**प्रयागराज।** महिला भूमिहार समाज के सदस्यों ने होटल। गोल्डेन ट्री सिविल लाइनसमें होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह की शुरुआत पारंपरिक ढंग से एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं होली की शुभकामनाएं देकर की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें गीत, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूमिहार समाज की संस्थातिका डा राजलक्ष्मी राय ने होली के पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बताते हुए सभी को मिलजुलकर समाज में एकता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में आपसी संबंधों को मजबूत करने और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डा मंजूला चोधरी, वंदना सिंह नम्रता राय, शुभ्रा रायणज्योति पाण्डेय, चिंता राय, सीमा शर्मा, मधु राय, अनु राय, प्रिंसी सिन्हा, अनीता शर्मा। नंदिता राय, सविता राय आरजू राय, विद्यावती राय आदि खे साथ सैकडों महिलाओ की भागीदारी रही।

## हादसे मे बाइक सवार घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली के झिलियापुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को बाइक सहित गिर जाने से रामदेव वर्मा48 वर्ष निवासी सिगरा वाराणसी घायल हो गए। सिगरा वाराणसी निवासी रामदेव वर्मा बाइक से प्रयागराज गए थे, मंगलवार को वापस लौटते समय झिलियापुल के पास संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित गिर जाने से घायल हो गए, स्थानीय लोगो की सूचना पर मौके पर पहुचे एम्बुलेंस कर्मी इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहा प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया गया।

# गौआश्रय स्थल, पशुपालन, कृषि,उद्यान एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का बिंदुवार सीडीओ ने किया समीक्षा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही:** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड से कृषि, उद्यान, गौआश्रय स्थल, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जनपद स्तरीय निगरानी समिति की समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि गोवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित हो। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि तीनों तहसीलों में चारागाह भूमियों पर हरे चारे,बरसीम आदि की बुवाई करवाएं। गौआश्रयों स्थलों के भरण पोषण का भुगतान समय से सुनिश्चित करें साथ ही वहां पर तैनात केयर टेकरों का समय से भुगतान कराए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक पशु चिकित्सालयों में डॉक्टरों की तैनाती अवश्य करायी जाये, कही केन्द्र बन्द पाया गया तो सम्बन्धित की जबाबदेही तय की जायेगी। साथ ही अस्पतालों की व्यवस्था सुव्यवस्थित कराने हेतु मुख्य पशुचिकित्साधिकारी व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गो आश्रय स्थल व पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर बल दिया गया। उन्होंने जनपद के प्रत्येक विकासखंड में न्यूनतम एक वृहद गो संरक्षण केंद्र स्थापित किए जाने हेतु कम से कम एक हेक्टेयर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने पर बल दिया। गो आश्रय स्थल में संरक्षित समस्त गोवंशों के भरण पोषण हेतु समय से डिमांड अपलोड करना, मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना अंतर्गत आवंटित लक्ष्य को पूर्ण किए जाने हेतु इच्छुक पशुपालकों की सुपुर्दगी में गो आश्रय स्थलों से गोवंश दिया जाना, गो आश्रय से संबंधित नामित नोडल अधिकारी द्वारा पाक्षिक निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराना, पशु शवों को समुचित निस्तारण ,समस्त गो आश्रय में सुरक्षित गोवंश के भरण पोषण में साइलेज ,बरसीम के उपयोग सहित विभिन्न बिंदुओं के प्रगति से अवगत कराया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि मोटे अनाज श्री अन्न निर्मित बिस्किट, नमकीन, मिठाई व अन्य खाद्यय प्रदार्थ बनाने वाले एंटरप्रेन्योर का ऑनलाइन आवेदन कराए। फसल बीमा लाभ, फसल बीमा दावा को प्रभावी क्रियान्वित करें। फार्मर रजिस्ट्रेशन में खतौनियों की अशुद्धि के कारण आ रही समस्या एवं जन जागरूकता को भी कराएं। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि विभाग की समीक्षा में फार्मर रजिस्ट्री के प्रगति बढ़ाने का निर्देश उप कृषि निदेशक को दिया। बैठक में फसल अवशेष प्रबन्धन योजना, मिनी किट का वितरण, फसली ऋण की प्रगति, भूमि संरक्षण की तीनों योजनाओं, प्लांट प्रोटेक्शन आदि बिन्दुओं पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि कुछ नया कार्य कराये। जिससे किसानों की आय में बृद्धि हो।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल ने मिलेट्स अनाजों को बढ़ावा देने के लिए उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि मोटे अनाज सावां, कोंदो ,रागी, ज्वार ,बाजार ,आदि की मिलेट्स अनाजों को दैनिक खान-पान में शामिल करने के लिए प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने मछुआ समुदाय के लाभार्थी परक योजनाओं, दुर्घटना बीमा आदि से आच्छादित करने पर बल दिया। उपनिदेशक कृषि डॉ अश्वनी सिंह द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री प्राथमिकता की योजनाओं के अंतर्गत कृषि रक्षा रसायन डीबीटी ,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियांन पीएम कुसुम सोलर पंप योजना, बीज डीबीटी योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने मृदा हेल्थ कार्ड योजना, कृषक उत्पादक संगठन, सब मिशन आन, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, उत्तर प्रदेश श्री अन्य मिलेटस पुनरोदर्धार कार्यक्रम, जैविक खेती की परियोजना, एग्रीकल्चर मेंकेनाइजेशन योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ़ क्रॉप रेजीडयू, प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालंबन योजना, भूमि संरक्षण अनुभाग योजना का तुलनात्मक प्रगति से अवगत कराया।

उद्यान विभाग की समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में प्रगति लाने का निर्देश दिया। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य अमित सिंह को निर्देश दिया ने ग्राम सभा के तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन की अद्यतन प्रगति, मत्स्य बीज वितरण, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना ,निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजना ,प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड का माहवार लक्ष्य एवं पूर्ति हेतु कैंप लगाने, नवीन मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर बल दिया। साथ ही बिंद समाज मछुआ समुदाय के अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ दें। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सी वी सचान, जिला कृषि अधिकारी/जिला कृषि रक्षा अधिकारी इरम, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित जनपदीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नव निर्माण के 09 वर्ष पर विकास भवन में होगा मुख्य कार्यक्रम

**शासन की योजनाओं की उपलब्धियां होंगी प्रदर्शित, लाभार्थियों को किया जाएगा सम्मानित**

**भदोही/** प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नव वर्ष' कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद भदोही में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन स्थित पंचायत सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनपद की प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों, नवाचारों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी जाएगी। साथ ही शासन की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को मंच पर सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, जिलास्तरीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति प्रस्तावित है। कार्यक्रम में जनपद में विगत वर्षों में हुए विकास कार्यों की झलक तथा आगामी विकास योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभाग की उपलब्धियों, योजनाओं की जानकारी एवं लाभार्थियों के साथ कार्यक्रम में समय से उपस्थित रहें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें। यह कार्यक्रम जनपद में सुशासन, विकास और जनभागीदारी की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगा।

# एनएसएस शिविर में योग, स्वच्छता, पर्यावरण व स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को विविध कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधु विश्वकर्मा द्वारा योग व प्राणायाम से कराई गई, जिसमें स्वयंसेवकों को ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धसेतुबंध आसन के साथ भस्त्रिका, कपालभाति व अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया गया। इसके बाद डॉ. राममूर्ति व डॉ. श्रीश कुमार उपाध्याय के निर्देशन में शिविर परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। तत्पश्चात डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. मधु विश्वकर्मा, डॉ. श्रीश उपाध्याय एवं डॉ. राममूर्ति की अध्यक्षता में मंदिर प्रांगण में तुलसी, पीपल व गेंदा सहित विभिन्न पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया। द्वितीय सत्र में आयोजित संगोष्ठी में रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सिद्धार्थ बरनवाल ने 'प्लास्टिक मटेरियल का पर्यावरण' विषय पर जानकारी दी।

वहीं जंतु विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने 'महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य व पोषण' पर व्याख्यान दिया। इस दौरान डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. मधु विश्वकर्मा व डॉ. प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन तथा आयरन व फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राममूर्ति ने किया। इस अवसर पर पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार आर्य, डॉ. रमेश कुमार सरोज सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रईस अहमद उसमानी ने ईद-उल-फितर से पहले सड़क, नाली व पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की उठाई मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**घोसिया, भदोही।** आगामी ईद-उल-फितर पर्व को देखते हुए नगर पंचायत घोसिया में जनसमस्याओं को लेकर सामाजिक रूप से सक्रिय रईस अहमद उसमानी ने अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मार्ग मरम्मत, नालियों की सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। रईस अहमद उसमानी ने अपने पत्र में अवगत कराया कि अहले हदीस मस्जिद से लेकर नहरा स्थित ईदगाह तक जाने वाला मुख्य मार्ग काफी जर्जर स्थिति में है। इसी रास्ते से बड़ी संख्या में लोग ईद-उल-फितर की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह पहुंचते हैं, लेकिन सड़क व नालियों की खराब हालत के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर नालियां पूरी तरह टूट चुकी हैं और उनके ऊपर रखी पटिया भी क्षतिग्रस्त हो गई है। विशेष रूप से सत्तार हाशमी, जुम्मन, पप्पू और नसीम के मकानों के पास की स्थिति बेहद खराब है, जहां नाली टूटने, पटिया खुली होने और गंदगी भरी होने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। पिछले वर्ष भी ईद के दिन नाली का पानी सड़क पर बहने से नमाजियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था।



रईस अहमद उसमानी ने प्रशासन से मांग की है कि ईद-उल-फितर से पूर्व उक्त मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए तथा टूटे हुए पटियों को सही कराया जाए, ताकि नमाज अदा करने जाने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, सभी ईदगाहों के मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा नगर में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी मांग की है, ताकि पर्व के दौरान आमजन को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। स्थानीय लोगों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाने की अपील की है, जिससे ईद का त्योहार शांतिपूर्ण और सुविधाजनक वातावरण में संपन्न हो सके।

# पत्नी से विवाद कर घर से देर रात निकले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक के पास लाश मिली

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** चौरी थाना क्षेत्र के लच्छापुर गांव के सामने अप लाइन रेलवे पटरी के पास एक युवक का मंगलवार की अल सुबह शव पड़ा देख गांव वालों ने शोर मचाना शुरू किया जिस पर लच्छापुर के गेटमैन ने इसकी तत्काल सूचना परसीपुर के स्टेशन मास्टर को दी स्टेशन मास्टर की सूचना पर मौके पर पहुंची चौरी पुलिस शव को कब्जे में लेकर जब तलाशी ली तो मृतक के जेब से एक मोबाइल तथा उसका आधार कार्ड एवं कुछ दूरी पर गैलन में लगभग 2 लीटर पेट्रोल मिला आधार कार्ड पे लिखे नाम पति के आधार पर पुलिस ने घटना की सूचना सूचना मृतक के परिजनों को दी सूचना पर पहुंचे परिजन शव की पहचान वाराणसी जिले के कपसेठी थाना के नेवादा गांव निवासी शैलेंद्र राम के पुत्र सुरेश गौतम 28 वर्ष के रूप में की।

परिजनों ने बताया कि बीती देर रात को मृतक घर पर शराब पीकर आया था जिसका उसकी पत्नी जन्नत ने विरोध किया तो दोनों के बीच कुछ विवाद हुआ और मृतक घर से निकलकर पैदल ही चल दिया और सुबह उसकी रेलवे पटरी के पास लाश मिली परिजनों का कहना है कि घटना स्थल मेरे घर से 7 किलोमीटर दूरी पर है जबकि घर के बगल से ही रेल लाइन गुजरती है मृतक रात में यहां कैसे पहुंचा उसके पास पेट्रोल कहां से आया तथा उसके शरीर पर कहीं भी कटने और चोट का कोई निशान नजर नहीं आ रहा है जो मौत को संदिग्ध बना देता है परिजनों का कहना है कि रास्ते के विवाद को लेकर पड़ोसियों से झगड़ा हुआ था और उन लोगों ने जान से मारने की धमकी दी थी फिर हाल मृतक दो भाइयों में छोटा था तथा वह एक लड़की और एक लड़के का पिता बताया जाता है घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है थाना प्रभारी चौरी रामसरीख गौतम का कहना है कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही क्लियर हो पाएगा।

## शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग रखे गृहस्थी का सामान जलकर राख



**चुनार, मीरजापुर।** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के दरगाह शरीफ मुहल्ला स्थित रेलवे क्रासिंग के पास एक घर में बिजली के बोर्ड में से शार्ट शर्किट से आग लगने से गृहस्थी के रखें हुए समान जलकर राख हो गया घटना को लेकर पूरे स्टेशन रोड पर अफरातफरी मच गया। दरगाह शरीफ निवासी प्रतिभा सेठ के मकान में दोपहर के लगभग 12 बजे अचानक रसोई घर में धुआं उठने लगा। उस समय घर में मौजूद अनुपमा सेठ मौजूद थी। घर में धुआं देखकर घर बाहर निकल कर शोर मचाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंच कर चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी व पुलिस टीम पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटे इतनी तेज थी कि घर में रखे हुए लगभग सभी सामग्री जल कर राख हो गए।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीडीओ बाल गोविंद शुक्ला

**● समयसीमा व गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश, धीमी प्रगति पर सख्त नाराजगी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही** जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में संचालित सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर, निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों/संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी। समीक्षा के दौरान संस्कृत विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाई तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, नत्थईपुर मार्ग के निर्माण कार्य में भी अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य को 15 दिवस के भीतर हर हाल में पूर्ण कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को गति प्रदान करें, ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित।

## नर्तकी के साथ नकली पिस्टल लेकर ठुमका लगाना युवक को महगा पड़ा

**सोशल मीडिया पर विडियो वायरल होने पर पुलिस आई हरकत में**

**सीखड़, मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र के विठ्लपुर गांव के एक युवक को नकली पिस्टल लेकर बारात में स्टेज पर नर्तकी के साथ ठुमका लगाना महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो का संज्ञान लेते हुए जिले की पुलिस हरकत में आई। क्राईम ब्रांच की पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि जिस पिस्टल को लेकर युवक रील बना कर सोशल मीडिया पर वायरल किया था वह नकली निकला। पुलिस ने युवक को सख्त हिदायत देते हुए छोड़ दिया। हालाकि वायरल विडियो की पुष्टि नहीं करता है। जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के विठ्लपुर गांव निवासी मनीष पुत्र पप्पू गांव के किसी शादी पार्टी में गया हुआ था।बारात में स्टेज पर नर्तकी के साथ डांस करते समय हाथ में एक पिस्टल लहराते हुए सोशल मीडिया पर रील बना कर वायरल कर दिया। वायरल विडियो का संज्ञान लेते हुए जिले की पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो पता चला कि युवक हाथ में जो पिस्टल लिया था वह नकली था। पुलिस ने युवक को सख्त हिदायत देते हुए छोड़ दिया। और भविष्य में इस तरह के माहौल खराब करने वाले विडियो न बनाने की भी हिदायत दी।

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन, विद्यार्थियों में सेवा व अनुशासन की भावना पर दिया गया जोर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में राष्ट्रीय स्वयं सेवा इकाई सत्र 2025-26 के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) माधवी शुक्ला एवं मुख्य अतिथि डॉ.संतोष सिंह कुशवाहा द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत गीत निहारिका गुप्ता,प्रिया शर्मा एवं पूर्णिमा मौर्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात रोशनी विश्वकर्मा,प्रियंका कुमारी एवं चंदा कुमारी ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर सभी में उत्साह का संचार किया।स्वागत नृत्य अंजलि दुबे एवं मधु कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया,जबकि रोशनी विश्वकर्मा के एकल नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सामाजिक संदेश से परिपूर्ण नुक्कड़ नाटक अंजली दुबे,सतीश वर्मा,बृजेश,रूपेंद्र, परमेश पाल एवं प्रशांत यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनों को जागरूक किया।इसके अतिरिक्त अंजली दुबे द्वारा प्रस्तुत लोकगीत 'राम- सीया मिलन' ने सांस्कृतिक वातावरण को और अधिक समृद्ध बना दिया। इस अवसर पर रोशनी विश्वकर्मा,रुद्र प्रताप सिंह,दिवाकर,उज्ज्वल,सानिया एवं अफरोज ने अपने शिविर के अनुभव साझा करते हुए समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ.संतोष सिंह कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के प्रति निरंतर समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

वहीं प्राचार्य प्रो. (डॉ.) माधवी शुक्ला ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वयंसेवक रुद्र प्रताप सिंह,प्रमेश पाल एवं स्वयंसेविका के तौर पर सानिया अफरोज एवं आँचल मौर्या को पुरस्कृत किया गया द्य इस दौरान सप्तदिवसीय शिविर की आख्या भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना सह-प्रभारी डॉ. विद्या सिंह व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ रजनीश,डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी,डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ.नलिनी सिंह,डॉ दीप नारायण,डॉ.रीता मिश्रा,डॉ मंजुला शुक्ला,डॉ.शिखा तिवारी,डॉ.अरुणेश कुमार,डॉ. संकटा प्रसाद सोनकर,डॉ. सत्येन्द्र कुमार,डॉ गुरू प्रसाद सिंह,डॉ अदिती सिंह,डॉ शिव कुमार,डॉ चन्दन कुमार द्विवेद्वी,धर्म चंद ,कमलेश शुक्ला,राम केश सोनकर,डॉ रामानंद पुजारी,पारस नाथ सिंह,कुर्बान अली,जय प्रकाश, प्रमिला सहित 50 शिविरार्थी उपस्थित रहे।

# होली मिलन समारोह में कवियों संग श्रोताओं ने लगाए ठहाके

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


**चुनार, मीरजापुर।** नैनागढ वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार की शाम नगर के बालूघाट स्थित संत साईधाम पर आयोजित हास्य ब्यंग्य कविसम्मेलन मे मध्यप्रदेश, प्रयागराज, रायबरेली, गहमर, वाराणसी, चन्दौली सहित क्षेत्र के अदलहाट,अहरौरा एवं नगर के कई कवियों ने काव्य पाठ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराया। काव्यपाठ का शुभारम्भ गितकार मनोज 'मधुर ' ने होली पर आधारित काव्य रचना सजा के रखी हैएक आस फागुन मे, आयी है ऋतुराज तो सुगन्ध लिजिए हसेगीं कलिया, भवरो ने अनुबन्ध किए सुनाकर किया। वही कवि सुरेन्द्र मिश्रक्कअंकुरक्कने ई इण्डिया का हव, भारत कहे मे लाज लगत थव । तो नरसिंह साहसी ने आम बऊरल, महुआ उचाए लगल सुनाया। तो वीभा सिंह ने अपने गीत के माध्यम से कृष्ण व राधा के प्रेम को दर्शाते हुए काव्यपाठ प्यार की बंशी बोले कान्हा की, जब भी बोले गीत, कोई हो युग बनकर बावरिया राधा डोलेगी सुनाकर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी के साथ विहरी लाल 'अम्बर', हास्य सम्राट ' नर कंकाल ' व कुशल मंच संचालन कर रहे मिथलेश ' गहमरी' राजेश मिश्र ज्योति,राकेश राही ने एक से बढकर एक काब्यपाठ सुनाकर श्रोताओ को वाहवाही के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल, लक्ष्मी शंकर पांडे,यूथ अध्यक्ष सौरभ पुजारी, धीरेन्द्र सिंह, अन्नू तिवारी, सभाजीत सिंह,नीरज पांडेय, घनश्याम दीक्षित, विश्व दीपक सिंह, डॉ सत्यवान श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, अखिलेश मिश्र बच्ची, अफसर अली, आलोक



श्रीवास्तव,विकास कश्यप,सूर्यबली यादव, चंद्रहास गुप्ता, संजय साहू, ब्रह्मानंद कुशवाहा, श्यामधर चतुर्वेदी,उमेश चंद्र पांडे, अमित गुप्ता, मंत्री यादव, करतार सिंह, डॉ बंगलेश चंद्र पांडे, राहुल सोनकर आशीष यादव, नवीन कन्नौजिया, दीपांशु सिंह, अमित कुमार सिंह, पवन साहू, मनीष राय, कुंवर रणविजय सिंह, अशोक चक्रवाल, शितला प्रसाद यादव, रवि यादव, नदीम अंसारी, सागर गुप्ता, सतेंद्र सिंह , संजय गिरी सहित बडी संख्या मे नगर के संभ्रान्त व बुद्धजीवी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## बालूमाथ में दर्दनाक सड़क हादसाः बाइक में साड़ी फंसने से गिरी महिला, टैंपो की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना रांची-चतरा राष्ट्रीय उच्च मार्ग (एनएच-22) पर टमटमटोला के समीप हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चतरा जिले के लावालौंग ग्राम निवासी परबी देवी (35), पति लटन भुईयां, अपने पति के साथ बाइक से बालूमाथ से घर लौट रही थीं। इसी दौरान टमटमटोला के पास अचानक उनकी साड़ी बाइक के पहिये में फंस गई। इससे संतुलन बिगड़ने पर वह सड़क पर गिर पड़ीं। दुर्भाग्यवश, उसी समय पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक टैंपो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालूमाथ लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. अलीशा टोप्पो ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। साथ ही सड़क सुरक्षा और सावधानी को लेकर भी लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है।

## विधानसभा में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने उठाया टेंडर अनियमितता का मुद्दा



**हज़ारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में विकास निर्माण कार्यों से जुड़े विभागीय टेंडरों में बरती जा रही अनियमितताओं का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि विभिन्न निर्माण कार्यों के टेंडर 10 प्रतिशत से अधिक बिलो दर पर आवंटित किए जा रहे हैं, जो निर्धारित मानकों एवं पीडब्ल्यूडी कोड के अनुरूप नहीं हैं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार की प्रक्रिया से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे जनता के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से इस विषय पर स्पष्ट नीति एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरे हो सकें। उन्होंने यह सदन से आग्रह किया कि विभागीय टेंडर प्रक्रिया में आवश्यक सुधार किए जाएं तथा अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि क्या सरकार भविष्य में 10% से अधिक बिलो पर टेंडर आवंटन पर रोक लगाने या पुनर्विचार करने की योजना बना रही है।विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता के पैसे से होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस विषय पर जवाबदेही तय करना अत्यंत आवश्यक है।

## दक्षिण एक्सप्रेस में चोरी, सोते समय महिला का पर्स पार, दो मोबाइल और नकदी गायब

**ललितपुर।** चलती ट्रेनों में यात्रियों के सामान पर हाथ साफ करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ताजा मामला दक्षिण एक्सप्रेस (ट्रेन नं. 12722) का है, जहां फरीदाबाद से भोपाल की यात्रा कर रहे एक दंपत्ति की नींद का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने महिला का पर्स चोरी कर लिया। घटना उस समय हुई जब ट्रेन ललितपुर स्टेशन से गुजर रही थी। शिकायतकर्ता पांडे अमन आनन्द, निवासी फरीदाबाद (हरियाणा), अपनी पत्नी पूजा सिन्हा के साथ कोच ए-1 की सीट संख्या 43 और 51 पर यात्रा कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि उनकी पत्नी ने अपना डार्क पर्पल रंग का लेडीज पर्स सिरहाने रखकर सो गई थीं। जब ललितपुर स्टेशन के पास उनकी आंख खुली, तो पर्स गायब था। चोरी गए पर्स में लगभग 37 हजार रुपये मूल्य का सामान था। इसमें एक रेडमी नोट 8 प्रो (कीमत 20 हजार रुपये), एक विवो प्लस (कीमत 12 हजार रुपये), 5 हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी शामिल थे। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी थाना में बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी गई है।

# हजारीबाग में तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम का हुआ भव्य शुभारंभ

**●बच्चों को भारतीय हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की पहल, 20 कारीगरों ने लिया भाग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा प्रायोजित एवं झारखण्ड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम, रांची के तत्वावधान में संत गाब्रियल उच्च विद्यालय, धवैया, हजारीबाग परिसर में तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम का मंगलवार को भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 17 मार्च से 19 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को कम उम्र से ही भारतीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कला और डिज़ाइन की समझ से परिचित कराना है, ताकि उनमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति रुचि और गर्व की भावना विकसित हो सके। साथ ही, स्थानीय हस्तशिल्प कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना भी इस कार्यक्रम का अहम उद्देश्य है। उद्घाटन समारोह में गुरहेत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा, पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी, संत गाब्रियल विद्यालय के सुपीरियर ब्रदर टी.के. जेम्स, प्रधानाध्यापक ब्रदर जॉर्ज तिर्की तथा शिक्षक केदारनाथ मंडल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और लगभग 20 हस्तशिल्पी कलाकारों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न प्रकार की पारंपरिक हस्तशिल्प कलाओं का प्रदर्शन किया गया। कारीगरों ने बच्चों को शिल्प निर्माण की प्रक्रिया का लाइव डेमो देकर उन्हें व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देते हैं। साथ ही, यह उन्हें अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का भी एक प्रभावी माध्यम बनता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कार्यशालाएं, लाइव डेमो और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे बच्चों और स्थानीय समुदाय को हस्तशिल्प के महत्व की विस्तृत जानकारी मिल सके। इस पहल के माध्यम से पारंपरिक कला और कारीगरों को नई पीढ़ी से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास किया गया है, जो भविष्य में भारतीय हस्तशिल्प के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# कस्तूरबा विद्यालय में छात्रा की मौत मामले की जांच में पहुँची गठित टीम, कई अनियमितताएं हुई उजागर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर स्थित कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में 11वीं कक्षा की छात्रा छमोली टुडू की संदिग्ध मौत के मामले में जिला प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। उपायुक्त द्वारा गठित जांच टीम ने सोमवार को विद्यालय पहुंचकर पूरे मामले की गहन जांच की। जांच टीम का नेतृत्व कर रहे अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने विद्यालय के विभिन्न अभिलेखों और रजिस्टरों की बारीकी से जांच की। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं। नामांकन पंजी की जांच में पाया गया कि छात्रा की फोटो सहित कई आवश्यक विवरण दर्ज नहीं थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि छात्रा की तबीयत खराब होने पर उसे ओआरएस दिया गया था, लेकिन विद्यालय में दवा किसके निर्देश पर दी जाती है, इस सवाल का स्पष्ट जवाब शिक्षिका नहीं दे सकीं। इसके अलावा विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन भी नियमानुसार नहीं पाया गया। टीम ने परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच की। परिजनों का कहना है कि छात्रा की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने के बाद जब वे विद्यालय पहुंचे, तो उन्हें लगभग दो घंटे तक छात्रा से मिलने नहीं दिया गया। मामले की सच्चाई जानने के लिए विद्यालय परिसर के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की गई। एसडीएम अनंत कुमार ने बताया कि जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। सभी बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही उपायुक्त को सौंपी जाएगी। इसके बाद दोषी पाए जाने वाले लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दिवाकर कुमार, ग्राम प्रधान नरेश हांसदा, मुखिया मुनी मरांडी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तालबेहट पुलिस ने चोरी की बाइक सहित युवक को दबोचा

**ललितपुर।** थाना तालबेहट पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना तालबेहट में दर्ज मुकदमा संख्या 73/2026 के तहत 16 मार्च को वादी की तहरीर पर मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं सर्विलांस की मदद से अभियुक्त देवेन्द्र (19) पुत्र रामसिंह लोधी निवासी ग्राम देवरान, थाना बार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर बाइक (यू.पी.94 जेड 7458) बरामद की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह मय पुलिस टीम शामिल रही।

## घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी

**तीन नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** जिले के महरौनी थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम लदनिया निवासी शंकर (उम्र करीब 70 वर्ष) ने थाना महरौनी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 मार्च 2026 की शाम करीब 6.17 बजे गांव के ही चंदू, बब्बू और नितिन उसके घर पर आ गए। आरोप है कि तीनों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर शंकर के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीडित के अनुसार, आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 333, 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार गौतम को सौंपी गई है।

## 30 मार्च को गोपीकांदर में JJSM का विशाल जुलूस, राज्यपाल के नाम सौंपा जाएगा मांग पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखंडः-** दुमका जिले के गोपीकांदर प्रखंड अंतर्गत खैरी वाड़ी स्थित जनाधिकार संघर्ष मोर्चा (छ्छ्स्रू) के क्षेत्रीय कार्यालय से आगामी 30 मार्च 2026 (सोमवार) को एक विशाल जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस क्षेत्रीय कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गोपीकांदर के मुख्य मार्गों से होते हुए प्रखंड कार्यालय तक पहुंचेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए छ्छ्स्रूके केंद्रीय अध्यक्ष सत्य शिक्षानंद मुर्मू ने बताया कि जुलूस में हजारों की संख्या में शोषित-पीड़ित जनता एवं संगठन के कार्यकर्ता भाग लेंगे। जुलूस के पश्चात प्रखंड कार्यालय परिसर में एक सभा का आयोजन किया जाएगा, जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंत में झारखंड के महामहिम राज्यपाल के नाम एक मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोपीकांदर को सौंपा जाएगा। यह मांग पत्र शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की रक्षा, जनता की सुरक्षा, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सौंपा जाएगा।

JJSM के केंद्रीय अध्यक्ष सत्य शिक्षानंद मुर्मू एवं महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष जोबन्ना हेंब्रम ने क्षेत्र के सभी नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे 30 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आंदोलन को सफल बनाएं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दुमका सुनील पवारिया, पाकुड़ जिलाध्यक्ष नागेंद्र सोरेन, राहुल हेम्ब्रम सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# चैत्र नवरात्र को लेकर भक्तों में दिख रहा है अपूर्व उत्साह

**●कल पूरी भक्ति-भाव से होगी मां शैलपुत्री की अर्चना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** सनातन धर्म, संस्कृति एवं मान्य परंपराओं में शारदीय व चैत्र नवरात्र की आध्यात्मिक महत्ता व विशिष्टता रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष प्रतिपदा से नववर्ष प्रारंभ होता है और इसी पावन वेला में विश्व की सृष्टि हुई। यद्यपि समय-समय पर चक्रवर्ती सम्राटों ने अपना संवत चलाया। वर्ष प्रतिपदा से विक्रमीय संवत 2083 प्रारंभ हुआ।

चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा अंग्रेजी 19 मार्च को माता के प्रथम सौम्य स्वरूप शैलपुत्री की अर्चना भक्त वृंद पूरी श्रद्धा-भाव से कलश स्थापना कर करेंगे। इस मंगलमयी वेला में कई भक्त गण केवल पाठ करते हुए मां से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

चैत्र नवरात्र की पावन वेला में पाकुड़िया प्रखंड के फुलझिंझरी ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर में माता की भव्य प्रतिमा गढ़ कर मां की पूजा पूरी भक्ति-भाव व विधि-विधान से करते हुए श्रद्धालु मंगल कामना करते हैं।

इस पावन वेला में प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया में नवमी तिथि को विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चैत्र महीने की नवमी तिथि को भगवान श्रीराम जी प्रकट हुए, इसलिए भी चैत्र माह की महिमा सनातन संस्कृति में विशेष रही है।

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर पाकुड़िया सहित प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में माता के अष्टम दिव्य स्वरूप महागौरी की उपासना महिलाएं कर मां से सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।

चैत्र नवरात्र को लेकर पाकुड़िया प्रखंड में हर्षोल्लासपूर्वक तैयारी की जाने लगी है। 19 से 27 मार्च तक पाकुड़िया की धरा पर आध्यात्मिक सुगंध बिखरेगी जिससे संपूर्ण वातावरण सुवासित होगा। वहीं दूसरी ओर त्योहार को लेकर सिविल व पुलिस प्रशासन अलर्ट दिख रहा है।

## कृत्रिम अंगों के लिए दिव्यांगों का हुआ पंजीकरण

**कोंच(जालौन)-** खंड विकास कार्यालय कोंच में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कंपनी की ओर से दिव्यांगजनों के लिए मंगलवार को विशेष शिविर आयोजित किया गया जिसमें दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण हेतु पंजीकरण प्रक्रिया की गई। हालांकि व्यापक प्रचार प्रसार के अभाव में क्षेत्र के तमाम दिव्यांगों को इस शिविर के बारे में पता नहीं चल सका जिससे कई दिव्यांग शिविर में नहीं पहुंच सके। शिविर में बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, हाथ वाली छड़ी, बैसाखी, सीपीचेयर, कान की मशीन समेत अन्य आवश्यक उपकरणों के लिए रजिस्ट्रेशन किए गए। इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक आयु के जरूरतमंद वृद्धजनों के लिए बेल्ट, गले का पट्टा, चेयर और छड़ी जैसी सुविधाओं के लिए भी पंजीकरण किए गए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार सहित विभाग से जुड़े डॉ. राजकृष्ण उपकार, डॉ. राजू कुमार ऑडियोलॉजिस्ट, अंकित वाजपेयी एवं कंपनी से जुड़े योगेश प्रताप मौजूद रहे। उक्त लोगों ने शिविर में पहुंचे दिव्यांगजनों को लाभकारी विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र दिव्यांगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# विधानसभा में गूंजा चंदवारा के अधूरे व जर्जर सड़कों का मामला

**●विधायक मनोज कुमार यादव के सवाल पर मंत्री ने माना - कच्चे व जर्जर मार्ग से ग्रामीण परेशान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान कोडरमा जिले के चंदवारा प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती बेंदी पंचायत की सड़कों का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि क्या ग्राम घुठीटांड से बोना-बड़कीटांड होते हुए बिलागड़ा तक, ग्राम भितिया से लोहरा सीमाना तक तथा ग्राम चौराही चट्टान से बोंगादाग तक की सड़कें अब तक नहीं बनी हैं। इस पर प्रभारी मंत्री ने आंशिक रूप से स्थिति को स्वीकार किया। इसके बाद विधायक ने पुनः सवाल करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। इस पर भी मंत्री ने सहमति जताई। मामले को आगे बढ़ाते हुए विधायक ने पूछा कि क्या सरकार इन सड़कों का कालीकरण या पक्कीकरण कराने की योजना बना रही है, और यदि हां तो यह कार्य कब तक पूरा किया जाएगा। इस पर मंत्री ने विस्तृत जवाब देते हुए बताया कि ग्राम घुठीटांड से बोना-बड़कीटांड होते हुए बिलागड़ा तक तथा ग्राम भितिया से लोहरा सीमाना तक वर्तमान में कच्ची सड़कें हैं। वहीं ग्राम चौराही चट्टान से बोंगादाग तक सड़क का निर्माण लगभग 10 वर्ष पूर्व आईएपी योजना के तहत कराया गया था, जो अब जर्जर हो चुकी है और इसकी लंबाई करीब 20 किलोमीटर है। मंत्री ने कहा कि विभागीय नीति एवं बजटीय प्रावधानों के अनुसार इन सड़कों के जीर्णोद्धार एवं निर्माण को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जन शिकायत निवारण शिविर में उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार-** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। कार्यक्रम में उपायुक्त ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और आश्वासन दिया कि प्राप्त शिकायतों की शीघ्र जांच कराकर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए। जन शिकायत के दौरान लातेहार प्रखंड अंतर्गत पंचायत मोंगर, ग्राम केडू की निवासी मुनि देवी ने वृद्धा पेंशन योजना से जुड़ी समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि पहले उन्हें पेंशन का लाभ मिल रहा था, लेकिन वर्तमान में राशि मिलनी बंद हो गई है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को मामले की जांच कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ समय पर मिले।

शिविर में जमीन विवाद, आवास, भुगतान, मुआवजा, रोजगार एवं नामांकन से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए भौतिक सत्यापन कर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को नियमित रूप से जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

# सुधांशु शुक्ला के सफल नेतृत्व का एक वर्ष पूर्ण

**●दीदी स्मृति इरानी के सपनों को साकार कर रहे जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला**

**कार्यकर्ताओं ने जताया आभार और विश्वास**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी के यशस्वी जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के सफल नेतृत्व का एक वर्ष पूर्ण होने पर पूरे जनपद में उत्साह और हर्ष का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व को संगठन के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में पार्टी ने न केवल संगठनात्मक मजबूती हासिल की है, बल्कि जनपद में अपनी पकड़ भी और अधिक मजबूत की है।

कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बीते एक वर्ष में जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने जिस प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने हर स्तर पर कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की नीति अपनाई, जिससे संगठन में समन्वय और एकजुटता का माहौल बना। यही कारण है कि आज पार्टी के कार्यकर्ता पहले से अधिक सक्रिय, ऊर्जावान और जनहित के मुद्दों पर सजग दिखाई दे रहे हैं।जिला अध्यक्ष के कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सुधांशु शुक्ला ने अपने नेतृत्व में संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया है। बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप पार्टी की जड़ें जनपद में और गहरी हुई हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने की दिशा में भी विशेष ध्यान दिया।कार्यकर्ताओं ने बताया कि सुधांशु शुक्ला ने अपने कार्यकाल में संगठन के विस्तार के साथ-साथ जनसंपर्क पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आम जनता की समस्याओं को सुना और उन्हें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान कराने का प्रयास किया। इससे आम जनमानस में पार्टी के प्रति विश्वास और स्नेह बढ़ा है।

इस अवसर पर कई वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि सुधांशु शुक्ला का नेतृत्व संगठन के लिए एक नई दिशा और ऊर्जा लेकर आया है। उन्होंने पार्टी के मूल सिद्धांतों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में पार्टी ने सामाजिक, सांस्कृतिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है, जिससे संगठन की सकारात्मक छवि और मजबूत हुई है।उन्होंने यह भी कहा कि जिला अध्यक्ष ने हमेशा टीम भावना के साथ काम किया और हर कार्यकर्ता को सम्मान देने की परंपरा को आगे बढ़ाया। उनके नेतृत्व में छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी अपनी बात रखने का अवसर मिला, जिससे संगठन में लोकतांत्रिक वातावरण बना रहा। यही कारण है कि आज पार्टी के कार्यकर्ता पूरे मनोयोग और समर्पण के साथ संगठन के कार्यों में जुटे हुए हैं। जिला प्रवक्ता चंद्र मौली सिंह ने कहा कि सुधांशु शुक्ला ने अपने नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और विभिन्न वर्गों को संगठन से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए, जिससे पार्टी का जनाधार और मजबूत हुआ। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज अमेठी जनपद में पार्टी का संगठन पहले से अधिक सक्रिय और प्रभावी दिखाई दे रहा है।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी वे इसी तरह संगठन को नई दिशा देते रहेंगे और सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सुधांशु शुक्ला को स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन प्रदान करें, ताकि वे संगठन और समाज की सेवा इसी प्रकार करते रहें। कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी जिला अध्यक्ष को बधाइयों का सिलसिला जारी रखा। हर ओर उनके नेतृत्व की सराहना और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर सुधांशु शुक्ला ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे संगठन की है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग, समर्पण और मेहनत के बिना यह संभव नहीं था। उन्होंने सभी से अपील की कि वे आगे भी इसी तरह एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने में अपना योगदान देते रहें।उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केवल राजनीतिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग के विकास और कल्याण के लिए कार्य करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं और उनकी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं।सुधांशु शुक्ला ने यह भी कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में अमेठी जनपद में पार्टी और भी अधिक मजबूती के साथ उभरेगी और जनता का विश्वास निरंतर बढ़ता रहेगा।कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे और पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।इस प्रकार, सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व के एक वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर न केवल उत्सव का रहा, बल्कि संगठन की मजबूती, एकजुटता और भविष्य की दिशा तय करने का भी महत्वपूर्ण क्षण साबित हुआ। कार्यकर्ताओं के उत्साह और विश्वास ने यह स्पष्ट कर दिया कि आने वाले समय में अमेठी में संगठन और भी अधिक सशक्त रूप में सामने आएगा। बताते चलें जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला दीदी स्मृति ईरानी के सपनों को साकार करते हुए अमेठी में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत कर रहे हैं, साथ ही साथ कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में भागीदार रहते हैं।

## रामनवमी और ईद को लेकर नारायणपुर थाना में शांति समिति की हुई बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील

**नारायणपुर जामताड़ा, झारखंडः-** रामनवमी और ईद को लेकर मंगलवार को नारायणपुर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर रविंद्रनाथ यादव एवं बीडीओ देवराज गुप्ता ने लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में हमेशा से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व-त्योहार मनाने की परंपरा रही है, जिसे इस वर्ष भी बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और शांति समिति के सदस्य मिलकर बेहतर समन्वय के साथ काम करेंगे ताकि दोनों पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध जानकारी मिले तो उसकी सत्यता प्रशासन से अवश्य जांच लें। सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर प्रमुख अंजना हेम्ब्रम, थाना प्रभारी मुराद हसन, पसंस पवन पोद्दार, मनमोहन सिंह, दलगोविंद रजक, जावेद अंसारी, अब्दुल सत्तार, आरएन सिंह, मो. ताहीर, हीरालाल सोरेन, मदन रजक, सत्यनारायण तिवारी, जयराम रवानी, वासुदेव यादव, सरयू पंडित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


# संक्षिप्त खबरें

## बिजली के करंट से युवक की मौत



**कोंच(जालौन)**- बिजली के करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम मंगरा निवासी धर्मेंद्र रजक (30) पुत्र कल्यान सिंह वर्तमान में कोंच नगर में पंचानन पर अपना घर बनाकर परिजनों सहित रहता था। मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे धर्मेंद्र घर के अंदर बिजली संबंधी काम कर रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया। घटना के वक्त उसकी पत्नी बबली और दादी छत पर खाना बना रही थी जबकि पिता पड़ोस में दूध लेने गए हुए थे जिसके चलते किसी को भी घटना के बारे में पता नहीं लगा और धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद परिजनों ने धर्मेंद्र को जमीन पर अचेत पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह ने जांच पड़ताल कर जरूरी कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के 6 वर्षीय पुत्र मयंक राज और 3 वर्षीय पुत्री लवानिया है जिसका रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक कोंच में ई-बाइक एजेंसी पर काम करता था। मृतक धर्मेंद्र बिजली संबंधी क्या कार्य कर रहा था फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## इस्त्री की दुकान में लगी आग, कपड़े समेत सारा सामान जलकर खाक



**कोंच(जालौन)**- सोमवार की देर रात कपड़ों में इस्त्री किए जाने की एक दुकान में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। आग से दुकान में काफी नुकसान होने की जानकारी सामने आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर चौकी के समीप बादशाह की दुकान पर कपड़ों की इस्त्री का काम किया जाता है। सोमवार की रात करीब 10 बजे दुकानदार अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। इसी दौरान अचानक दुकान में आग लग गई। धुआँ का गुबार और आग की लपटें ऊंची उठती देख आसपास के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए और दुकानदार को सूचना दी। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन दुकान के अंदर ग्राहकों के इस्त्री किए जाने हेतु रखे कपड़े आग की चपेट में आने से आग और तेजी से पकड़ने लगी। घटना की सूचना दमकल को दी गई, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से ग्राहकों के करीब 40 जोड़ी कपड़ों समेत अन्य सारा सामान जलकर खाक हो गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है लेकिन प्रथम दृष्टया ढाला की गर्मी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। गनीमत रही कि आग आसपास के घरों तक नहीं पहुंच सकी वरना एक बड़ी घटना घटित हो सकती थी।

## ठगी और धमकी की पुलिस से की शिकायत

**कोंच(जालौन)**- ठगी करने और धमकी देने के एक मामले में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मोहल्ला गोखले नगर कोंच निवासी प्रदीप कुमार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वह शादी समारोहों में खाना बनाने का ठेका लेता है। उसने बताया कि ग्राम चमरसेना निवासी एक व्यक्ति के घर आयोजित शादी में उसने खाना बनाने का ठेका 3 लाख रुपये में तय किया था। उक्त शादी 30 नवंबर 2025 को उरई स्थित मधुवन विला में संपन्न हुई थी। उसका कहना है कि उन्हें अब तक कुल ढाई लाख रुपये ही प्राप्त हुए हैं और बकाया 50 हजार रुपए मांगने पर संबंधित व्यक्ति टालमटोल करता रहा। बीती 15 मार्च को वह रुपए लेने चमरसेना गांव पहुंचा तो संबंधित व्यक्ति ने उसके साथ गाली गलौज कर न रुपये देने से साफ इंकार कर दिया और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रदीप ने मामले में पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसएसआई विमलेश कुमार का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 6.09 करोड़ लागत से 10 मीटर चौड़ी बनेगी मारकंडेश्वर से पंचानन तक की सड़क

### ●क्षेत्र का विकास करना दायित्व के साथ कर्तव्य भी है- विधायक मूलचंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- नगर के अंदर सबसे अधिक व्यस्ततम मारकंडेश्वर तिराहे से लेकर पंचानन तक लंबी सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढीकरण कार्य को क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन की पहल पर शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने से नगर सहित क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की। लोगों का कहना है कि इस प्रमुख सड़क पर अब सुगमता के साथ आवागमन किया जा सकेगा। इस स्वीकृत कार्य को लेकर विधायक ने एक जानकारी में बताया कि मारकंडेश्वर तिराहे से लेकर पंचानन स्थित सरदार पटेल चौक तक लंबी 2 किमी सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा नए सिरे से 10 मीटर चौड़ी बनाई जाएगी जिसके लिए शासन द्वारा 6 करोड़ 9 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विधायक ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर नवीन कृषि मंडी, ब्लॉक कार्यालय, महिला महाविद्यालय, पब्लिक स्कूल, एसबीआई शाखा, रेलवे स्टेशन मार्ग के अलावा कई विवाह घर हैं, इसके अलावा इसी सड़क मार्ग से होकर नदीगांव, जालौन, क्योलारी की ओर जाना रहता है। कोंच बाईपास मार्ग का जुड़ाव भी इसी सड़क से है और कई पेट्रोल डीजल टैंक भी हैं इसलिए इस सड़क का 10 मीटर चौड़ीकरण बेहद आवश्यक था। सकरी सड़क होने से यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती और लोगों को जाम की समस्या से भी दो-चार होना पड़ता है लेकिन अब बहुत जल्द इन सब समस्याओं से लोगों को निजात मिल सकेगी। विधायक ने लोक निर्माण विभाग मंत्री सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र में अधिकांश जर्जर मुख्य सड़कों और गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों की सड़कों से लेकर पुल, पुलियों का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जा चुका है, जो कुछ शेष बची हैं उनका प्रस्ताव उनके द्वारा शासन को भेजा जा चुका है, शीघ्र ही सभी सड़कों की बेहतर स्थिति देखने को मिलेगी। विधायक ने कहा कि उनका संकल्प है, विधानसभा क्षेत्र में एक भी जर्जर सड़क न रहने पाए। विकास कार्य कराना एक जनप्रतिनिधि का दायित्व ही नहीं नैतिक कर्तव्य भी है जिसे वह हर हाल में पूर्ण करने में पीछे नहीं रहेंगे।

## ललितपुर नगर पालिका में 5 मनोनीत सदस्यों की घोषणा

**शासन ने जारी की अधिसूचना**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास अनुभाग-6 ने ललितपुर नगर पालिका परिषद के लिए मनोनीत सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। राज्यपाल की अनुमति के बाद प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, जिले के 5 प्रमुख व्यक्तियों को नगर पालिका में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार आजादपुरा निवासी जगभान सिंह लोधी, बसंत बिहार कालोनी निवासी तेजस्व, तालाबपुरा निवासी मनोहर सिंह यादव, सुरई घाट कॉलोनी निवासी पार्वती खटीक, पिसनारी बाग निवासी प्रकाश कुशवाहा के नामों की घोषणा की गयी है। यह नियुक्तियां उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-9 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई हैं। अधिसूचना जारी होने के बाद अब ये सदस्य नगर पालिका के विकास कार्यों और बोर्ड की बैठकों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इन नए मनोनयनों से स्थानीय राजनीतिक हलकों में उत्साह देखा जा रहा है। समर्थकों का मानना है कि अनुभवी लोगों के जुड़ने से नगर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

## विंढमगंज के जोरूखाड़ गांव में भीषण आग, दो पशुओं की मौत और लाखों का सामान खाक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**- विंढमगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जोरूखाड़ में मंगलवार की दोपहर आग का तांडव देखने को मिला। एक कच्चे खपरैल के घर में अचानक लगी भीषण आग ने न केवल एक गरीब किसान की पूरी गृहस्थी उजाड़ दी, बल्कि खूंटे से बंधे दो बेजुबान पशुओं को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी झुलसकर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जोरूखाड़ निवासी शोभनाथ यादव का परिवार मंगलवार दोपहर अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित खेतों में काम कर रहा था। तभी अचानक उनके कच्चे घर से धुएं का गुबार उठते देख परिजनों ने शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर ग्रामीण जब तक बाल्टियों और पानी के साथ मौके पर पहुंचे, तब तक आग की लपटों ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया था। घटना के समय घर का मुखिया शोभनाथ यादव किसी रिश्तेदारी में बाहर गया हुआ था। आग इतनी भयावह थी कि घर के दरवाजे पर बंधे दो पशुओं को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला और उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके साथ ही घर के अंदर रखा साल भर का राशन–धान, गेहूं, चना, सरसों और गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान के अनुसार इस अग्निकांड में करीब 2.5 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान विमल यादव मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने तत्काल क्षेत्रीय लेखपाल अशोक कुमार को इस हृदयविदारक घटना की जानकारी दी। ग्राम प्रधान ने तहसील प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसान को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। घर पूरी तरह नष्ट होने के कारण उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर आवंटित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय बढ़ती गर्मी और पछुआ हवाओं के कारण आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रशासन ने ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की है।

## ओबरा में विकास की रफ़्तार के बीच सुरक्षा मानकों की अनदेखी, अदृश्य ब्रेकर और स्कूलों के पास असुरक्षित सड़कें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा / सोनभद्र** –उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ओबरा को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा देकर इसके विस्तार की योजना तो लागू कर दी गई है, लेकिन धरातल पर बुनियादी सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी राहगीरों और स्कूली बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। एक ओर जहाँ नए ब्रेकर हादसों को दावत दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जहाँ इनकी सख्त जरूरत है, वहाँ विभाग मौन साधे बैठा है। विस्तारित क्षेत्रों की मुख्य सड़कों पर हाल ही में कई स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। विडंबना यह है कि इन पर सफेद रिफ्लेक्टिव पेंट (मार्किंग) नहीं की गई है। काली सड़क पर काले ब्रेकर रात के अंधेरे में पूरी तरह अदृश्य हो जाते हैं। वाहन चालकों को सड़क की सतह और ब्रेकर का अंतर तब पता चलता है जब वे बिल्कुल करीब पहुँच जाते हैं। इससे अचानक ब्रेक मारने के कारण पीछे से आ रहे वाहनों की भिड़ंत और अनियंत्रित होकर गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं। सबसे हैरान करने वाली बात चोपन रोड और वीआईपी रोड की है। यहाँ छोटे-छोटे बच्चों के कई प्रमुख विद्यालय स्थित हैं, जहाँ वाहनों




की रफ़्तार पर लगाम लगाने के लिए ब्रेकर होना अनिवार्य है, लेकिन प्रशासन यहाँ सुस्त नजर आ रहा है। इस मार्ग पर क्रिस केयर स्कूल, माँ शारदा पब्लिक स्कूल, देवी पब्लिक स्कूल, ग्रीन माउंटेन विद्यालय और बाल विद्या मंदिर जैसे संस्थान स्थित हैं। माँ शारदा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक के अनुसार, उन्होंने पीडब्ल्यूडी (PWD) विभाग को लिखित रूप से ब्रेकर बनाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन लंबे समय बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकार की स्पष्ट गाइडलाइन है कि शैक्षणिक संस्थानों के पास गति सीमा कम करने के उपाय (ब्रेकर) होने चाहिए, फिर भी यहाँ बच्चे तेज रफ़्तार वाहनों के बीच जान जोखिम में डालकर सड़क पार करने को मजबूर हैं। कुछ स्थानों पर बने ब्रेकर इतने ऊंचे हैं कि छोटे वाहनों के निचले हिस्से (Chassis) उनसे टकराकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। पेंट न होने के साथ-साथ स्ट्रीट लाइटों की खराब स्थिति रात के सफर को और भी डरावना बना देती है। लोगों का कहना है कि जहाँ जरूरत नहीं है वहां ब्रेकर बन रहे हैं, और जहाँ स्कूलों के पास जरूरत है, वहां विभाग ध्यान नहीं दे रहा। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और अभिभावकों ने नगर पंचायत प्रशासन एवं पीडब्ल्यूडी से मांग की है कि सभी नए ब्रेकरों पर तत्काल सफेद रिफ्लेक्टिव पेंट लगाया जाए। चिन्हित विद्यालय क्षेत्रों (जैसे शारदा मंदिर से हनुमान मंदिर मार्ग) में तत्काल मानक के अनुरूप ब्रेकर और साइन बोर्ड लगाए जाएं। मोड़ों और व्यस्त चौराहों पर चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। नगर पंचायत प्रशासन और संबंधित विभाग को यह समझना होगा कि विकास केवल निर्माण कार्यों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। जनता और मासूम बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। यदि इन अदृश्य ब्रेकर्स पर सुधार नहीं हुआ और स्कूलों के पास सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो किसी भी अनहोनी की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## हिंदू- मुस्लिम त्योहारों को लेकर हुई शांति सुरक्षा समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- नवरात्र, रामनवमी और ईद जैसे प्रमुख हिंदू-मुस्लिम पर्वों को लेकर मंगलवार को कोतवाली में आयोजित शांति समिति की बैठक में सीवर समस्या, साफ-सफाई और नगर की सड़कों पर घूमते आवारा जानवरों के मुद्दे हावी रहे। नागरिकों ने यह भी मांग की कि खुले में सड़क किनारे बिक रहे मुर्गा मछली पर प्रभावी रोक लगाई जाए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि नवरात्र पर्व को लेकर सभी प्रमुख देवी मंदिरों पर महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, साथ ही कोतवाली पुलिस लगातार भ्रमण पर रह कर कानून और व्यवस्था की स्थिति तथा चेन स्नेचरों पर कड़ी नजर रखेगी। एसडीएम ने विद्युत और जल संस्थान विभाग को कड़ी हिदायत दी कि सुबह चार से सात बजे तक आपूर्ति निर्बाध रहे, इस काम में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए



एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा कि पर्वों को मिलजुल कर मनाने की कोंच की स्थापित परंपरा को यहां के लोग निश्चित रूप से आगे बढ़ाने में लगे हैं।

त्योहार समाज को शांति और सद्भाव का संदेश देते हैं। अगर किसी को किसी भी प्रकार की दिक्कत है तो वह प्रशासन के साथ साझा कर सकता है ताकि समय रहते उसका यथोचित निदान कराया जा सके। उन्होंने नगरपालिका को निर्देश दिए कि नगर में नियमित साफ-सफाई कराएं, सड़कों में जहां जहां गड्ढे हैं उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए, ईदगाह और मस्जिदों पर भी साफ-सफाई और चूना आदि डलवाने की मुकम्मल व्यवस्था करें। सीवर को लेकर उन्होंने कहा कि जल संस्थान के जेई से बात करके व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह ने भी नागरिकों का आह्वान किया कि त्योहारों से जुड़ी या इसके इतर भी कोई समस्या हो तो जरूर बताएं। आशुतोष रावत और सुशील दूरवार ने बताया कि रामनवमी की शोभायात्रा 27 मार्च की शाम निकाली जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक, एसएसआई विमलेश कुमार, जेई बिजली अमन पांडे, जेई अमन खान, नगर पालिका आरआई सुनील कुमार, काजी बशीरउद्दीन, ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष शमशाद खान, मोहम्मद अहमद, राघवेंद्र तिवारी, रामकिशोर पुरोहित, आशुतोष रावत, गौरव तिवारी, मिरकू महाराज, निखिल सोनी, सौरभ पुरवार, रजनीश, शिशिर ठाकुर, राजेंद्र दुवे, सोनू अग्रवाल, रामू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## समाज जागरूकता के संकल्प के साथ सात दिवसीय शिविर का समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन- रात) दिनांक 17 मार्च 2026 को स्वयंसेवकों द्वारा समाज सेवा और जनजागरूकता के संकल्प के साथ समाप्त हुआ। समापन समारोह में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर पारंपरिक गीत एवं नृत्य के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और इस संबंध में स्वयंसेवकों के सुझावों को स्थानीय प्रशासन तक पहुंचाने का प्रस्ताव पेश किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 छोटे लाल प्रसाद द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के इस सात दिवसीय विशेष शिविर में सहयोग दे रहे प्रतिनिधियों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया गया। इस दौरान




शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेव हिमांशु कुमार गुप्ता, अंजना पूर्ति, प्रभा सोंधिया और प्रिया कुमारी अग्रहरि को वेस्ट वॉलिंटियर सम्मान दिया गया। इसके साथ ही अन्य स्वयंसेवकों को भी विभिन्न गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। समारोह में समाजसेवी अभिषेक द्विवेदी को भी सम्मानित किया गया। अभिषेक ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की उक्त दोनों इकाइयां पिछले तीन वर्षों से चिल्काडांड ग्राम में जन जागरूकता के लिए अपना बहुमूल्य समय दे रही हैं और अब इसका प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में स्वयंसेविका अंजना पूर्ति ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया वहीं कविता कुमारी ने पारंपरिक नृत्य के माध्यम से लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। इसी क्रम में पूजा यादव, रूबी खातून, आशुतोष उपाध्याय, पंकज गुप्ता ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया । डॉ0 विनोद कुमार पाण्डेय ने सभी सहभागियों का स्वागत किया एवं डॉ0 छोटे लाल प्रसाद ने धन्यवाद व्यापित किया। इस अवसर पर दोनों कार्यक्रम अधिकारियों ने चिल्काडांड के प्रधान हीरालाल जी के प्रति विशेष आभार प्रकट किया जिनके सहयोग के बिना 100 स्वयंसेवकों का यह विशेष शिविर सफल नहीं हो सकता था। शिविर का समापन राष्ट्रगान गायन के पश्चात हुआ।

## जनपद में संयुक्त आयुक्त विन्ध्याचल मंडल ने किया समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

### ●बीपैक्स मे सहकारी देय की वसूली और कंप्यूटराइजेशन पर फोकस करने के निर्देश - योगेन्द्रपाल सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक विन्ध्याचल मंडल योगेन्द्रपाल सिंह द्वारा जिला सहकारी बैंक मिर्जापुर/ सोनभद्र सभागार में मंगलवार को दोनो जनपदों के शाखा प्रबंधको व कंप्यूटर भिज्ञ कार्मिको की समीक्षा बैठक ली गई।बैठक मे सहायक आयुक्त सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह तथा सचिव / महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक राजकुमार यादव भी मौजूद रहे। संयुक्त आयुक्त ने बी पैक्स कंप्यूटराइजेशन की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे इस सप्ताह तक शत



प्रतिशत करने के निर्देश दिए। बकाये की वसूली हेतु बैंक द्वारा तगादे व वसूली हेतु वाहन लगा दिये गए है।संयुक्त आयुक्त ने कहा कि सभी संबंधित एडीसीओ,एडीओ और शाखा प्रबंधक को वसूली की जिम्मेदारी लेनी होगी।वसूली बैंक और विभाग की रीढ़ है।इसका कमजोर होना हमारी भविष्य की योजनाओ को पीछे धकेल सकता है इसलिए अधिकारी प्रतिदिन फील्ड मे निकलें और वसूली की समीक्षा करें।

संयुक्त आयुक्त ने प्रथम एवं द्वितीय चरण में चयनित समितियों की ऑन सिस्टम ऑडिट एवं डायनेमिक डे एण्ड प्रत्येक दशा में इसी सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने मे हम शिथिलता अथवा लापरवाही बरतने का जोखिम नही ले सकते। सचिव/ महाप्रबंधक राजकुमार यादव ने सभी शाखा प्रबंधको को निर्देशित किया कि जिला सहकारी बैंक शाखाओं एवं बी पैक्स के द्वारा क्यू आर कोड के माध्यम से ट्रांजैक्शन को प्रोत्साहित करें इससे भुगतान मे पारदर्शिता बढ़ेगी और ओवररेटिंग की समस्या से निजात मिलेगी। बीपैक्स की पार्किंग की धनराशि का परीक्षण करके अविलंब निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु संयुक्त आयुक्त द्वारा एडीसीओ,एडीओ और शाखा प्रबंधक की टीम गठित करने के निर्देश दिए गए जो समिति सचिव के सहयोग से अभिलेखो से मिलान कर अंतर की धनराशि का पता लगाकर अंतर का निस्तारण करें। उक्त समीक्षा बैठक में उप महाप्रबंधक मंजूषा, शाखा प्रबंधक प्रमोद राय, नागेंद्र शर्मा, अरविंद कुमार, श्याम सोनकर, हुकुम सिंह , सत्यप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद में मारपीट, जान से मारने की धमकी

**मकान के सामने गाली-गलौज के बाद हमला**

**पत्नी से भी की मारपीट, पुलिस जांच में जुटी**

**ललितपुर।** जिले के सौजना थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम उल्दना कला निवासी मुलायम (उम्र करीब 27 वर्ष) ने थाना सौजना में शिकायत दर्ज कराई कि 14 मार्च 2026 को करीब 11 बजे दिन में गांव के ही राजाराम ने उसके मकान के सामने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने मुलायम के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। शिकायत में यह भी बताया गया है कि बीच-बचाव करने आई पीड़ित की पत्नी पुष्पा के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। आरोपी ने जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाते हुए हाथ-पैर तोडने और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अरविंद कुमार को सौंपी गई है।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

### ●मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर गणना कार्य में लगे प्रगणक और सुरपरवाइजरों को देंगे प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनगणना 2027 प्रथम चरण मकानों की गणना व स्वगणना के लिए एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर के प्रथम बैच का प्रशिक्षण शुरु हुआ। बताया गया कि यह प्रशिक्षण 18 मार्च तक चलेगा, इसके लिए जिले में दो मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार एवं प्रत्यूष पंचौरी और जनगणना प्रभारी प्रत्यूष यादव को नियुक्त किया है, जिनके द्वारा आज कुल 18 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। यह फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रगणक और सुपरवाइजर को प्रशिक्षित करेंगे। बताया कि वर्ष 2011 के बाद वर्ष 2027 हेतु जनगणना कार्य प्रस्तावित है, जो फरवरी 2027 तक पूर्ण किया जाना है। जनगणना कार्य 2 चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में मई से जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा हाउस लिस्टिंग की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 तक लिस्टेड हाउसेस की जनगणना की जाएगी। बताया गया कि इस बार जनगणना ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर की जाएगी, जिसमें 34 बिंदुओं पर सूचनाएं भरी जानी है। इसके लिए 2878 प्रगणक, 488 सुपरवाईजर, 42 फील्ड ट्रेनर व 2 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये जायेंगे। मास्टर ट्रेनरों को लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जाएगा, ये मास्टर ट्रेनर जनपद स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करेंगे और फील्ड ट्रेनर्स सुरपरवाईजर व प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए जनपद में ग्राम रजिस्टर व नगर रजिस्टर एवं मलिन बस्तियों का डाटा तैयार कर लिया गया है और पाली व मड़ावरा तहसील के सम्भाजन ग्रामों को भी अद्यतन कर लिया गया है। इसके आधार पर जनगणना हेतु जनपद का मैप भी तैयार हो गया है। डाटा के अनुसार तहसील सदर में 198 ग्राम, महरौनी में 145 ग्राम, तालबेहट में 168 ग्राम, पाली में 106 तथा मड़ावरा में 133 ग्रामी शामिल है। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए प्रत्येक ग्राम और वार्ड को ब्लॉक के रुप में बांटा गया है, जिनकी संख्या 2618 है, जिसमें अधिक से अधिक 800 की आबादी को शामिल करके गणना कार्य किया जाएगा और मलिन बस्तियों की जनगणना अलग से की जाएगी। इस अवसर पर जनगणना प्रभारी, मास्टर ट्रेनर्स, प्रगणक, सुरपरवाईजर व अन्य सम्बंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

## हनुमान जयंती महोत्सव को लेकर प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिला प्रशासन को हनुमान जयंती पर्व के सफल आयोजन हेतु ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिला अधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अधिशाषी अधिकारी एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को संबोधित किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर ललितपुर में हनुमान जयंती का पर्व 2 अप्रैल (गुरुवार) को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत 1 अप्रैल (बुधवार) की रात्रि में श्रृंगार, सुंदरकांड पाठ आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 2 अप्रैल को सुबह हवन एवं सायंकाल 5 बजे से श्री तुवन मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो तुवन चौराहा, सदर काटा, पानी की टंकी, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, आजाद चौक, वीर सावरकर चौक होते हुए पुनः तुवन मंदिर पर समाप्त होगी। समिति ने अवगत कराया कि 3 अप्रैल से 8 अप्रैल तक अखंड रामायण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन एवं भजन संध्या जैसे विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हनुमान जयंती महोत्सव नगर का सबसे बड़ा आयोजन होने के कारण इन दिनों तुवन मंदिर में भारी जनसमुदाय एकत्रित होता है। इसलिए समिति ने 1 अप्रैल से 8 अप्रैल तक तुवन ग्राउंड पर अन्य किसी भी आयोजन या मेले की अनुमति न देने का अनुरोध किया है। साथ ही प्रशासन से तुवन मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई, शोभायात्रा मार्ग का समतलीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई है। पुलिस अधीक्षक से शोभायात्रा एवं मंदिर परिसर में पर्याप्त पुलिस बल एवं ट्रैफिक व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पं. बृजेश चतुर्वेदी, रमेश कुमार रावत, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, भरत रिछारिया, चंद्रशेखर राठौर, शिव कुमार शर्मा, जगदीश पाठक, अवधेश कौशिक, धर्मेंद्र चौबे, शुभम कौशिक, के.के.साहू, मुन्नालाल त्यागी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खेत में काम कर रही महिला व परिवार पर हमला

**चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मसौराखुर्द में महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मसौराखुर्द निवासी जगतरानी पत्नी हिम्मत रायकवार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च 2026 को वह अपने पति के साथ खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही सोनू, निलेश, बृजेश और जगदीश (पुत्रगण पप्पू राजपूत) ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला, उसके पति, पुत्र और पुत्रवधू के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीडिता के अनुसार, इस घटना के बाद उसके पति का मेडिकल भी कराया गया। इसके बावजूद 15 मार्च 2026 को जब वह खेत में बोनी करने जा रही थीं, तब रास्ते में आरोपियों ने दोबारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीडिता ने आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में किसी गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बीएनएस की धारा 352, 351(3) और 115(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच उपनिरीक्षक को सौंपी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### 1741परीक्षक, 363218 उत्तर पुस्तिकाओं का करेंगे मूल्यांकन

**सिद्धार्थनगर-** माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के निर्देश पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों की जांच के लिए जिले में तीन मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 1741 परीक्षक और प्रधान परीक्षक दोनों मिलाकर तैनात किए गए हैं। जिसमें कुल 363218 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे, इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रतनसेन इंटर कॉलेज बांसी में होगा। जबकि हाईस्कूल की कॉपियों की जांच शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ और तिलक इंटर कॉलेज बांसी में की जाएगी। प्रशासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग मूल्यांकन कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने की तैयारियों पूर्ण कर ली है। मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, उत्तर पुस्तिकाओं का सुरक्षित रख-रखाव, पेयजल और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर रहे हैं ताकि मूल्यांकन के दौरान कोई अव्यवस्था न हो। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि 18 मार्च से शुरू होने वाले मूल्यांकन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, बैठने की व्यवस्था समेत सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं।

### शिक्षक नेता के निधन पर शोक

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेशीय मंत्री एवं शिक्षक हितों के सच्चे प्रहरी, श्रीकृष्ण यादव के निधन पर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी सहित शिक्षक संघ के सभी लोगों ने शोक व्यक्त किया है। उनके निधन पर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा की कार्यक्रमों और धरना-प्रदर्शनों में उनका सशक्त योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। हम सभी उन्हें स्नेहपूर्वक 'किशुन जी' कहकर पुकारते थे—एक ऐसे साथी और बड़े भाई, जिनकी कमी सदैव हृदय को व्यथित करती रहेगी। संगठन के प्रत्येक मंच पर स्वर्गीय एस. के. यादव की अनुपस्थिति मन को बोझिल कर देगी। यह विश्वास करना अत्यंत कठिन है कि वे एक दुर्घटना में हमें छोड़कर चले गए। इस हृदयविदारक घटना को भारी मन से स्वीकार करते हुए, ईश्वर से प्रार्थना है कि इस पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### एसआईआर कार्य कर्मचारी समय से पूरा करें : आयुक्त



**सिद्धार्थनगर।** आयुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह ने मंगलवार को शोहरतगढ़ तहसील पर पहुंचकर (एसआईआर) विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से जुड़े कार्यों की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश के तहत एसआईआर के कार्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। 27 मार्च तक प्राप्त फॉर्म 6, 7 व 8 की जांच करते हुए नियमानुसार एप्प पर फीडिंग का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। बीएलओ किसी भी दशा में कार्य में लापरवाही न बरतें। किसी भी दिशा में कार्य अधूरा न रहे। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूर्ण किया जाना है। आयुक्त बस्ती मंडल ने एस आई आर के तहत मतदाताओं को प्राप्त नोटिस के सापेक्ष सुनवाई के आंकड़े को शतप्रतिशत पाए जाने पर संतोष जताया। उन्होंने एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि एस आई आर कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। समय से सभी कार्य नियमानुसार पूर्ण किए जाएं। किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस दौरान सीडीओ बलराम सिंह, एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, तहसीलदार प्रकाश सिंह, नायब तहसीलदार महबूब अंसारी, वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर कंप्यूटर ऑपरेटर सी पी सिंह, बीएलओ आशुतोष कुमार मिश्रा, शिवशरन, रवि कुमार, रीता, संगीता, प्रियंका सिंह, सुग्रीव यादव, विनोद कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# कानपुर में भूमाफिया पर बुलडोजर, चारागाह की 10 करोड़ की जमीन कब्जामुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर (कानपुर नगर)।** जिलाधिकारी के निर्देशन में भूमाफियाओं के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत मंगलवार को तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नवेली पावर प्लांट के सामने कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर स्थित चारागाह की बेशकीमती जमीन को बुलडोजर चलाकर कब्जामुक्त करा दिया। करीब 56 बिस्वा (0.5600 हेक्टेयर) पशुचर भूमि, जिसकी बाजार कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये आंकी गई है, को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। कार्रवाई उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। मौके पर तहसीलदार अंकिता पाठक, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र चौधरी, राजस्व निरीक्षक इंद्र कुमार तथा लेखपाल शीलेश भारती और रविंद्र तिवारी सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना सजेती की पुलिस फोर्स चौकी प्रभारी नैवेली अनुराग सिंह के



नेतृत्व में तैनात रही।

**होटल बनाकर चारागाह की जमीन पर किया गया कब्जा**

राजस्व अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या 349 ख (0.3826 हेक्टेयर) तथा गाटा संख्या 350 (1.6800 हेक्टेयर) पशुचर भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि कोयला नगर निवासी राजवीर सिंह पुत्र संतोष सिंह और उनके परिवार के लोगों ने चारागाह की भूमि के करीब 56 बिस्वा हिस्से पर अवैध कब्जा कर लिया था। कब्जेदारों ने यहां कालिंदी होटल के नाम से भवन बनाकर होटल लॉन, सड़क और अन्य जनसुविधाएं विकसित कर दी थीं। चारागाह की जमीन को खुदवाकर उसका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा था।

**चेतावनी के बावजूद जारी रहा अवैध उपयोग**

राजस्व विभाग ने पहले भी निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद कब्जेदारों ने मनमाने ढंग से निर्माण कर सार्वजनिक उपयोग की भूमि को निजी व्यावसायिक उपयोग में ले लिया। शनिवार को भ्रमण के दौरान उपजिलाधिकारी घाटमपुर ने होटल संचालक को अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी, लेकिन उसने स्वेच्छा से कब्जा हटाने में रुचि नहीं दिखाई। सोमवार को भी राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर होटल मालिक की उपस्थिति में कब्जा हटाने को कहा, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद मंगलवार सुबह राजस्व और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से अवैध निर्माण हटाकर भूमि को कब्जामुक्त करा दिया।

### फूलों की होली में झूमे लोग, विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने दी शुभकामनाएं



**घाटमपुर।** बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा की ओर से बिधनू ब्लाक के कठेरूआ स्थिति गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया,, समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने एक दूसरे को पर्व की बधाई दी, कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने क्षेत्रीय लोगों के साथ फूलों की होली खेलकर किया, इसके बाद मुंबई से आएं कलाकारों ने गीत संगीत के साथ राधा क्रष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर माहौल को उत्साह पूर्ण बना दिया, कार्यक्रम के दौरान लोगों ने जमकर आनंद लिया, इस मौके पर एमएलसी कुंवर मानवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल बरूण, भाजपा जिलाध्यक्ष ग्रामीण उपेंद्र पासवान, समेत कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे, समारोह में पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष मिंटू सिंह, ग्राम प्रधान जरकला संदीप सिंह, रमईपुर जिला पंचायत प्रत्याशी सूर्य प्रताप सिंह, क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बिधनू में किशोरी की हत्या कर नग्न शव दफनाया, रेप की आंशका





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में सनसनीखेज मामला सामने आया है,, एक दिन पहले से लापता किशोरी का शव खेत में नग्न अवस्था में दफन मिला, परिजनों ने दुष्कर्म की आंशका जताई है, पुलिस ने शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों ने बताया कि किशोरी सोमवार को बकरी चराने खेत की ओर गई थी,,शाम तक लौटी नहीं, तों उसकी तलाश शुरू की गई,,देर रात तक उसका पता नहीं चल सका, तों परिजनों ने थाने में जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई, इसके बाद पुलिस ने भी अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की,, किशोरी किशोरी की तलाश शुरू की, मंगलवार सुबह एक खेत में मिट्टी उठी दिखी, तों खुदाई शुरू कराई, इसमें किशोरी का नग्न अवस्था में शव मिला, पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों ने पड़ोसी पर दुष्कर्म के बाद हत्या करने की आंशका जताई है,, शंका के आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जां रहीं हैं, पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मामले के खुलासे के लिए पांच टीमों को लगाया गया है बिधनू पुलिस ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# कानपुर में हत्या कर खेत में गाड़ी बच्ची की लाश, पुलिस के खिलाफ जमकर बवाल, हिरासत में एक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** यहां 11 साल की एक बच्ची की हत्या कर दी गई । आज मंगलवार को उसकी लाश खेत में गाड़ी हुई पाई गई। इसके विरोध में गांव वालों ने पुलिस के खिलाफ जमकर बवाल भी किया। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है । यह घटना बिधनू थाना क्षेत्र में हुई। जब पुलिस मौके पर पहुंची तब शव पर कपड़े का एक टुकड़ा भी नहीं था। चोट के गहरे निशान थे। आशंका जताई जा रही है कि रेप के बाद बच्ची का मर्डर किया गया। परिवार वालों ने पड़ोसी पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उसका घर फूंकने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस



ने मोर्चा संभाला। भीड़ को तितर-बितर किया। गुस्साए लोगों को शांत कराया। आरोपी के घर को घेरकर जांच शुरू की। जानकारी के मुताबिक इस दौरान पड़ताल के दौरान पुलिस को आरोपी पड़ोसी के घर से मिट्टी से सने कपड़े टंगे मिले। फोरेंसिक टीम ने इसे कब्जे में ले लिया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार बिधनू थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक ने बताया कि उनकी 11 साल की बेटी थी। 5वीं में पढ़ती थी। बच्ची बड़ी बहन के साथ सोमवार दोपहर 3 बजे बकरियां चराने के लिए गई थी। इसी के बाद वहां लापता हो गई । इसके बाद उसके घर वालों ने आसपास के लोगों के साथ गांव में खोजबीन की, जब कुछ पता नहीं चला तो शाम 7 बजे बिधनू थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। इसी के बाद उसकी लाश खेत में गड़ी हुई बरामद की गई ,जिसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपित किए गए युवक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के खिलाफ क्षेत्रीय लोगों में जबरदस्त रोष भी व्याप्त है ,जिसे देखते हुए वहां बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

# 8410 शहरी गरीबों के खातों में पहुंची पीएम आवास योजना की पहली किस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन्दिरा गांधी लोकभवन लखनऊ से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे रूपये 900 करोड़ की अनुदान राशि का बटन दबाकर अंतरण किया। जनपद प्रतापगढ़ के नगरीय निकायों में चयनित 8410 लाभार्थियों के बैंक खातों में योजना की प्रथम किस्त सफलतापूर्वक हस्तांतरित की गई।मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में किया गया,जिसका अवलोकन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला महामंत्री राजेश सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल, परियोजना अधिकारी डूडा/एसडीएम सीमा भारती, सभासदगणों सहित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बेल्हा के 579, नगर पंचायत अन्तू के 218, नगर पंचायत डेरवा बाजार के 72, ढकवा के 22, गड़वारा के 435, हीरागंज बाजार के 1177, कटरा गुलाब सिंह के 1113, कटरा मेंदनीगंज के 190, कोहड़ौर के 31, कुण्डा के 286, लालगंज के 766, मानधाता के 42, मानिकपुर के 551, प्रतापगढ़ सिटी के 163, पृथ्वीगंज के 445, रामगंज के 654, रानीगंज के 827 व सुवंसा नगर पंचायत के 839 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त की धनराशि सीधे खाते में अन्तरित की गयी। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने 20 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया।

इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों को सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रथम किस्त की धनराशि का मुख्यमंत्री द्वारा अन्तरित की गयी है, सभी लाभार्थी अपने मकान को अच्छे से बनवाये। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह सपना रहा है कि देश का कोई भी गरीब परिवार बिना पक्की छत के न रहे और आज यह सपना तेजी से साकार हो रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद योजनाओं से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक गरीब व्यक्ति का सपना होता है पक्का घर और उस सपने को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने किया है। परियोजना अधिकारी डूडा सीमा भारती ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। परियोजना अधिकारी डूडा सीमा भारती ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश में प्रतापगढ़ जनपद दूसरे स्थान पर है, जहां 8410 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है।कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस व धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।

### विधायक ने अंत्येष्टि स्थल का किया शिलान्यास व भूमिपूजन




**सिद्धार्थनगर-** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बढ़नी ब्लाक अंतर्गत ढ़ेकहरी बुजुर्ग ग्राम पंचायत के अर्रा नाले पर मंगलवार को विधायक विनय वर्मा ने 24 लाख छत्तीस हजार रुपए की लागत से बनने वाले अन्त्येष्टि स्थल का शिलान्यास व भूमिपूजन किया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अनिशि मणि पाण्डेय,ग्राम प्रधान कमलेश चौधरी ने विधायक का माल्यार्पण व गौतम बुद्ध की दिव्य प्रतिमा देकर स्वागत किया। इस मौके पर बीडीसी राकेश जायसवाल ,एडीओ पंचायत राम वेलास , एडीओ कृषि राम सेवक सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस उपायुक्त सेंट्रल ने काकादेव थाने का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** दिनांक 17.03.2026 को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल, अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना काकादेव का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना स्तर पर व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं कानून-व्यवस्था संबंधी कार्यो की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कई बिंदुओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने अवलोकन किया कि थाना परिसर की साफ-सफाई, समग्र व्यवस्था, पेयजल, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा पुलिस बैरक की स्थिति एवं कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं। आगंतुक कक्ष में बैठने की व्यवस्था, जनसुनवाई की प्रक्रिया, आमजन से व्यवहार तथा महिला हेल्प डेस्क/मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली, शिकायतों के निस्तारण एवं संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण। मालखाना एवं जब्त सामान के रख-रखाव की स्थिति, थाना अभिलेखों,



रजिस्टरों, कम्प्यूटर कक्ष/ऑनलाइन कार्य की स्थिति तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं निगरानी व्यवस्था। शस्त्रागार में रखे शस्त्र व कारतूस, दंगा-रोधी उपकरणों एवं दस्ता की तैयारियां, साथ ही लंबित प्रार्थना-पत्रों, विवेचनाओं, गश्त व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण संबंधी कार्यवाहियों की समीक्षा। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा थाना कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाते हुए लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सपा 19 मार्च को बढ़ती हुई महंगाई और गैस की कालाबाजारी को लेकर मनाएगी काला दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर व पीडीए थिंक टैंक की बैठक आज सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में नवरात्र और ईद के त्योहारों पर बढ़ती महंगाई तथा गैस की कालाबाजारी को लेकर आरम्भ हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि नवरात्र और ईद के अवसर पर रोजमर्रा की चीजों के दामों में बेतहाशा मूल्य वृद्धि हो गयी है और गैस की कालाबाजारी से उपभोक्ताओं पर त्योहार मनाने का अतिरिक्त भार बढ़ गया है, जिससे उनका बजट बिगड़ गया है। लेकिन भाजपा सरकार उपभोक्ताओं की उपेक्षा कर अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने में लगी




हुई है। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने अपने सम्बोधन में कहा कि सपा पीडीए टीम 1625 बूथों तथा मलिन बस्तियों में 19 मार्च को काला फीता बाँधकर महंगाई तथा गैस पर नियंत्रण न कर पाने को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज करायेगी। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने यह भी कहा कि 23 मार्च 2026 को डॉ0 राममनोहर लोहिया की जयन्ती पर फ्रंटल संगठन तथा विधान सभा अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में 'दाम बाँधो' सम्मेलन करेंगे। साथ ही, शाम 3 बजे सपा हॉल, नवीन मार्केट में युवाओं के बीच लोहिया की नीतियों पर एक सम्मेलन आयोजित होगा। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, महेन्द्र सिह उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता नितेश पाण्डेय का नगर पंचायत कपिलवस्तु में हुआ सभासद के पद पर मनोनयन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले की नगर पंचायत कपिलवस्तु में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय को मनोनीत सभासद की मनोनयन से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने इसे नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र के विकास में तेजी लाने वाला कदम बताया है। इस निर्णय से निकाय के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में स्थानीय प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, वरिष्ठ नेत्री राजकुमारी पाण्डेय,वरिष्ठ नेता अरविन्द उपाध्याय, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी सहित फूलचन्द्र जायसवाल, संतोष उपाध्याय, श्यामप्रकाश जायसवाल, विनय वर्मा,सुरेंद्र यादव राजकुमार चौधरी, शिवम मिश्रा, विवेक गोस्वामी,बीरू कन्नौजिया, आशीष गिरी, रणजीत चौधरी, दीनदयाल चौधरी,रामपाल



यादव, फूलचंद्र यादव, विनय राव, उमेश यादव, गंगाराम प्रजापति, संतोष यादव,हरिशंकर तिवारी, तेज प्रताप जायसवाल, श्रवण दूबे, अरविंद तिवारी सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने मनोनीत सभासद को फूल माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी,वहीं मनोनीत सभासद नितेश पाण्डेय ने सबका आभार व्यक्त करते हुए संगठन नेतृत्व सहित सभी के उम्मीदों पर खरा उतरते हुए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति पहुंचाने की बात कही।

### बीआरसी पट्टी पर प्रधानाध्यापक प्रधान उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**प्रतापगढ़।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पट्टी में मंगलवार को प्रधानाध्यापक प्रधान उन्मुखीकरण कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी गुलाबचंद के मार्गदर्शन में तथा पूर्व एआरपी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह रहे। उन्होंने विद्यालयो के समग्र विकास के लिए शिक्षक, प्रधानाध्यापक,प्रधानों के समन्वय पर जोर दिया।खंड शिक्षा अधिकारी ने 19 पैरामीटर,एमडीएम,नामांकन बढाने,डीबीटी आदि पर चर्चा की।कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव,भाजपा मंडल अध्यक्ष राम आसरे शुक्ला,आलोक कुमार सिंह,जितेन्द्र प्रताप सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष पन्नालाल यादव,उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राजमणि यादव, महेंद्र दूबे,लाल जी वर्मा, एआरपी रविन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, राकेश कुमार पाल, प्रताप चन्द्र विकल, निर्भय सिंह, सुनील आनंद व मनीष गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# खेल छात्रावास अयोध्या को हराकर स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर बना राज्य आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का विजेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** स्टेडियम में बीते 13 मार्च से चल रही राज्य महिला आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का समापन हो गया। मंगलवार का फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर और बालिका छात्रावास अयोध्या के बीच खेला गया।दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।अयोध्या के दो गोल के मुकाबले तीन गोल दागकर स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर ने 3 गोल जीतकर विजेता होने का गौरव हासिल किया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य और जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।भारत विकास परिषद और सदर विधायक की तरफ से प्रतियोगिता के सभी खिलाड़ियों और निर्णायकों को आंवले से बने उत्पाद भी दिए गए।फाइनल मुकाबले की बेस्ट प्लेयर अयोध्या की खुशी उपाध्याय को चुना



गया।प्रतियोगिता के सभी मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरुस्कार अनवर हॉकी सोसायटी की तरफ से दिया गया और प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीमों को हॉकी ट्रॉफी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली की तरफ से दी गई।भारत विकास परिषद की तरफ से अध्यक्ष अश्वनी वैष्णव,सचिव शरद केसरवानी ,डॉक्टर उदयभान सिंह सदस्य ,गोविंद खंडेलवाल उपस्थित रहे।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह,जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह,जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह ,स्काउट शिक्षक सुशील सिंह,अपना दल एस के विधि प्रकोष्ठ के सचिव परमानन्द मिश्रा ,भाजपा जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ला,सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी केपी सिंह,वरिष्ठ पत्रकार चिंतामणि पाण्डेय व डीपी सिंह,अजय सिंह,सब इंस्टेक्टर बैडमिंटन खिलाड़ी सुशील सिंह ,पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी रवि पांडे ,सुल्तानपुर के क्रीड़ाधिकारी राजेश सोनकर,पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अशोक पांडे उर्फ अंतू भैया ,डॉक्टर शमीम,गंगा पांडे ,विभूति पांडे,श्याम बाबू यादव,विनोद यादव,कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज और उप खेल अधिकारी रंजीत यादव ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।

# जिलाधिकारी ने शिवम् गैस एजेन्सी के कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आमजन को गैस सिलेण्डर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत कम्पनी गार्डेन के सामने स्थित शिवम् गैस एजेन्सी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय पर लगी भीड़ को लेकर शिवम् गैस एजेन्सी के कर्मचारियों को डीएम ने फटकार लगायी और निर्देशित किया कि लोगो को पर्ची जल्द से जल्द दिया जाय जिससे वे गैस सिलेण्डर प्राप्त कर सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को पर्ची वितरण की प्रक्रिया को तेज किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से इंतजार न करना पड़े और समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर डीएम ने वहां पर उपस्थित लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना तथा एजेन्सी के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## संक्षिप्त खबरें

### बढ़ सकती हैं नोरा फतेही और संजय दत्त की मुश्किलें! 'सरके चुनर' गाने को लेकर दिल्ली पुलिस में शिकायत




**नोरा फतेही-संजय दत्त का गाना 'सरके चुनर' विवादों में।**

**अश्लील बोल और फिल्मांकन को लेकर दिल्ली पुलिस में शिकायत।**

**'केडी द डेविल' फिल्म का गाना सोशल मीडिया पर ट्रोल।**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर' रिलीज होते ही अपने अश्लील लीरिक्स को लेकर विवादों में आ गया है। यह गाना आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और अब इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस तक पहुंच गई है। मूवी केडी द डेविल का गाना अपने अश्लील बोल और सेंशुअलिटी के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल भी हो रहा है। दिल्ली पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि इस गाने के लिरिक्स बेहद आपत्तिजनक और अश्लील होने के साथ ही गाने का फिल्मांकन भी वल्गर है।

**कौन है शिकायतकर्ता?**

सरके चुनर गाने के लिरिक्स को लेकर वकील विनीत जिंदल ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि गाने की शिकायत फिल्म सर्टिफिकेशन बोर्ड के अलावा उन्होंने दिल्ली पुलिस में की है। बोर्ड से गाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। वहीं पुलिस को दी शिकायत में कहा गया है कि गाने के लिरिक्स और सीन दोनों ही बहुत ज्यादा अश्लील और हार्मफुल हैं।

### नोएडा में स्कूली वाहनों की सुरक्षा पर परिवहन विभाग सख्त, प्रबंधक पर होगी कार्रवाई




**नोएडा।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। बिना फिटनेस और परमिट के स्कूल वाहन सड़कों पर चलता मिला तो प्रबंधक पर एफआइआर दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए स्कूल बस संचालक एजेंसी या वेंडर को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकता।

**परिवहन विभाग की ओर से निर्देश जारी**

परिवहन विभाग की ओर से यह स्पष्ट निर्देश स्कूल संचालकों को जारी किए गए हैं। परिवहन विभाग ने दस दिनों का समय दिया है। जिसके अंतराल में उन बस मालिकों को परमिट कराना होगा जो बगैर परमिट दौड़ रही हैं। अक्सर स्कूली वाहन और बसें अधूरे कागजों के साथ ही चलती हैं। जिसका पता अप्रिय घटना होने के बाद चलता है। फिर तमाम सरकारी महकमे पर कार्य में शिथिलता बरतने को लेकर सवाल उठते हैं। इसको मद्देनजर रखते हुए परिवहन विभाग ने सख्ती की है। जिले के 2040 उन स्कूलों को नोटिस जारी किया है जिनमें बच्चों के लिए बस सेवा है। जो वाहन परमिट खत्म होने के बाद भी स्कूली सेवा में लगे हुए हैं। उनपर अब कार्रवाई होगी। कार्रवाई बस मालिक पर नहीं बल्कि स्कूल प्रबंधक के विरुद्ध की जाएगी। ताकि प्रबंधक जिम्मेदारी से स्कूली वाहनों का परमिट जारी करवाएं।

### गुरुग्राम में साइड मांगने पर भड़का विवाद बना जानलेवा, पत्थर से वार कर बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिले के डूंडाहेड़ा गांव में पेंटर का काम करने वाले एक युवक ने 65 साल के बुजुर्ग की पीट-पीटकर और सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी। उद्योग विहार थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही जांच करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। मृत बुजुर्ग की पहचान डूंडाहेड़ा गांव के रहने वाले जगदीश के रूप में की गई। बताया जाता है कि वह सोमवार रात घर के पास वाली गली से गुजर रहे थे। आरोपित मोनू गली में ही खड़ा था। जगदीश ने आरोपित युवक मोनू को साइड में होने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। झगड़े में जगदीश ने मोनू को थप्पड़ मार दिया। इस पर मोनू ने भी जगदीश को नीचे गिरा दिया और थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। सीने में भी लात घूसे मारे। साथ ही पास में पड़ा पत्थर उठाकर जगदीश के चेहरे और सिर में मार दिया। इससे बुजुर्ग बेहोश हो गया और खून बहने लगा। आसपास के लोगों ने मोनू को पकड़ लिया, बुजुर्ग को उसके कब्जे से छुड़वाया और पुलिस को सूचना दी। घायल बुजुर्ग को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी के आपत्तिजनक वीडियो मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला, विनोद तिवारी को मिली सशर्त जमानत

● **विनोद तिवारी को प्रधानमंत्री मोदी के आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी है।**

● **अदालत ने कहा कि आरोपी ट्रिपल टेस्ट पर खरा उतरता है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के आरोपी को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि आरोपित ट्रिपल टेस्ट यानि फरार होने, साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने और गवाहों को प्रभावित करने पर खरा उतरता है।

**विनोद तिवारी की जमानत याचिका पर सुनवाई**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ प्रताप सिंह लालेर ने आरोपित विनोद तिवारी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एफआइआर दर्ज की थी। आरोपित 14 मार्च से न्यायिक हिरासत में था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किए जा चुके हैं और फिलहाल आगे की कस्टोडियल पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। साथ ही, आरोपों में अधिकतम सजा तीन साल तक है और ट्रायल में समय लग सकता है।

**आरोपित को रिहा करने का आदेश**

अदालत ने आरोपित को सशर्त जमानत देते हुए आरोपित को रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि, अदालत ने सख्त शर्तें भी लगाईं, जिनमें देश छोड़कर न जाना, साक्ष्यों से छेड़छाड़ न करना, गवाहों को प्रभावित न करना, जांच में सहयोग करना और अपना मोबाइल नंबर हमेशा सक्रिय रखना शामिल है।

अभियोजन के अनुसार, मोहम्मद अब्दुल्ला की शिकायत पर दर्ज एफआइआर में आरोप है कि विनोद तिवारी नाम से चल रहे फेसबुक अकाउंट से एआइ-जनित और मार्फ्ड वीडियो साझा किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री को आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए दिखाया गया था। इससे सार्वजनिक व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका जताई गई।

जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपित ने वीडियो डाउनलोड कर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया। पुलिस के मुताबिक इस मामले में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है और डिजिटल साक्ष्यों की जांच जारी है। अन्य लोगों की संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है। मामले में आरोपित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 336 (मानहानि के इरादे से जालसाजी), 356 (आपराधिक मानहानि) और 353 (लोक शांति भंग करने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ रैली निकालने वाले 139 सफाईकर्मी हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेजे गए, आठ को जेल

**नोएडा।** प्राधिकरण के सिविल में जनस्वास्थ्य विभाग को मर्ज करने के विरोध में नेताओं के बरगलाने पर सौ प्रतिशत पर तैनात सफाईकर्मी कई दिन से हड़ताल पर थे। नेताओं के आह्वान पर सोमवार को सेक्टर-21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम से सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन रैली निकालने की योजना थी। पुलिस ने मुस्तैदी से स्टेडियम के गेट नंबर पांच से 139 प्रदर्शनकारी को उनके नेता समेत हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया। जहां से निजी मुचलका पर 131 कर्मियों को देर शाम छोड़ दिया गया, जबकि देर शाम यूनियन नेता सतबीर मकवाना, साधु मकवाना, बबलू पारचा, रवि पारचा, राधे पारचा, सुनील टोंक, राहुल, नितिन को जेल भेज दिया गया।बता दें कि यूनियन नेताओं ने प्राधिकरण अधिकारियों को सोमवार को शक्ति प्रदर्शन दिखाने के लिए दिल्ली से तमाम कर्मचारियों को बुलाया था, इसके लिए सेक्टर-12 की दुकानों की लोकेशन दिल्ली भेजी गई। यहां से छोट-छोटी टुकड़ी में कर्मचारी सेक्टर-21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम पर एकत्र हुए, यहां पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया।

## दो शिक्षिका के साथ छिनैती मामले में दर्ज हुआ केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज- प्रतापगढ़।** दो अलग अलग जगहों पर शिक्षिका के साथ छिनैती व छिनैती का प्रयास की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शीतलमऊ की शालिनी बाला सिंह पत्नी महेन्द्र प्रताप सिंह राजकीय बालिका इण्टर कालेज शीतलमऊ में शिक्षिका हैं। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह मार्च को सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह घर से कॉलेज जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गौतमपुर के समीप अचानक बाइक से दो बदमाश पहुंचे और शिक्षिका के स्कूटी के आगे आकर उसकी सोने की बाली व चेन छीनने लगे। हिम्मत दिखाते हुए शिक्षिका ने सोने की चेन को बगल गेहूं के खेत में फेंक दिया और शोर मचाया तो बदमाश भाग निकले। खोजबीन के बाद शिक्षिका की चेन खेत से बरामद हो गयी। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी घटना में सदर कोतवाली के अष्टभुजा नगर निवासी उपेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी बहू माया सिंह पत्नी शशांक सिंह लीलापुर थानान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजूर में शिक्षिका है। बीते सोलह मार्च को सुबह करीब ग्यारह बजे वह विद्यालय में परीक्षा कार्य सम्पन्न करा रही थी। आरोप है कि इसी बीच बाइक से आये दो बदमाश विद्यालय में घुस आये और शिक्षिका के गले की चेन छीनने लगे। छीना झपटी में बदमाश शिक्षिका की आधी चेन लेकर भाग निकले जबकि आधी शिक्षिका के हाथ में ही रह गयी। थाना प्रभारी वैकुण्ठनाथ पाण्डेय ने कहा कि जांच के बाद बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## प्रस्फुटन समितियों के लिए क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शहडोल/बुढ़ार।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ब्लॉक बुढ़ार अंतर्गत नवांकुर संस्था मां शैलपुत्री फाउंडेशन द्वारा जैतपुर सेक्टर के ग्राम पंचायत जैतपुर के सभागार में एक दिवसीय प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर कार्यरत प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों की कार्यक्षमता को बढ़ाना, ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा परिषद की योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने जन अभियान परिषद की कार्यप्रणाली, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने एमआईएस में डाटा फीडिंग के महत्व को भी समझाया।

इस अवसर पर परामर्शदाता चंद्रशेखर वर्मा एवं कैलाश पाण्डेय ने प्रतिभागियों को अपने-अपने क्षेत्रों में परिषद की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने तथा ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में सरपंच दुर्गा सिंह, गीता सिंह, अर्जुन सोनी सहित नवांकुर संस्था के पारसमणि सिंह, जगदीश रजक, प्रशांत त्रिपाठी, सुशील सिंह एवं बड़ी संख्या में प्रस्फुटन समिति के सदस्य और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार का किया निरीक्षण




**भदोही:** माननीय जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के कुशल मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही द्वारा जिला कारागार ज्ञानपुर भदोही का निरीक्षण किया गया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से उनकी समस्याओं और सुविधाओं के बारे में पूछा गया तथा बन्दियों को निःशुल्क सरकारी अधिवक्ताओं के विषय में जानकारी दी गयी। जेल में पूर्व से संचालित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महिला बन्दियों से भी मुलाकात की गयी तथा उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा विधिक सलाह दिया गया। जेल निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल भदोही उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़, मीरजापुर।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन जूनियर राजकीय हाईस्कूल, खानपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मृणालिनी सिंह, मुख्य अतिथि श्री ओम प्रकाश, प्रधानाध्यापक, राजकीय महाविद्यालय के प्रो दिनेश कुमार यादव, प्रो राकेश कुमार, डॉ सबीहा नाज, प्रो. महेंद्र नाथ, डॉ अशोक कुमार, डॉ नीलम यादव, डॉ अरुण प्रताप सिंह, डॉ पवन कुमार, डॉ राम नरेश यादव, डॉ मनीष कुमार मिश्र, डॉ चाऊ चंद तथा कर्मचारी, एनएसएस वॉलंटियर, ग्रामवासी, छोटे छोटे बच्चे उपस्थित रहे। टोली नं दो की खुशबू, रिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। सप्त दिवसीय शिविर में डॉ प्रेम यादव तथा वरिष्ठ एनएसएस वालंटियर अंकित पांडे, राधा, आकांक्षा प्रभाकर, शैलेशलता द्वारा सिखाए गए विविध कार्यक्रम को एनएसएस वॉलंटियर ने अपनी अपनी टोली के साथ प्रस्तुत किया। साक्षी दूबे, सरोजनी शर्मा, श्रेया सिंह, मुस्कान, रिया, पलक पटेल, अंजली, अंशिका द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, लक्ष्य गीत, कजरी, देशभक्ति गीत जैसे विविध प्रस्तुत कार्यक्रमों को देखकर सभी लोग एवं ग्रामवासी प्रसन्नचित, जागरूक एवं खुश हुए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम यादव ने विशेष शिविर में प्रतिदिन की कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि सात दिन से चल रहे शिविर के शिविरार्थी ग्राम खानपुर, पतलुकिया, मगरहा, सोनवर्षा में जन जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण, मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ दीपक कुमार वर्मा, श्रीमती आँचल सिंह, डॉ अरुण प्रताप सिंह, डॉ सुशील कुमार, डॉ मधु तिवारी, योग गुरु श्री अवधेश जी, श्री सतीश कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किए थे। योग गुरु श्री अवधेश जी ने शिविर कैम्प में आकर विभिन्न प्रकार के योग उनके नियम के बारे में बताते हुए शिविरार्थियों को प्रशिक्षित किया, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उनके द्वारा बुकलेट, योग कैलेंडर भी वितरित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने अपनी उद्बोधन में कहा कि स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद की जीवनी को आत्मसात करना और उनके सिद्धांतों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो मृणालिनी सिंह, प्राचार्य नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ने अपने संबोधन में समाज के प्रति एनएसएस वॉलंटियर के दायित्वों को बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन में सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने परिसर में वृक्षारोपण किया। जिसमे सभी एनएसएस वॉलंटियर ने 'जीवन को बचाना है, तो हर दिन वृक्ष लगाना है गांव गांव गली गली, वृक्षारोपण की लहर चली' जैसे नारे लगाते रहे, जिससे पूरा परिसर गुंज उठा। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत, राष्ट्र गान के बाद सात दिवसीय विशेष शिविर समाप्त होने की घोषणा कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम यादव द्वारा किया गया।

# कुमारगंज नगर पंचायत में तीन सभासद नामित

● **कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मिल्कीपुर अयोध्या।** आदर्श नगर पंचायत कुमारगंज में शासन द्वारा तीन नए सभासदों के नामित होने के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। नामित सभासदों में भारतीय जनता पार्टी के कुमारगंज मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष अरुण गोस्वामी तथा पूर्व महामंत्री अनीत सिंह शामिल हैं। मनोनयन की जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर पंचायत के खंडासा मोड़ पर अरुण गोस्वामी और अनीत सिंह का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया और लड्डू खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए इसे संगठन की मजबूती और सरकार की जनहितकारी नीतियों का परिणाम बताया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इन नए नामित सभासदों के जुड़ने से नगर पंचायत में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। उनका मानना है कि अब बोर्ड की बैठकों में विकास से जुड़े मुद्दों पर अधिक प्रभावी ढंग से चर्चा होगी, जिससे योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। वहीं, नव-नामित सभासदों ने अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य नगर पंचायत के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना रहेगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष वंशी धर शर्मा, सभासद राम अचल शुक्ला, रवि सिंह, लव कुमार मिश्रा, सूरज कौशल, शीतला प्रसाद वाजपेई, कुंवर बहादुर मिश्रा, कृष्ण केवल मिश्रा, सुरजीत जायसवाल, प्रदीप सिंह अनिल अग्रहरि, संतोष पाण्डेय मौजूद रहे।

## कुमारगंज पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर बदलवाई

● **एसएसपी के आदेश के बावजूद मारपीट मामले में नहीं दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिल्कीपुर अयोध्या।** अयोध्या जिले के कुमारगंज पुलिस पर एक मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज न करने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता का दावा है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के बावजूद पुलिस ने उसकी मूल तहरीर बदलवा दी है। कुमारगंज थाना क्षेत्र के लिलहा रसूलपुर गांव निवासी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि 21 फरवरी 2026 को उनके पड़ोसी उनकी जमीन पर जबरन निर्माण कार्य करा रहे थे। उन्होंने मिल्कीपुर तहसील समाधान दिवस में एसडीएम से इसकी शिकायत की थी, जिन्होंने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। धीरेंद्र कुमार के अनुसार, 14 मार्च की सुबह उनके पड़ोसियों ने, जो उनकी जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे, उनके घर में घुसकर मारपीट की। इस दौरान उनकी मां प्रेमपता के कान का बाला और भाभी के गले का मंगलसूत्र छीन लिया गया। शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए तो हमलावर अपने घर चले गए। पीड़ित धीरेंद्र कुमार ने बताया कि वे 16 मार्च को अपनी मां के साथ अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिले थे। एसएसपी ने कुमारगंज पुलिस को प्रेमपता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। धीरेंद्र कुमार का आरोप है कि जब वे शिकायती पत्र लेकर थाने पहुंचे, तो थानाध्यक्ष ने उनकी मूल तहरीर को बदलवा दिया। थाने के दीवान ने उन्हें बोल-बोलकर नई एप्लीकेशन लिखवाई और कहा कि पुरानी तहरीर को नई में शामिल कर लिया जाएगा। शिकायतकर्ता धीरेंद्र कुमार ने कुमारगंज पुलिस की इस कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि जिस तहरीर के आधार पर उन्होंने मुकदमा दर्ज करने को कहा था, उसे बदल दिया गया है।

### पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी द्वारा थाना गोपीगंज का किया गया आकस्मिक निरीक्षण एवं दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



**भदोही** दिनांक-17.03.2026 को अभिनव त्यागीपुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना गोपीगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव मिशन शक्ति केंद्र व साइबर हेल्प डेस्क आदि का अवलोकन करते हुए विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। महिला अपराध सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने व लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत आगन्तुकों/पीड़ितों के लिए पीने हेतु साफ जल की व्यवस्था/प्रबन्ध करने एवं परिसर की साफ-सफाई हेतु दिये गये विशेष निर्देश। सभी पुलिस अधि0/कर्मचारियों को अच्छा टर्न आउट रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# निषाद बस्ती पर कब्जे का प्रयास, सीएम को संबोधित सौंपा ज्ञापन

● **ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रोटेस्ट, मुख्यमंत्री से किया कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर-** निषाद समुदाय के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर मंगलवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर अपनी बस्ती पर कथित कब्जे के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने वाले दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यह मामला ग्राम पंचायत करौदिया देहात के बलुआ गांव स्थित गाटा संख्या 64 घ. से संबंधित है। ग्रामीणों के अनुसार, इस भूमि पर निषाद समुदाय के लोग सैकड़ों वर्षों से निवास कर रहे हैं। बताया गया है कि 16 मार्च को शाम लगभग 4 बजे, प्रदीप दुबे नामक व्यक्ति अपने साथ जेसीबी, मजदूर, और हथियारबंद बदमाशों को लेकर गांव पहुंचा। आरोप है कि उसने निषाद बस्ती खाली कराने के लिए अभद्र गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।


दबंग प्रदीप दुबे ने कथित तौर पर धमकी दी कि वह अकबरपुर, कानपुर और अयोध्या से गुंडे लाकर पूरे गांव को 'जंग में तब्दील' कर देगा और एक-एक व्यक्ति को दौड़ा-दौड़ाकर मरवा देगा, या फिर ग्रामीण जमीन छोड़कर कहीं और ठिकाना बना लें। ग्रामीणों ने तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को बुलाया, लेकिन आरोप है कि पुलिस द्वारा कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि किसी भी समय गंभीर अप्रिय घटना हो सकती है, जिससे पूरे गांव की जान-माल को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रदीप दुबे और अन्य आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, निषाद बस्ती को बेघर होने से रोकने और की मांग की है।

### ग्रेटर नोएडा में 250 करोड़ की अधिसूचित जमीन से हटाया गया अतिक्रमण, कार्रवाई से मचा हड़कंप

**जेवर।** यमुना प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को एयरपोर्ट को 60 मीटर चौड़ी सड़क की कनेक्टिविटी देने वाली सड़क की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। यमुना प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाकर 250 करोड़ रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस जमीन पर ज्यादातर बाहरी लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा था, जिसकी वजह से एयरपोर्ट तक बनने वाली 60 मीटर रोड का काम अधर में लटका हुआ था। यमुना प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी शैलेंद्र सिंह मंगलवार दोपहर प्राधिकरण एसडीएम मनोज सिंह, अभिषेक शाही, और अन्य अधिकारियों के साथ जेवर के दयानतपुर गांव पहुंचे। प्राधिकरण के अधिसूचित 7.02 हेक्टेयर जमीन पर बुलडोजर चलाकर अवैध रूप से बनाए गए निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। ओएसडी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि कब्जा मुक्त कराई गई जमीन का बाजार भाव लगभग 250 करोड़ रुपए से अधिक का है। जल्द ही इस जमीन पर एयरपोर्ट को जोड़ने वाली 60 मीटर रोड और ग्रीन बेल्ट का निर्माण शुरू हो जाएगा।

# दिल्ली में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, हल्की बारिश के साथ चलेगी तेज हवा; येलो अलर्ट जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** बुधवार से राजधानी में फिर से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ बादल छाए रहेंगे और कई इलाकों में हल्की वर्षा होने की संभावना है।

**तेज हवाएं चलने की संभावना**

बृहस्पतिवार और शुक्रवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। तीनों दिन सुबह और शाम के समय हल्की वर्षा और बिजली कड़कने की संभावना है। साथ ही 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मंगलवार को मौसम सामान्य के आसपास रहा। दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस अधिक 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

**बादल छाए रहने की संभावना**

मौसम विभाग ने बुधवार के लिए सामान्य रूप से बादल छाए रहने की संभावना व्यक्त की है। कई जगहों पर 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलेंगी। कई बार यह 40 किमी प्रति घंटे तक जा सकती हैं। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं दूसरी राजधानी की वायु गुणवत्ता फिलहाल बेहतर बनी हुई है। मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआइ 189 दर्ज हुआ, इसे ''मध्यम'' श्रेणी में रखा जाता है। हाल फिलहाल इसमें अधिक बदलाव की गुंजाइश नहीं लग रही।